संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 10 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



कुलदीप यादव ने मैच में बेहतरीन गेंदबाजी की और खतरनाक दिख रहे रचिंद्र और विलियम्सन को आउट किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 67 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# भारत बना चैंपियंस ट्रॉफी का बेताज बादशाह

## ● न्यूजीलैंड से 25 साल पुराना बदला लिया, 12 साल का सूखा भी खत्म, रोहित ने खेली 76 रन की शानदार पारी

**चैंपियन टीम**

- न्यूजीलैंड ने बनाए थे 251 रन
- रोहित ने खेली 76 रन की पारी
- फिफ्टी से चूके श्रेयस अय्यर

**टीम एक्शन इंडिया**

**दुबई:** भारतीय स्पिनर्स की कसी हुई गेंदबाजी के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी पारी की बदौलत टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने इतिहास भी रच दिया है। भारतीय टीम अब सबसे ज्यादा चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम बन गई। इससे पहले भारत-ऑस्ट्रेलिया के नाम 2-2 खिताब थे। इतना ही नहीं टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड से 25 साल पुरानी हार का बदला भी ले लिया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2000 के फाइनल में कीवियों ने भारत को मात दी थी। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। ऐसे में रोहित शर्मा ने 12 साल का सूखा खत्म कर दिया है। दुबई में खेले गए फाइनल मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने उतरी न्यूजीलैंड टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 48.5 ओवर में 6 विकेट खोकर 254 रन बना दिए।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी कीवी टीम को अच्छी शुरूआत मिली। सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र और विल यंग के बीच 57 रन की पार्टनरशिप हुई। वरुण चक्रवर्ती ने विल यंग को छइह आउट इस पार्टनरशिप को तोड़ा। यंग ने 23 गेंदों पर 15 रन बनाए। इसके बाद कुलदीप यादव ने लगातार 2 अहम विकेट लेकर भारत की वापसी करा दी। 11वें ओवर में कुलदीप ने रचिन रवींद्र को बोल्ड किया। रचिन ने 29 गेंदों पर 37 रन बनाए। 13वें ओवर में कुलदीप ने केन विलियमसन को कॉट एंड बोल्ड आउट किया। केन 14 गेंदों पर 11 रन बना पाए। इसके बाद तो कीवी टीम नियमित अंतराल में विकेट खोती चली गई। रवींद्र जडेजा ने टॉम लाथम को 14 के स्कोर पर छइह आउट किया। वरुण चक्रवर्ती ने ग्लेन फिलिप्स को 34 के स्कोर पर बोल्ड किया। डेरेल मिचेल ने सबसे ज्यादा 63 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 3 चौके भी लगाए। कप्तान मिचेल सेंटनर 8 के स्कोर पर रन आउट हुए। माइकल ब्रेसवेल 40 गेंदों पर 53 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए। साथ ही मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा के खाते में 1-1 विकेट आया। ओपनर रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने भारतीय टीम को तगड़ी शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 105 रनों की पार्टनरशिप हुई। 19वें ओवर में गिल कैच आउट हुए। उन्होंने 50 गेंदों का सामना किया और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाए। अगले ही ओवर में भारत को दूसरा झटका लगा। इन फॉर्म विराट कोहली का बल्ला नहीं चला। विराट ने 2 गेंदों का सामना किया और 1 रन बनाया। शतक की ओर बढ़ रहे कप्तान रोहित शर्मा गलत शॉट खेलकर स्टंपिंग हुए। हिटमैन ने 83 गेंदों का सामना किया और 76 रन बनाए। अपनी इस पारी म रोहित ने 7 चौकों की साथ ही 3 छक्के भी लगाए। रोहित का विकेट गिरने के बाद श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने 61 रन जोड़े। फिफ्टी के करीब पहुंच चुके अय्यर 39वें ओवर में कैच आउट हुए। उन्होने 62 गेंदों का सामना किया और 2 चौके-2 छक्के की बदौलत 48 रन की पारी खेली। 42वें ओवर में भारतीय टीम को 5वां झटका लगा। भारतीय टीम जीत की तरफ बढ़ ही रही थी तभी अक्षर पटेल बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में कैच आउट हो गए। अक्षर ने 40 गेंदों पर 29 रन की पारी खेली।









### 1988 के बाद भारत ने पहली बार किसी फाइनल में कीवियों को हराया

**भारत** और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला रविवार को दुबई में खेला गया। इस फाइनल को जीतकर टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ एक अनचाहे रिकॉर्ड के सिलसिले को तोड़ दिया। 1988 के बाद से इस फाइनल से पहले तक साल भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी तरह के फाइनल में नहीं हराया था, लेकिन अब 37 साल का इंतजार खत्म हो गया है। 37 साल बाद भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 00 विकेट से हरा दिया है। 1988 में भारत ने न्यूजीलैंड को शारजाह कप के फाइनल में हराया था। इसके बाद से भारतीय टीम कीवियों के खिलाफ लगातार तीन फाइनल हार चुकी थी। इनमें 2000 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल, 2005 वीडियोकॉन त्रिकोणीय सीरीज फाइनल और 2021 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल शामिल है। इतना ही नहीं टीम इंडिया साथ ही आईसीसी टूर्नामेंट में भी पहली बार कीवियों को हराने में कामयाब हो पाई है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने साल 2000 के चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में मिली हार का भी बदला ले लिया।

**12 साल पहले चैंपियंस ट्रॉफी जीता था भारत**

भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम की। इससे पहले टीम इंडिया ने 12 साल पहले यानी 2013 में धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी में जीत हासिल की थी। भारत के लिए इससे पहले न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है।

# भाषा का अस्तित्व और निरंतरता बनती है गौरवशाली: अमित शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबाद:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सस्तु साहित्य मुद्रणाल्य ट्रस्ट के पुनः प्रकाशित 24 पुस्तकों का विमोचन किया। 115 वर्षों से गुजरातियों को कम दरों पर अच्छा साहित्य प्रदान करने वाले सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट के अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम अखंड आनंदोत्सव में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट के अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि किसी भी भाषा का अस्तित्व और निरंतरता तभी गौरवशाली रहती है, जब उसे आगे बढ़ाने और पोषित करने के लिए विद्वत जन आगे आते हैं। उन्होंने कहा कि गोवर्धनराम त्रिपाठी, नर्मद, महात्मा गांधी, काकासाहब कालेलकर, नरसिंह मेहता और सुंदरम् जैसे अनेक गुजराती साहित्यकारों की साहित्य विरासत को संरक्षित और संवर्धित करना गुजराती भाषा के विद्वानों, प्रशंसकों और भाषाविदों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि गुजरात में पठन गतिविधियों को गति देने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वांचे गुजरात अभियान चलाया था। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने जिलों और तहसीलों में पुस्तकालयों के लिए बड़ी रकम का आवंटन किया है, जो प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि विद्वान लेखकों को साहित्व में सत्व यानी सद्गुणों को जोड़ने तथा पठन को और अधिक रोचक बनाने का काम करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि केवल पठन ही विचारों की ऊंचाई प्राप्त करने और विचारों को सद्मार्ग की दिशा में मोड़ने का काम कर सकता है, दूसरा कोई नहीं।

**विमोचन किया**

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सस्तु साहित्य की 24 पुनः प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया

# वन नेशन-वन इलेक्शन समय की मांग: अर्जुनराम मेघवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर:** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने रविवार को बीकानेर दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि "वन नेशन-वन इलेक्शन" समय की मांग है और इससे देश को व्यापक स्तर पर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से चुनावी खर्च में कटौती होगी, प्रशासनिक संसाधनों की बचत होगी और नीति-निर्माण में स्थिरता आएगी। राजस्थान सरकार द्वारा कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण के प्रस्ताव को मेघवाल ने सही दिशा में उठाया गया कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे कोचिंग क्षेत्र में सुधार होगा और छात्रों को बेहतर वातावरण मिलेगा। गुजरात में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मेघवाल ने कहा कि "राहुल गांधी को अब कोई गंभीरता से नहीं लेता।



**व्यापक स्तर**

- "वन नेशन-वन इलेक्शन" समय की मांग है और इससे देश को व्यापक स्तर पर लाभ मिलेगा

# सेना की टुकड़ी खंजर अभ्यास में हिस्सा लेने किर्गिस्तान रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्ली। भारतीय सेना की टुकड़ी संयुक्त विशेष बल अभ्यास खंजर में शामिल होने के लिए रविवार को किर्गिस्तान के लिए रवाना हुई है। अभ्यास खंजर का 12वां संस्करण 10 मार्च से 23 मार्च तक किर्गिस्तान में होगा। इस अभ्यास की शुरूआत 2011 में हुई थी। भारत और किर्गिस्तान के बीच हर साल होने वाला यह अभ्यास दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों के अनूठे आयाम को दशार्ता है। पिछला अभ्यास जनवरी 2024 में भारत में किया गया था।

# एयरोस्पेस चुनौतियों से निपटने के लिए रिसर्च बढ़ाने का आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बेंगलुरु में भारतीय वायु सेना के एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान (आईएएम) का दौरा किया। उन्होंने अंतरिक्ष मनोविज्ञान पर उन्नत अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करते हुए एयरोस्पेस चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान एवं विकास बढ़ाने का आह्वान किया। यह पहला मौका है, जब किसी रक्षा मंत्री ने इस संस्थान का दौरा किया है। इस दौरान उन्हें पायलट प्रशिक्षण, उनके चिकित्सा मूल्यांकन और एयरोमेडिकल अनुसंधान में आईएएम की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री ने लड़ाकू पायलटों के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डायनेमिक फ्लाइट सिम्युलेटर और हाई परफॉरमेंस ूमन सेंट्रीफ्यूज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में उन्नत अनुसंधान केंद्र का भी शुभारंभ किया। इस परियोजना का शीर्षक अंतरिक्ष मनोविज्ञान : भारतीय अंतरिक्ष मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष यात्रियों के चयन और व्यावहारिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण है। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने हवाई और अंतरिक्ष यातायात में निरंतर वृद्धि के मद्देनजर एयरोस्पेस मेडिसिन में विशेषज्ञता की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्षा के दृष्टिकोण से अंतरिक्ष युद्ध में भारत प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरा है। हमने इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है और एंटी-सैटेलाइट जैसी सबसे उन्नत तकनीकों में महारत हासिल की है। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला विमानन बाजार भी बन गया है। चूंकि, हम अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं।



**अंतरिक्ष युद्ध**

- अंतरिक्ष मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष यात्रियों के चयन और व्यावहारिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण है

# मणिपुर के कांगपोकपी में तनाव बरकरार, स्थिति नियंत्रण में



**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफाल। मणिपुर** के कांगपोकपी जिले में तनावपूर्ण माहौल है, हालांकि स्थिति नियंत्रण में है। कूकी-जो संगठनों ने सुरक्षा बलों की कार्रवाई के विरोध में रविवार को अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया है, जिससे समुदाय-बहुल क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2 (इंफाल-डिमापुर मार्ग) सहित जिले के संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा एजेंसियां लगातार गश्त कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि शनिवार को हिंसक प्रदर्शन में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, यह झड़प तब हुई जब प्रदर्शनकारियों ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के "मणिपुर में स्वतंत्र आवागमन" के निर्देश पर मुक्त आवाजाही शुरू हुई। तभी चल रही स्टेट बसों तथा सुरक्षाबलों पर पथराव कर पथराव किया गया, जिससे सुरक्षाकर्मियों समेत कई लोग घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर आग जलाकर रास्ते को अवरुद्ध कर दिया।

इस पर पुलिस को मजबूरन आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। बताया गया कि रात तक जारी इस झड़प में प्रदर्शनकारियों ने गुलेल और पत्थरों से हमला किया, जिससे सुरक्षा बलों के पांच वाहनों के शीशे टूट गए।

**आह्वान**

- कूकी संगठनों ने सुरक्षा बलों की कार्रवाई के विरोध में रविवार को, अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया

# हिमाचल विस का बजट सत्र तीन दिन बढ़ने की संभावना

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला। हिमाचल प्रदेश** विधानसभा के बजट सत्र से एक दिन पहले रविवार को शिमला स्थित विधानसभा सचिवालय में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच सत्र की अवधि बढ़ाने को लेकर सहमति बनी। बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया और भाजपा के मुख्य सचेतक सुखराम चौधरी मौजूद रहे। बैठक के दौरान यह प्रस्ताव सामने आया कि बजट सत्र की अवधि को तीन दिन के लिए बढ़ाया जाए। इस पर अंतिम फैसला सोमवार को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में लिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सौहार्दपूर्ण माहौल में बैठक संपन्न हुई है। पक्ष और विपक्ष दोनों की सहमति के बाद सत्र को तीन दिन बढ़ाने का प्रस्ताव सामने आया है। अब इस प्रस्ताव पर सभी सदस्यों से चर्चा करने के बाद इसे बिजनेस एडवाइजरी कमेटी के समक्ष रखा जाएगा और कल सोमवार को इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों से सदन की कार्यवाही को शांतिपूर्ण और मर्यादित ढंग से चलाने की अपील भी की।





**सर्वदलीय बैठक**

- इस बैठक में पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच सत्र की अवधि बढ़ाने को लेकर सहमति बनी

# जीएसटी में होना चाहिए व्यापक सुधार: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की जीएसटी दरों में कटौती घोषणा और इससे जुड़े अन्य विषयों पर रविवार को सरकार के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। कांग्रेस पार्टी ने व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि सरकार को मौलिक रूप से सरलीकृत और कम दंडात्मक जीएसटी-2.0 लाना चाहिए। पार्टी के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने आज एक बयान में कहा कि जीएसटी-2.0 का लक्ष्य कर स्लैब को सरल बनाने के लिए होना चाहिए। इसका दूसरा लक्ष्य अनुपालन तंत्र की कमजोरी को दूर करना भी होना चाहिए। तीसरा सरकार को कई आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती करनी चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि वस्तु की मूल्य श्रृंखला में कई स्तरों पर कर लगाए जाते हैं, जिसमें बदलाव किया चाहिए।

# अमेरिका के हिन्दू मंदिर में लिखे गए नफरत भरे नारे, भारत ने की निंदा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका के कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर को क्षति पहुंचाने और नफरत फैलाने वाले नारे लिखे जाने की निंदा करते हुए इसके पीछे जिम्मेदार तत्वों के के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में बर्बरता के बारे में रिपोर्ट देखी है। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की सबसे मजबूत शर्तों की निंदा करते हैं।

**समागम** उच्च न्यायालयों में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की अनुमति देता है

# सुप्रीम कोर्ट ने तदर्थ न्यायाधीशों को नियुक्ति का दिया आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देशभर के न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है। इससे निपटने के लिए हाईकोर्ट में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट ने एक महीने पहले मंजूरी दी थी। मगर सरकार को अब तक हाईकोर्ट से तदर्थ न्यायाधीश पद के उम्मीदवारों के नाम नहीं मिले हैं। देशभर की अदालतों में 18 लाख से ज्यादा आपराधिक मामले लंबित हैं। इससे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी को उच्च न्यायालयों को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि तदर्थ न्यायाधीशों की संख्या कोर्ट की कुल स्वीकृत संख्या के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। संविधान का अनुच्छेद 224ए भी लंबित मामलों से निपटने में मदद के लिए उच्च न्यायालयों में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की अनुमति देता है। सूत्र बताते हैं कि केंद्रीय कानून मंत्रालय को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए संबंधित उच्च न्यायालय के कॉलेजियम से अभी तक कोई सिफारिश नहीं मिली है। तय प्रक्रिया के मुताबिक संबंधित उच्च न्यायालय कॉलेजियम कानून मंत्रालय में न्याय विभाग को न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त किए जाने वाले उम्मीदवारों की सिफारिशें या नाम भेजते हैं। इसके बाद विभाग उम्मीदवारों पर इनपुट और विवरण जोड़ता है। फिर इसे सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम को भेजा जाता है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम अंतिम फैसला लेता है और सरकार को चयनित व्यक्तियों को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करता है। इसके बाद राष्ट्रपति नवनियुक्त न्यायाधीश के नियुक्ति पत्र पर हस्ताक्षर करते हैं।



**सिफारिश**

- मगर सरकार को अब तक हाईकोर्ट से तदर्थ न्यायाधीश पद के उम्मीदवारों के नाम नहीं मिले हैं

# रौनक पब्लिक स्कूल में नारी शक्ति अवार्ड से प्रतिष्ठित महिलाओं को किया सम्मानित

**सम्मान**

**सोनीपत व पानीपत से शिक्षिकाओं और कर्मठ महिलाओं को श्रेष्ठ कार्यों के लिए नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर महिला शक्ति अवार्ड का आयोजन किया गया। जिसमें गन्नौर के अलावा सोनीपत व पानीपत से शिक्षिकाओं और कर्मठ महिलाओं को श्रेष्ठ कार्यों के लिए नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया। अवार्ड कार्यक्रम में मत और मुख्यअतिथि शालू वाधवा, विशिष्ट अतिथि भावना जगिया ने शिरकत की। विशेष रूप से जैन स्कूल की प्रधानाचार्य भूषण भाटिया, महुआ के थिंक टैंक में रिसर्च मैनेजर सोनाक्षी सलूजा पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं को शाल और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संगीतमय बनाने के लिए करनाल से धर्मेश गुजराती ने गीतों से कार्यक्रम को सुरमई बना दिया। साथ ही में संगीत शिक्षक रोहित ने नारी सशक्तिकरण पर गीत गाकर सभी को आनंदित कर दिया। मुख्यअतिथि शालू वाधवा ने कहा कि महिला शक्ति हमेशा से ही अपना लोहा मनवाती रही है। चाहे परिवार समाज या कोई भी क्षेत्र हो, महिला पारिवारिक बंधनों से ऊपर उठकर अपने कर्तव्यों को निभाने का कार्य कर रही है। इस मौके पर डॉ मीना राठी ने भी अपने खुबसूरत वक्तव्य से नारी सशक्तिकरण के विषय में अपने शब्द रखें। प्रधानाचार्य भूषण भाटिया ने कहा कि महिला का हर रूप खुबसूरत है चाहे वह मां बहन या पत्नी के रूप में हो वह परिवार को संबल और शक्ति प्रदान करतीहैं। सोनाक्षी सलूजा ने कहा कि चाहे ग्रामीण या शहरी आंचल से कोई भी नारी हो उसे अपने आप को स्थापित करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। इस मौके पर आरपीएस गन्नौर की तरफ से राजीव मिश्रा ने सभी महिला शक्ति आभार व्यक्त किया और कहा कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन

## बैंक के सिक्योरिटी गार्ड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी

**गन्नौर।** ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे बैंक के सिक्योरिटी गार्ड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सिक्योरिटी गार्ड सड़क पर गिर कर घायल हो गया। परिजनों ने घायल को हॉस्पिटल में दाखिल कराया, जहां ईलाज के दौरान घायल रामनिवास की मौत हो गई। मृतक के बेटे ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में छदिया गांव निवासी अमित ने बताया कि उसके पिता रामनिवास गन्नौर एचडीएफसी बैंक में गार्ड की नोकरी करते है। उसके पिता हर रोज की तरह ड्यूटी खत्म कर 7 मार्च की शाम को मोटरसाइकिल पर घर आ रहे थे। जब वह भोरा रसूलपुर गांव के सरकारी स्कूल के पास पहुचे तो इस दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी जशपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौप दिया और परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वसुंधरा में 'श्रीति वाटिका' का किया लोकार्पण

**श्रीति वाटिका'**

**'श्रीति यादव' की स्मृति में नगर निगम के द्वारा विकसित पार्क श्रीति वाटिका' का लोकार्पण किया।**




**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को वसुंधरा के सेक्टर-5 में वरिष्ठ पत्रकार श्याम लाल यादव की दिवंगत पुत्री 'श्रीति यादव' की स्मृति में नगर निगम के द्वारा विकसित पार्क श्रीति वाटिका' का लोकार्पण किया। उन्होंने 'श्रीति वाटिका' पार्क का नामकरण किया और रिबन काट करके आधुनिक संसाधनों से युक्त शानदार ओपन जिम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पार्क परिजनों के लिए 'श्रीति' बिटिया की स्मृतियों को सहेजने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि 'श्रीति वाटिका' पार्क का लोकार्पण क्षेत्रवासियों के लिए एक नई सौगात है, जो लोगों को स्वास्थ्य, हरियाली और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनेगा। इसके बाद उप मुख्यमंत्री वसुंधरा सेक्टर - 5 में वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल यादव के घर पहुंच कर उनकी दिवंगत बेटी 'श्रीति यादव' के चित्र पर माल्यार्पण करके भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारजनों के साथ भावनात्मक क्षण को साझा किया। इस अवसर पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक, गाजियाबाद शहर के विधायक संजीव शर्मा, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, वार्ड 54 वसुंधरा के पार्षद सतेंद्र चौधरी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने की और संचालन पूर्व विधायक रूप चौधरी ने किया। इस अवसर पर श्रीति यादव के पिता वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल यादव ने सभी उपस्थित गणमान्य नागरिक, अधिकारियों व लोगों का आभार व्यक्त किया।

## धूमधाम से मनाया मॉर्डन पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** शास्त्री नगर स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल का युगमंथन वार्षिक उत्सव रेलवे रोड स्थित चिराग गार्डन में गार्डन में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि विधायक देवेंद्र कादियान व विशिष्ट अतिथि जैन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मनोज व लायन क्लब गन्नौर गौरव के एमजीएफ एवं प्रसिद्ध समाजसेवी हरीश वधवा ने शिरकत की । युगमंथन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने नृत्य, गायन और नाटक की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक देवेंद्र कादियान व विशिष्ट अतिथि जैन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मनोज व लायन क्लब गन्नौर गौरव के एमजीएफ समाजसेवी हरीश वधवा अमित त्यागी,स्कूल चैयरमैन अशोक वर्मा व प्रिंसिपल महक धनखड़ द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। स्कूल प्रिंसिपल महक धनखड़ ने विद्यालय की उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए छात्रों की मेहनत की सराहना की। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने छात्रों को भविष्य में और बेहतर करने की प्रेरणा दी। उन्होंने स्कूल प्रबंधकों को भी बधाई देते हुए कहा कि आज के बेहतर कार्यक्रम बच्चों के तालमेल व स्कूल स्टाफ का अनुशासन देखकर उन्हें पूरा विश्वास व भरोसा है कि स्कूल में अच्छी शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को बेहतर संस्कार भी दिए जा रहे है, जिसकी आज हमारे देश के बच्चों को बहुत जरूरत है। कॉलेज पर आचार्य डॉक्टर मनोज ने कहा कि स्कूल ने बहुत ही कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है । समाजसेवी हरीश वधवा ने कहा कि स्कूल के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ही दर्शाते हैं कि स्कूल में छात्रों की प्रतिभा को निकालने का बहुत प्रयास किया जाता है ।

# वित्तीय साक्षरता पर पी एस. पब्लिक स्कूल में सीबीएसई शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** सीबीएससी द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर पी एस. पब्लिक स्कूल (भूरी) में संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक नवीन कुमार ने वित्तीय साक्षरता की मूल बातें और डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया, जो वर्तमान परिदृश्य में प्रासंगिक हैं। सत्र का उद्देश्य बुनियादी वित्तीय नियोजन के बारे में जागरूकता पैदा करना था। उन्होंने कहा कि सीबीएसई ने वित्तीय साक्षरता की मूल बातें व वर्तमान परिदृश्य में प्रासंगिक डिजिटल



उपकरणों के उपयोग पर शिक्षकों को संवेदनशील बनाने के लिए एक पहल की है। बुनियादी वित्तीय नियोजन, फिशिंग और साइबर धोखाधड़ी आदि के शिकार होने से बचने के बारे में प्रतिभागियों को जागरूक और शिक्षकों को अपने भविष्य

**साक्षरता**

**प्रशिक्षक नवीन कुमार ने वित्तीय साक्षरता की मूल बातें और डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया,**

की बेहतर तरीके से योजना बनाने के लिए अपडेट किया। नवीन शर्मा ने कहा कि वित्तीय साक्षरता की मूल बातें और डिजिटल उपकरणों का उपयोग के लिए सीबीएसई की ओर रजिस्ट्रेशन लिंक भी जारी किया गया है। प्रत्येक प्रशिक्षण को हब गतिविधि के भाग के रूप में सूचीबद्ध किया है। शिक्षकों को इस कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए। कार्यशाला में शिक्षकों को वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं जैसे कि बजट बनाने, बचत करने, निवेश करने और वित्तीय सुरक्षा के बारे , नवीनतम शिक्षण तकनीकों और पद्धतियों से अवगत कराने , अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का अवसर है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को व्यावसायिक विकास में मदद करना और उन्हें छात्रों के साथ बेहतर संवाद करने में सक्षम बनाना है।

## सड़क पर बीचों बीच गढ्ढा दे रहा है हादसे को न्योता

**परेशानी**

**इसके चलते यहां से आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** जीटी रोड के पास शहर को जोड़ने वाली सड़क पर बीचों बीच गढ़ा बना हुआ है। जो कि हादसों को न्यौता दे रहा है। सड़क के बीचो बीच बना गड्ढा हादसों का कारण बन रहा है। सड़क पर गढ़ा होने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके चलते यहां से आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। इस गड्ढे को बंद करने को लेकर अधिकारी भी लापरवाह बने हुए हैं। आलम यह है कि इस रास्ते से हर रोज एसडीएम से लेकर हर विभाग के अधिकारी अपनी गाड़ी लेकर निकलते है, लेकिन समस्या की तरफ किसी का कोई ध्यान नही है। हादसों से बचने के लिए लोगो ने गड्ढे पर पुलिस का बोर्ड लगा दिया, ताकि किसी तरह का कोई हादसा न हो। लंबे समय से बने गड्ढे के कारण सड़क पर जाम की समस्या भी बन जाती है। इस कारण वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ती है। रात में यहां पर कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए की निशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स करवाने की व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रलवे रोड स्थित स्वाति मेकअप स्टूडियो की संचालिका स्वाति चौहान को रौनक स्कूल में आयोजित महिला शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने के बाद स्वाति चौहान ने कहा कि वह महिलाओं के उत्थान के लिए प्रयासरत है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके स्टूडियो की तरफ से निशुल्क ब्यूटी कोर्स करवाया जाएगा ताकि महिला आत्म निर्भर होकर अपना गुजारा कर सके। स्वाति चौहान ने कहा कि नारी समाज की आदर्श शिल्पकार हैह,



भारतीय दर्शन का यह उल्लेख नारी शक्ति और निर्माण का आह्वान है। भारत में नारी सदैव अग्रणी रही है। मातृशक्ति को आदि शक्ति माना जाता है। हमारी परंपरा, संस्कृति और चिंतन में नारी का सम्मान रहा है। यह हमारे लिये गौरव की बात है कि पूरे संसार ने महिला सशक्तिकरण को स्वीकार किया और 8 मार्च

**उत्थान**

**सम्मानित होने के बाद स्वाति चौहान ने कहा कि वह महिलाओं के उत्थान के लिए प्रयासरत है**

को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण का संकल्प कार्य किया जा रहा है।
महिला सशक्तिकरण के लिये अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा गया।

# 25 साल में हुई मौत; शादी के छह साल बाद भी नहीं थी कोई औलाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** गाजियाबाद के मसूरी क्षेत्रांतर्गत गांव सिकरोड़ा में महिला ने गृह क्लेश के चलते दुपट्टे का फंदा बनाकर कमरे में लगे पंखे से लटककर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी लिपी नगायच ने बताया कि पुलिस को रविवार सुबह 11 बजे सूचना मिली कि सिकरोड़ा गांव में महिला ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस मौके पर पहुंची तो महिला का शव कमरे में चारपाई पर था। पुलिस के अनुसार महिला की सिनाख्त गुलफशां उर्फ सल्लो 25 पत्नी इकरामुद्दीन निवासी सिकरोड़ा मसूरी के रूप में हुई। कमरे से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। गुलफशां का मायका नोएडा दादरी के गांव खोदना का है। गुलफशां की शादी 6 वर्ष पूर्व अपने फूफा के लड़के सिकरोड़ा निवासी इकरामुद्दीन से हुई थी। इनके अभी तक कोई औलाद नहीं हुई है, इकरामुद्दीन ट्रक ड्राइवर है और घटना के समय घर पर मौजूद नही था। घटना के समय गुलफशां की सास नफीसा व जेठ फरमान तथा दो जेठानी मौजूद थीं। गुलफशां की सास नफीसा ने बताया कि गुलफशां अपने कमरे में थी बहुत देर तक कमरे में कोई हलचल नहीं हुई तो कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो गुलफशां पंखे से लटकी हुई थी। शोर मचाने पर पड़ोसी आ गए।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। **फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें। **फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# एलजी-सीएम ने महिला बाइक रैली को झंडी दिखाई

## आत्मनिर्भरता और प्रगति की दिशा में मजबूत कदम ऐसे आयोजन : रेखा गुप्ता

**ऊर्जा**

**ऐसे उत्साहपूर्ण आयोजन न सिर्फ उमंग और सकारात्मकता को बढ़ाते हैं : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कनॉट प्लेस में महिला बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपराज्यपाल के साथ महिला बाइक रैली में शामिल होकर राजधानी की जिंदादिली, ऊर्जा और आत्मविश्वास को करीब से महसूस किया। ऐसे उत्साहपूर्ण आयोजन न सिर्फ उमंग और सकारात्मकता को बढ़ाते हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता और प्रगति की दिशा में भी मजबूत कदम साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि 'शक्ति से समृद्धि' यह बाइक रैली का आयोजन हुआ है। यह दिल्ली की सभी महिलाओं के लिए गर्व की बात है। एक हादसे ने जो डर दिल्ली की बेटियों के मन में बैठाया था, उस डर के आगे जीत का अहसास दिलाने के लिए आज इस बाइक रैली का आयोजन हो रहा है। मेरी कामना है कि सभी महिलाएं इसमें शामिल हों और अपने हौसले को नई उड़ान दें।

इसके अलावा मुख्यमंत्री रविवार को धार्मिक रामलीला कमेटी की ओर से लोधी गार्डन में आयोजित होली मंगल मिलन समारोह में शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। होली का उत्सव एकता और भाईचारे का संदेश देता है। आइए, इन रंगों के साथ मिलकर खुशियां बांटें और प्रेम का यह सिलसिला यूं ही बना रहे।

## विधायकों के लिए विधानसभा क्षेत्रों में कार्यालय आवंटन की प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को नवनिर्वाचित विधायकों के लिए उनके विधानसभा क्षेत्रों में कार्यालय आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं। यह निर्णय विधायकों को अपने क्षेत्र की जनता के साथ संपर्क स्थापित करने और प्रभावी जनसेवा सुनिश्चित करने में सहायक होगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान प्रोटोकॉल के अनुसार पूर्व विधायकों को आवंटित कार्यालय वापस ले लिए गए थे। अब नए विधायकों के शपथ ग्रहण के बाद उनके विधायी और क्षेत्रीय कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए नए कार्यालयों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विधानसभा सचिवालय ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे विधायकों की आवश्यकताओं और अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए कार्यालय आवंटन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नवनिर्वाचित विधायक बिना किसी बाधा के अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुन सकें और उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठा सकें।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रभावी तरीके से जनता की सेवा करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र कार्यालय विधायकों और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

# एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने किया खान मार्केट का निरीक्षण

**समीक्षा**

**प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा करना था, जिससे आधारभूत संरचना को उन्नत किया जा सके**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को खान मार्केट का पुनः निरीक्षण किया। यह दौरा एनडीएमसी के विभिन्न विभागों के प्रमुखों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों और मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशनों के साथ किया गया। इसका उद्देश्य वर्तमान और प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा करना था, जिससे बाजार की आधारभूत संरचना, सौंदर्य और समग्र अनुभव को उन्नत किया जा सके। निरीक्षण के दौरान चहल ने कहा कि खान मार्केट एक प्रमुख शॉपिंग डेस्टिनेशन ही नहीं, बल्कि राजधानी के केंद्र में एक उच्च श्रेणी की जीवनशैली का प्रतीक भी है। उन्होंने समानता, स्थिरता और विश्वस्तरीय नागरिक सुविधाओं के महत्व पर जोर देते हुए एनडीएमसी की योजना-बद्ध, आकर्षक और पैदल यात्रियों के अनुकूल शहरी क्षेत्र विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

चहल ने बताया कि खान मार्केट में फैली स्वच्छता संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सभी जर्जर, टूटे और पुराने कचरा डिब्बों को बदल दिया गया है। इनकी जगह नए, आधुनिक और टिकाऊ डस्टबिन लगाए गए हैं, जिससे बाजार की स्वच्छता बनी रहे और कचरा प्रबंधन अधिक प्रभावी हो। चहल ने बताया कि बाजार में सभी दुकानों के डिस्प्ले बोर्ड एक समान आकार और डिजाइन के होंगे, जिससे बाजार की दृश्य अपील बढ़ेगी।

दो सार्वजनिक शौचालयों का नवीनीकरण आधुनिक फिटिंग्स, फिक्स्चर्स और टाइल्स के साथ पूरा किया गया है। तीसरे शौचालय का नवीनीकरण कार्य जारी है, जो जल्द ही पूरा होगा।

इसके अतिरिक्त एक पुरुषों के मूत्रालय और एक महिलाओं के शौचालय का उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाओं के साथ नवीनीकरण किया गया है।

# चोरी के मामले में मुख्य आरोपित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के मुखर्जी नगर थाना पुलिस ने चोरी के मामले में मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान रविशंकर मिश्रा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 4,65,000 बरामद किए है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपित के बैंक खाते को सीज करवाया है।उत्तर पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने रविवार को बताया कि 12 जनवरी को मुखर्जी नगर थाना पुलिस को एक ऑफिस में चोरी की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि ऑफिस से 15 लाख रुपये चोरी हुए है। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपासलगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर छह आरोपित नितिन उर्फ पवन, जोगिंदर उर्फ विजय, अनुज उर्फ शिवा, अभिनंदन उर्फ अजय, मदन उर्फ नेपाली और महेश को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि उक्त मामले का मुख्य आरोपित रविशंकर मिश्रा है। पुलिस से बचने के लिए आरोपित लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। डीसीपी के अनुसार पुलिस आरोपित की लगातार तलाश कर रही थी। आरोपित को पकड़ने के लिए पुलिस ने दिल्ली और सुल्तानपुर (उप्र) में कई संभावित ठिकानों पर छापे मारे।

## राष्ट्रपति आज से हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब के तीन दिवसीय दौरे पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 10 से 12 मार्च तक हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब के दौरे पर रहेंगीं। वे ब्रह्मकुमारीज स्वर्ण जयंती समारोह और पंजाब विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार 10 मार्च को राष्ट्रपति गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। समग्र कल्याण के लिए आध्यात्मिक शिक्षा नामक राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ करेंगी।

# क्राइम ब्रांच ने रेड कर सरगना समेत 11 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने गोविंदपुरी में चल रहे एक सट्टे के अड्डे का भंडाफोड़ करते हुए सरगना समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार सरगना की पहचान अशोक कुमार उर्फ काले (55) के रूप में की है। वह अपने बेटे संजू और भतीजे रोहित गुलाटी की मदद से गोविंदपुरी में दो अलग-अलग जगह सट्टे का अड्डा चला रहा था। यहां खेलों के लिए दांव लगवाएं जाते थे।

क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि इंस्पेक्टर सतेंद्र मोहन की टीम ने मौके से करीब 83 हजार रुपये नकद और अन्य सामग्री जब्त की है। इसके अलावा सट्टेबाजी में लगी पर्चियां और फ्लेक्स बोर्ड मौके से बरामद किया है। गिरोह का सरगना अशोक कुमार उर्फ काले गोविंदपुरी का रहने वाला है। इसका भतीजा रोहित गुलाटी भी गोविंदपुरी में रहता है। पुलिस ने गिरफ्तार अन्य आरोपियों की पहचान विष्णु (31), राशिद (34), महताब आलम (28), मुश्ताक अंसारी (32) रूही दास (48), गुफरान (30), महफूज (31) और धर्मेंद्र (40) के रूप में की है। डीसीपी ने बताया कि इंस्पेक्टर सतेंद्र मोहन की टीम को ट्रांजिट कैंप गोविंदपुरी में सट्टा रैकेट चलाने की सूचना मिली थी। यहां अशोक गुलाटी अपने बेटे और भतीजे व अन्य साथियों के साथ मिलकर सट्टा सिंडिकेट चला रहा था। पकड़े जाने के बाद पूछताछ में अशोक उर्फ काले ने बताया कि वह इस सट्टे की पहली सीढ़ी है। वह नोटपैड पर सट्टा नंबर नोट करता था।

**काबू**

**पुलिस ने गिरफ्तार सरगना की पहचान अशोक कुमार उर्फ काले (55) के रूप में की है**

# जनजातीय समाज भारतीय संस्कृति और परंपरा का वाहकः दुगार्दास उइके

**छात्र संसद**

**एबीवीपी जनजातीय समाज के उत्थान और उन्हें जागरूक करने के कार्य में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है : मंत्रीदुगार्दास उइके**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय छात्र संसद का शुभारंभ रविवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में हुआ। रविवार को जनजातीय छात्र संसद पूरे दिन चली, जिसमें देशभर के जनजातीय क्षेत्रों से आए 300 से अधिक जनजातीय छात्र सहभागी बने। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनजातीय कार्य राज्य मंत्रीदुगार्दास उइके उपस्थित रहे। इसके साथ विशेष उपस्थिति के रूप में एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी, एबीवीपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी के अलावा एबीवीपी दिल्ली प्रदेश के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा उपस्थित रहे। जनजातीय छात्र संसद में जनजातीय समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, भाषा, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं सशक्तिकरण पर मंथन किया गया। इस संसद सत्र में देशभर की 124 से अधिक जनजातियों का प्रतिनिधित्व रहा, जिसमें विशेष रूप से बैगा, सहरिया, मारिया, मोडिया जैसी अति पिछड़ी जनजातियों के छात्र भी अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं को लेकर मंच पर उपस्थित हुए। जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु के विभिन्न जनजातीय क्षेत्र जैसे रजौरी, छोटा नागपुर, बासवाड़ा, बस्तर, गढ़चिरौली, नंदुरबार समेत विभिन्न वनवासी क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों ने शिक्षा और सरकारी योजनाओं की उपलब्धता एवं उनके क्रियान्वयन को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जनजातीय छात्र समुदाय की शिक्षा एवं रोजगार की स्थिति, स्वाभिमान और देश की विकास यात्रा में जनजाति समाज की भूमिका, तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में छात्रों ने यह भी चर्चा की कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही छात्रवृत्ति, आवासीय विद्यालय, कौशल विकास कार्यक्रम जैसी योजनाएं जमीनी स्तर पर कितनी प्रभावी हैं और इन्हें और कैसे बेहतर बनाया जा सकता है। इस दौरान केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुगार्दास उइके ने अपने संबोधन में एबीवीपी के जनजातीय कार्य द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि एबीवीपी जनजातीय समाज के उत्थान और उन्हें जागरूक करने के कार्य में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है।

# नागपुर से दिल्ली पहुंचा 78 लाख रुपये का गांजा, दो गिरफ्तार

## एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से उम्दा क्वालिटी का 156 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 78 लाख रुपये से अधिक की आंकी गई है। गांजे की यह खेप नागपुर से दिल्ली पहुंची थी। फिलहाल पुलिस इस नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक एक सूचना के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने राजा गार्डन पुल के पास जाल बिछाकर राजस्थान के रहने वाले विजय सिंह (43) ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस को इसकी एसयूवी कार की तलाशी में 75 प्लास्टिक की बोरियों से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान विजय ने बताया कि वह मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले विनीत नामक व्यक्ति के लिए काम करता है और नागपुर से मादक पदार्थ खरीदता है। यह खेप नागपुर से ही आई थी। उसने आगे बताया कि उसका काम दिल्ली के सोनिया विहार निवासी अमित तक मादक पदार्थ की खेप पहुंचाना था। उससे पूछताछ के आधार पर पुलिस ने अमित को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि अमित, विनीत का करीबी रिश्तेदार था।

**पर्दाफाश**

**गांजे की यह खेप नागपुर से दिल्ली पहुंची थी। पुलिस इस नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने का प्रयास कर रही है**

# साहित्योत्सवः सिनेमा और साहित्य के संबंधों के साथ ही अनेक विषयों पर हुई चर्चा

**जनसंचार**

**क्या जनसंचार माध्यम साहित्यिक कृतियों के प्रचार प्रसार का एक मात्र साधन है?**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** साहित्योत्सव 2025 के तीसरे दिन पुरस्कृत रचनाकारों ने अपने रचनात्मक अनुभव साझा किए और सिनेमा और साहित्य के संबंधों के साथ ही अनेक विषयों पर चर्चा हुई। रविवार को 22 सत्रों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में पुरस्कृत रचनाकारों के साथ लेखक सम्मिलन, भारतीय ऐतिहासिक कथा साहित्य की सार्वभौमिकता और साझा मानव अनुभव, क्या जनसंचार माध्यम साहित्यिक कृतियों के प्रचार प्रसार का एक मात्र साधन है?, वैश्विक साहित्यिक परिदृश्य में भारतीय साहित्य ओमचेरी एनएन पिल्लै जन्म शतवार्षिकी संगोष्ठी, आधुनिक भारतीय साहित्य में तीर्थाटन आदि विषयों पर चर्चा और युवा साहिती तथा बहुभाषी कविता और कहानी पाठ के कई सत्र हुए। प्रसिद्ध अंग्रेजी लेखक उपमन्यु चटर्जी ने संवत्सर व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसका विषय था "ध्यान देने योग्य कुछ बातें"। लेखक सम्मिलन में शनिवार को पुरस्कृत हुए रचनाकारों ने अपनी सृजन की रचना प्रक्रिया को पाठकों के साथ साझा किया। इन सभी के अनुभव बिल्कुल अलग और दिल को छूने वाले थे, लेकिन सामान्यतः सामाजिक भेदभाव ही वह पहली सीढ़ी थी, जिसने सभी को लेखक बनने के लिए प्रेरित किया। अपने हिंदी कविता संग्रह के लिए पुरस्कृत गगन गिल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कवि को न कविता लिखना आसान है न कवि बने रहना। कविता भले बरसों से लिख रहे हो, कवि बनने में जीवन भर लग जाता है। उन्होंने कविता को गूंगे कंठ की हरकत कहते हुए कहा की अपने चारों तरफ अन्याय और विमूढ़ कर देने वाली असहायता में कई बार कवि को उन शब्दों को ढूंढ कर भी लाना मुश्किल होता है जिससे वह उसका प्रतिकार कर सके। "स्याही से दृश्य तक : साहित्यिक कृतियां जिन्होंने सिनेमा को रोचक बनाया" विषय पर हुई एक परिचर्चा प्रख्यात फिल्म लेखक अतुल तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें प्रख्यात फिल्म अभिनेत्री और निर्देशिका नंदिता दास, मुग्धा सिन्हा, मुर्तजा अली खान और रेंतला जयदेव ने भाग लिया। नंदिता दास ने अपनी फिल्म मंटो के आधार पर कहा कि कई बार कोई ऐतिहासिक पात्र वर्तमान में बहुत प्रासंगिक होते हैं और उसके सहारे हम वर्तमान में भी बदलाव की बात कर सकते हैं। महाश्वेता देवी की कहानी पर कई फिल्में बना चुकी नंदिता दास ने कहा कि जहां-जहां का मेन स्ट्रीम सिनेमा मजबूत है वहां सार्थक या साहित्यिक फिल्में बनाना मुश्किल होता है। हिंदी और तेलुगु सिनेमा ऐसा ही है। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं के साहित्य का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद न होने के कारण भी इस तरह की साहित्यिक फिल्में कम बन पाती हैं।

वह लगातार अच्छी कहानी की तलाश में रहती हैं। अपनी अगली फिल्म के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि वह 20 साल पहले लिखी अपनी पहली कहानी पर फिल्म बनाने जा रही हैं जो की एक जोड़े की कहानी है। दक्षिण भारत के सिनेमा के बारे में जयदेव ने कहा कि केरल यानी मलयालम की फिल्में साहित्य पर ही केंद्रित रहीं हैं।

# 500 सीसीटीवी कैमरों की जांच के बाद पकड़े शातिर झपटमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की एंटी स्नैचिंग सेल ने करीब 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद दो शातिर झपटमारों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए झपटमारों की पहचान पारस उर्फ भरत तथा पंकज उर्फ काके के रूप में हुई है। तीनों के कब्जे से सोने की 3 चेन तथा वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की गई है। पारस सागरपुर थाने का नामी बदमाश है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने रविवार को बताया कि दोनों के ऊपर 60 से अधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी के अनुसार सफदरजंग एन्क्लेव तथा पालम गांव में झपटमारी की वारदात सामने आई थीं। इसके बाद एंटी स्नैचिंग टीम ने झपटमारों की तलाश आरंभ की। इस दौरान दक्षिण पश्चिम, पश्चिम और उत्तर पूर्वी जिले के 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई।

इसमें पल्सर बाइक पर सवार दो आरोपित देखे गए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने झपटमारों की शिनाख्त की। इसके बाद सागरपुर निवासी पारस उर्फ भरत तथा झंडा चौक न्यू अशोक नगर निवासी पंकज को पकड़ा गया।

# विधायक राजा भैया के खिलाफ पत्नी की शिकायत पर दिल्ली में केस दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले के सफदरजंग एन्क्लेव थाने में प्रतापगढ़ उप्र के नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उनके खिलाफ उनकी पत्नी की ओर से प्रताड़ित करने के आरोप पर यह एफआईआर 7 मार्च को दर्ज की गई है। पुलिस पूरे मामले की आगे की जांच कर रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सफदरजंग एन्क्लेव थाने में उप्र के नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। ये मामला पहले से क्राइम अगेंस्ट वूमेन सेल में चल रहा था। मामला मीडिएशन सेंटर भी गया था, लेकिन इसके बाद मामला जब थाने आया तो केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि महिला के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रतापगढ़ के शाही परिवार से ताल्लुक रखने वाली भानवी कुमारी सिंह ने अपने पति व विधायक रघुराज प्रताप सिंह के खिलाफ गंभीर आरोपों के साथ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपने पति पर शारीरिक और मानसिक क्रूरता का आरोप लगाते हुए आईपीसी की धारा 498ए के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। भानवी सिंह ने अपनी शिकायत में कहा है कि उनके पति ने उन्हें वर्षों तक शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। भानवी सिंह का आरोप है कि लगातार मारपीट के कारण उनके शरीर में काफी चोट आई हैं। उन्हें अपने जीवन पर खतरा महसूस होने की बात कही है। उन्होंने पहले भी राष्ट्रीय महिला आयोग और दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन परिवार की शांति बनाए रखने के उद्देश्य से उसे आगे नहीं बढ़ाया। अपनी शिकायत में ससुराल पक्ष और सास पर भी कई गंभीर आरोप उन्होंने लगाए। उन्होंने कहा कि पहले मैं वैवाहिक जीवन को आगे बढ़ाने और परिवार में शांति के लिए चुप हो गई। इसके बाद भी उनके ऊपर अत्याचार खत्म नहीं हुआ। भानवी सिंह ने अपनी शिकायत में कहा है कि 17 फरवरी 1995 में उप्र के राज परिवार में शादी के बाद से ही कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उनका आरोप है कि शादी के बाद उन्हें अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी। ससुराल में उन्हें घरेलू जिम्मेदारियों में लगा दिया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके पति ज्यादातर समय लखनऊ में बिताते थे, जबकि वह अपने वैवाहिक घर बैती कोठी, कुंडा, प्रतापगढ़ में अकेली रहती थीं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि ससुराल में उनकी निजता का सम्मान नहीं किया गया। उनकी सास उनके वैवाहिक जीवन में दखल देती थीं।


**एफआईआर**

**उनके खिलाफ उनकी पत्नी की ओर से प्रताड़ित करने के आरोप पर यह एफआईआर 7 मार्च को दर्ज की गई है**

# दयानंद सरस्वती के विचारों को घर-घर तक पहुंचाएं: दत्तात्रेय

## एक वर्ष में देश के एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य: देवव्रत, भारत को संपूर्ण रूप से विकसित बनाने में आर्य समाज की होगी बहुत बड़ी भूमिका: शिक्षा मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि समाज के निर्माण में स्वामी दयानंद सरस्वती की बहुत बड़ी देन है। हमें आर्य समाज के मूल्यों को घर-घर तक पहुंचना है और इसके लिए जन-जन में क्रांति लानी है। सभ्य समाज और राष्ट्र के निर्माण में आर्य समाज की बहुत बड़ी सार्थक भूमिका होगी। राज्यपाल श्री दत्तात्रेय रविवार को स्थानीय दयानंद मठ, रोहतक में स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित आर्य महासम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। आर्य महासम्मेलन की अध्यक्षता गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत ने की। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। हरियाणा के राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने आर्य सभा को 31 लाख रुपए, गुजरात के महामहिम राज्यपाल श्री देवव्रत और शिक्षा मंत्री श्री ढांडा ने 21-21 लाख रुपए देने की घोषणा की। अपने संबोधन के दौरान राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ देशवासियों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं, जो कि बहुत ही सराहनीय है। उनके इन कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए कार्य किया। हमें






### स्वामी दयानंद के सिद्धांतों के प्रचार को आज तेजधार देने की जरूरत है: शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा

**हरियाणा** के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आर्य महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को संपूर्ण रूप से विकसित बनाने के लिए बनाए गए लक्ष्य में आर्य समाज की बहुत बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि आर्य समाज के प्रचारकों ने हमेशा से ही समाज को सही रास्ता दिखाने के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों को दूर करने का संदेश दिया है। आज एक बार फिर से उस प्रचार को तेज धार देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज के बढ़ते हुए कदम भारत को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हमें हमारे सामने खड़ी चुनौतियों से दूर भगाने की बजाय उनका सामना करना है। उन्होंने कहा कि महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा देशवासियों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागृत करना समाज के लिए बहुत बड़ी देन है। उन्होंने कहा कि हमें इस अभियान को एक क्रांति का रूप देना है। नई सोच से ही नए भारत का निर्माण होगा। कार्यक्रम के दौरान महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय और राज्यपाल आचार्य देवव्रत तथा शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आर्य महासम्मेलन के दौरान सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा, आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान देशबंधु मदान, स्वामी देवव्रत, आचार्य सत्यजीत, स्वामी सुखानंद, आचार्य ओम प्रकाश, स्वामी विपुल विद्यावाचस्पती, स्वामी सच्चिदानंद, स्वामी धर्मदेव, आचार्य ऋषिपाल, विनय आर्य, प्रशासनिक अधिकारी विजय मलिक, सेवानिवृत आईपीएस राजपाल, आचार्य वेदमित्र, विजय गौतम, मंजीत आर्य, सहित देशभर से आर्य समाज के पुरोधा एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

उनको मिलकर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवाओं में संस्कार भरने हैं ताकि उनके सही व्यक्तित्व का निर्माण हो सके। इसके साथ ही उन्होंने विशेष कर महिलाओं और युवाओं में महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों के प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इंसान के अंदर दया भाव, शांति और क्षमा का भाव होना चाहिए, जो संदेश स्वामी दयानंद ने मानव जीवन के मूल्यों के प्रति दिया था। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से युवाओं को नशे से बचाने का भी आह्वान किया। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि देश में लागू हो रही नई शिक्षा नीति देश की युवा पीढ़ी को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देने के साथ-साथ सही दिशा देने का काम करेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की इस दूरगामी सोच के बहुत ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

**एक वर्ष में देश के एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य :-**

**महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत**
अपने संबोधन में गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि समय बदलने के साथ-साथ हमारे सामने चुनौतियां भी बदल गई हैं। पहले जहां महिलाओं में शिक्षा का अभाव था, आज महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों की

**राष्ट्र के निर्माण में**

**जमीन को बचाने, ग्लोबल वार्मिंग को मिटाने और नशे की दलदल में जा रही युवा पीढ़ी के जीवन को बचाने की मुख्यातिथि शिरकत की**

बदौलत महिलाओं ने शिक्षा पाकर उन्नति के हर उच्च मुकाम हासिल किए हैं। सामाजिक कुरीतियां समाप्त हो रही हैं। लोगों के शिक्षित होने से समाज में भेदभाव मिट रहा है। उन्होंने कहा कि आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती जहरीली खेती से निजात दिलाने, जमीन को बचाने, ग्लोबल वार्मिंग को मिटाने और नशे की दलदल में जा रही युवा पीढ़ी के जीवन को बचाने की है। उन्होंने कहा कि इन सभी समस्याओं से निजात पाने का एकमात्र उपाय प्राकृतिक खेती है। प्राकृतिक खेती को अपनाकर हम न केवल अपने स्वास्थ्य को सही रख सकते हैं बल्कि धरती माता को भी बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक खेती मिशन की स्थापना की है, जिसमें इस साल 1481 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही साल भर में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। जन समूह से अपील करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती साहीवाल नस्ल की देशी गाय पर आधारित है।

## ओपन एयर थियेटर बनाने का मकसद साकार हुआ: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला के सुभाष पार्क के ओपन एयर थियेटर में आयोजित की जा रही मिस्टर अम्बाला बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में आकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है क्योंकि उनकी सोच के अनुसार सुभाष पार्क में ओपन एयर थियेटर में उनके शहर में भिन्न-भिन्न गतिविधियां हो रही हैं। इसके अलावा, उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा हैं कि बॉडी बिल्डिंग के कौशल को दूसरे लोगों में भी बांटे। बॉडी बिल्डिंग को बढ़ावा देने के लिए जो मदद उनकी तरफ से होगी वह करेंगे। विज अम्बाला फिटनेस एंड बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित की जा रही मिस्टर अम्बाला बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। इसके उपरांत उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार भी बांटे। ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि ओपन एयर थियेटर में और भी कई कार्यक्रम आयोजित किए



जाते हैं एक भी सप्ताह ऐसा नहीं जाता जब यहां पर कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम न होता हो। यही उनका सपना था कि उनके शहर के लोग हंसते, खेलते व नाचते रहे। उनके शहर के बच्चे बॉडी बिल्डिंग में आगे बढ़े उसके लिए जो भी सहायता होगी वह अपनी व सरकार की तरफ से करेंगे।

**पूरे देश में पैगाम जाए कि अम्बाला छावनी बॉडी बिल्डिंग में सबसे आगे है : विज**
कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज मिस्टर अम्बाला की जो प्रतियोगिता हो रही है, वह चाहते हैं कि मिस्टर हरियाणा व मिस्टर भारत की प्रतियोगिता भी अम्बाला छावनी में हो। यह पैगाम जाना चाहिए कि बॉडी बिल्डिंग में अम्बाला छावनी सबसे आगे है। यहां के अखाड़ों में शाम रौनक लगे और नौजवान अभ्यास करें, यही वह चाहते हैं।

**बॉडी बिल्डिंग लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रखती है : विज**
कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज यहां बॉडी बिल्डिंग का कार्यक्रम हुआ है वह इसकी दिल की गहराई से प्रशंसा करते हैं। यह इवेंट समाज में कुरीतियों को दूर करते हुए स्वास्थ्य के प्रति लोगों को सजग करती है। आज नौजवान कई प्रकार के गलत कार्यों की ओर आकर्षित हो रहे

**बैठक**

**पूरे देश में पैगाम जाए कि अम्बाला छावनी बॉडी बिल्डिंग में सबसे आगे है, हर संभव सहायता की जाएगी: विज**

हैं। उनको वहां से हटाने के लिए आवश्यक है कि हम इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करें। यहां जितने भी दर्शक आए हैं वो चाहे प्रतियोगिता में हिस्सा न ले रहे हों लेकिन हर दर्शक के मन में यह ख्वाहिश होगी कि वह भी अपनी बॉडी व मांसपेशियां बॉडी बिल्डरों की तरह बनाएं। उन्होंने कहा कि आयोजकों ने इसी भावना को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता का आयोजन किया है जिसमें काफी युवा भाग ले रहे हैं। वह सभी को बधाई देना चाहते हैं। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के भिन्न-भिन्न कैटेगरी के विजेताओं को सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

## बिजली दफ्तर में ट्रांसफॉर्मर जले, कर्मचारियों में हडकंप

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद। फरीदाबाद** के सेक्टर-6 स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यालय में रविवार को बड़ा हादसा हुआ। यहां रखे खराब ट्रांसफॉर्मरों में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते कई ट्रांसफॉर्मर जल गए। आग लगने से निकलने वाला काला धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। मौके पर पहुंची दमकल और पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## सिरसा में सांसद सैलजा ने सुनी जनसमस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने रविवार को शहीद भगत सिंह स्टेडियम स्थित अपने कार्यालय में जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए कुमारी सैलजा से लिखित रूप में आग्रह किया। समस्याएं सुनते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार को लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोग मेरे पास शिकायतें लेकर आ रहे हैं उसके चलते कहा

**समाधान**

**बीजेपी सरकार कर रही है हर वर्ग को परेशान, किसी सूरत में नहीं दबने देंगे लोगों की आवाज**

जा सकता है कि सरकारी महकमों में लोगों को सिर्फ धक्के खाने के अलावा कुछ हासिल नहीं होता। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार लोगों को बेवजह परेशान करने के लिए सरकारी तंत्र में ऐसी खामियां बनाए हुए है जिस कारण लोग परेशान हो रहे हैं। चाहे वह प्रॉपर्टी आईडी की बात हो या फिर फैमिली आईडी की। इन सब में लोगों को परेशान किया जा रहा है। इसी प्रकार मेरी फसल मेरा ब्यौरा के तहत किसानों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को लोगों की सुविधाओं के लिए कदम उठाने चाहिए पर ऐसा न करके सरकार लोगों को परेशान करने वाली नीतियों पर चल रही है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि अगर बीजेपी सरकार में लोगों के काम आसानी से होते तो लोगों की बड़ी संख्या में मेरे पास शिकायतें क्यों आ रहीं हैं।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके दादरी स्थित आवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय सतपाल सांगवान की धर्मपत्नी, उनके सुपुत्र विधायक सुनील सांगवान तथा समस्त परिजनों के प्रति सांत्वना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने शोक संदेश में कहा कि चौ सतपाल सांगवान के आकस्मिक निधन से समाज, परिवार व मित्रों को जो गहरा दुख हुआ है, इस के लिए परमपिता परमात्मा दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## सैनी ने पद्मसाहित्यकार डॉ संतराम और हरविंदर को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आज उनके निवास संत कबीर कुटीर पर पद्मसे सम्मानित साहित्यकार डॉ संतराम देशवाल और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर ने सपरिवार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ संतराम देशवाल और हरविंदर को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और पद्मसम्मान प्राप्त करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी ने भी पद्मसम्मान के लिए बधाई दी।
उल्लेखनीय है कि डॉ संतराम देशवाल हरियाणवी लोक साहित्य के साथ-साथ हिन्दी साहित्य के भी प्रतिष्ठित विद्वान हैं। उनकी पहचान हरियाणा की लोक भाषा, लोक संस्कृति एवं लोक साहित्य के संरक्षक के रूप में प्रतिष्ठापित हो चुकी है। देशवाल जी का जीवन और कृतित्व हरियाणवी लोक संस्कृति, लोक साहित्य, हिंदी साहित्य, शिक्षा, पत्रकारिता, संपादन, शोध कार्य, शोध-निर्देशन और समाज-सेवा के प्रति समर्पित रहा है। हरविंदर सिंह पैरा-तीरंदाज हैं। वे पहले भारतीय पैरा तीरंदाज बने, जिन्होंने पैरालिंपिक और एशियाई पैरा खेलों में भारत के लिए ऐतिहासिक पदक जीते। इन्हें पैरा-तीरंदाजी के खेल में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 2021 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हरियाणा सरकार द्वारा 2022 में भीम पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

## मानवता की सेवा और आध्यात्मिक जागरूकता हम सबका कर्तव्य: बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि स्वयं को जानो और परमात्मा से जुड़ो। इस तरह के कार्यक्रम हमें परमात्मा से सीधे जोड़ने का काम करते हैं। यह हमारा सर्वोच्च मार्ग दर्शक है। शुद्ध और सकारात्मक विचारों से ही जीवन में शांति और आनंद प्राप्त होता है। मानवता की सेवा और आध्यात्मिक जागरूकता हम सबका कर्तव्य है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को नरवाना विधानसभा के गांव धनौरी में प्रजापति ब्रह्मकुमारी

**स्वयं को जानो**

**परमात्मा से जुड़ो। इस तरह के कार्यक्रम हमें परमात्मा से सीधे जोड़ने का काम करते हैं**

धनौरी द्वारा त्रिमूर्ति शिव जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने प्रभु मिलन भवन का उद्घाटन किया और जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि हमारे मोक्ष के देवता भोले बाबा हैं।

## ब्लूबर्ड टूरिस्ट रिजॉर्ट का पर्यटन मंत्री ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** प्रदेश के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने हिसार में सिरसा रोड स्थित ब्लूबर्ड टूरिस्ट रिजॉर्ट का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने रिजॉर्ट की ऑनलाइन बुकिंग की अपडेट स्थिति को जाना व एक माह का रिकॉर्ड जांचा। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि टूरिस्ट काम्प्लेक्स आने वाले किसी भी आगन्तुक को कोई परेशानी नहीं होनी चहिए। रविवार को हिसार में नलवा विधायक रणधीर पनिहार की माता के निधन पर शोक व्यक्त करने उपरांत



पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा सिरसा रोड स्तिथ ब्लूबर्ड टूरिस्ट रिजॉर्ट पहुंचे तथा व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रिसेप्शन पर ही कमरों की ऑनलाइन बुकिंग की स्थिति व पिछले एक माह का रिकॉर्ड जांचा। इसके बाद रिजॉर्ट कॉम्प्लेक्स में विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली। इसी दौरान रिजॉर्ट प्रबंधक द्वारा कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा के सामने कुछ

**समीक्षा की**

**कर्मचारियों को निर्देश दिए कि टूरिस्ट काम्प्लेक्स आने वाले किसी भी आगन्तुक को कोई परेशानी नहीं होनी चहिए**

मांग रखी, जिस पर उन्होंने जल्द ही उन्हें पूरा करवाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी टूरिस्ट काम्प्लेक्सों को बेहतर बनाने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो आगन्तुकों का विशेष ध्यान रखें। काम्प्लेक्स में सफाई व अन्य किसी भी विषय को लेकर लापरवाही न बरती जाए।

## सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट करें नामित: पंकज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने प्रदेश में राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से आह्वान किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशां अनुसार सभी राजनैतिक दलों को अपने-अपने पार्टी के बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करना अनिवार्य है। आगे से बीएलए का रिकॉर्ड राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालयों को भी रखना होगा। पंकज अग्रवाल आज इस संबंध में जानकारी देते

**दिशा-निर्देश**

**दिशा-निर्देशा अनुसार सभी राजनैतिक दलों को अपने-अपने पार्टी के बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करना अनिवार्य**

हुए बताया कि हाल ही में दिल्ली के भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन परिषद में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाल का आयोजन हुआ था जिसमें भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलए की नियुक्ति करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 6 लाख 32 हजार 503 है तथा 20031 बीएलओ पद नामित है। उन्होंने कहा कि हरियाणा 6 राष्ट्रीय स्तर तथा दो राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं। सभी दलों को बूथ लेवल एजेंट 1 और 2 की नियुक्ति करनी है। राजनीतिक दलों के लिए बूथ लेवल एजेंट एक प्राधिकृत व्यक्ति है जो मतदान से संबंधित सामग्री अपनी पार्टी के लिए चुनाव आयोग से लेता है।

## 351 फुट लंबा निशान श्याम बाबा को किया अर्पित...

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार।** 351 फुट लंबा श्याम बाबा का निशान, हजारों श्रद्धालु, उड़ता गुलाल, इत्र व फूलों की वर्षा और श्याम बाबा की जय का उदघोष, यह सब कुछ देखकर समस्त हिसारवासी हतप्रभ रह गए। दरअसल 52वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव के अवसर पर हिसार से बीड़ बबरान धाम तक पैदल निशान यात्रा का आयोजन किया गया। हिसार के अग्रसेन भवन से रविवार को हजारों श्रद्धालु श्याम बाबा के पीतांबरी ध्वज थामे हुए और हारे का सहारा-श्याम बाबा हमारा का जयघोष करते हुए आगे बढ़े। इनके साथ ही बहुत से श्रद्धालुओं ने 351 फुट लंबा श्याम बाबा का निशान थामकर नंगे पांव 18 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पूरी निष्ठा से पूरी की। इस दौरान पूरा हिसार श्याममय



हो गया और श्याम बाबा की जय व बीड़ बबरान धाम की जय के उदघोष से हिसार की गलियां गूंजती रही। निशान यात्रा में बच्चे, बूढ़े, जवान व महिलाओं सहित हर आयु वर्ग के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया।प्रातः अग्रसेन भवन में श्याम बाबा के रथ को भव्य स्वरूप दिया गया और श्याम बाबा के विग्रह को रथ में विराजमान करके अदभुत श्रृंगार किया गया। इस रथ को देखकर भक्तगण अनायास ही अभिभूत हो गए। श्याम बाबा के रथ व 351 फुट लंबे निशान के साथ हिसार के विभिन्न बाजारों से होते हुए यात्रा बीड़ बबरान धाम पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पैदल यात्रियों का भव्य स्वागत व सत्कार किया गया। इस

**आस्था**

**ढोल की थाप पर थिरकते व गुलाल उड़ाते हुए भक्तों ने अपने इष्ट के प्रति आस्था व्यक्त की**

दौरान जगह-जगह भंडारे की भी व्यवस्था रही। ढोल की थाप पर थिरकते व गुलाल उड़ाते हुए भक्तों ने अपने इष्ट के प्रति आस्था व्यक्त की। हजारों ध्वजों के साथ यात्रा करते श्रद्धालुओं को देखकर समस्त हिसारवासी श्याम बाबा के प्रति अनायास ही नतमस्तक हो गए।बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि बीड़ बबरान धाम में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के चरणों में 351 फुट लंबा निशान व अन्य ध्वजाएं अर्पित किए और जनकल्याण की कामना करते हुए मन्नत मांगी। इस दौरान भक्तों ने बीड़ बबरान धाम में महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष, अखंड जोत, वीर हनुमान के मंदिर, शिव परिवार, धूणे, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के भी दर्शन किए। निशान यात्रा के साथ ही सात दिवसीय 52वां बबरान नरेश प्रकटोत्सव संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी भक्तों के लिए भोजन प्रसाद की समुचित व्यवस्था भी रही।सात दिवसीय बबरान नरेश प्रकटोत्सव में दिखी अदभुत छटामहाभारतकालीन बीड़ बबरान धाम में आयोजित किए गए सात दिवसीय 52वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव में अदभुत छटा देखने को मिली।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने तनु और हिमानी सभरवाल को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला/बराड़ाः अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर हरियाणा सरकार द्वारा पंचकूला के रेड बिशप ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बराड़ा, अंबाला की रहने वाली एस एम एस स्कूल की बारहवीं कक्षा की छात्रा तनु और पी एस सी जैन स्कूल की 10 वी की छात्रा हिमानी सभरवाल को मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान हिमानी ने यह सम्मान सीएम से प्राप्त किया। यह सम्मान सामाजिक कार्यों में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम नायब सैनी ने भी उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी ऐसे ही समाज को बेहतर बनाने के लिए



काम करने का आशीर्वाद दिया। तनु और हिमानी सभरवाल पिछले लगभग 10 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। उन्होंने समाज में जागरूकता फैलाने के लिए स्वच्छता अभियान, यातायात सुरक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण बचाओ मुहिम, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे कई अभियानों का नेतृत्व किया है। तनु और हिमानी ने खासकर समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता रैलियों का आयोजन, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाए और लोगों को साफ-सफाई का महत्व समझाने के लिए प्रचार-प्रसार किया। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने अभियान की शुरूआत की, जिसके तहत लोगों को जल बचाने और उसके सही उपयोग के लिए जागरूक किया जाता है। इस अभियान के तहत उन्होंने कई स्कूलों में जल संरक्षण पर कार्यशालाएं आयोजित कीं और लोगों को पानी की बर्बादी रोकने के उपाय बताए। तनु और हिमानी नशा मुक्ति और महिला सशक्तिकरण के लिए भी लगातार कार्य कर रही हैं। वे समाज में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के खिलाफ अभियान चलाती हैं और युवाओं को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करती हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर युवाओं में बढ़ती लापरवाही को देखते हुए तनु और हिमानी ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया। वे विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में जाकर हेलमेट पहनने, ट्रैफिक लाइट्स का पालन करने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने जैसे महत्वपूर्ण संदेश देती हैं। उनके इन प्रयासों से कई युवा यातायात नियमों के प्रति जागरूक हुए हैं। इस सम्मान को पाकर हिमानी सभरवाल ने कहा, "यह सम्मान प्राप्त कर हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है। यह हमें और अधिक प्रेरित करता है कि हम अपने सामाजिक कार्यों को और बड़े स्तर पर आगे बढ़ाएं।" वहीं, तनु ने कहा, "हमने हमेशा समाज के हित में कार्य करने का प्रयास किया है। यह सम्मान हमारे लिए सिर्फ एक पुरस्कार नहीं, बल्कि एक नई जिम्मेदारी है, जिससे हमें और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी।" वहीं दोनों बहनों ने कहा कि समाज को बेहतर बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। समाज के विकास के लिए महिलाओं को भी आगे आना होगा।

# सेवानिवृत्त डीआर ओ सुरेश कुमार का लाल बना सेना में लेफ्टिनेंट

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत (संजीव कौशिक)
**जिला सोनीपत से** सेवानिवृत्त डीआर ओ सुरेश कुमार के सुपुत्र मीत सिंघल सेना में लेफ्टिनेंट बन कर घर पहुंचे। घर पहुंचने पर सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं रिश्तेदारो ने अपने लाडले का भव्य स्वागत किया। मीत सिंघल ने बताया कि वह चौथे प्रयास में सफलता हासिल कि ओर उन्होंने कहा कि मुझे बारहवीं कक्षा पास करने उपरांत टेलीविजन देख रहा था और कार्यक्रम चल रहा था आर्मी का सर्चिंग आप्रेशन ओर सेना के अधिकारी देश की सुरक्षा करते हुए कैसे सर्चिंग आप्रेशन को अंजाम तक पहुंचाते हैं अपनी जान की प्रवाह बिल्कुल भी नहीं करते,मेरी उस सर्चिंग आप्रेशन ने जिंदगी बदल दी ओर मन में ठान ली कि कैप्टन बनना है और ऐसे ही देश की सुरक्षा करनी है।

उन्होंने कहा कि मैंने सिडीएस के अलावा किसी सर्विस के लिए



कोई फार्म तक नहीं फिलीप नहीं किया बस में एक ही इच्छा थी आर्मी में अफसर बनना। मीत सिंघल के पिता सुरेश कुमार अप्रैल 2017 सोनीपत से जिला राजस्व अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए थे उन्होंने बताया कि मीत के लिए 24 का अंक बड़ा सौभाग्यशाली रहा पूरे भारत में मीत का रैंक 24 रहा तथा चेस्ट नंबर भी 24 मिला ओर ज्वाइन भी 24 मार्च वर्ष भी 2024 रहा।

मीत सिंघल का पैतृक गांव हाट उपमंडल सफीदों जिला जींद है इनका परिवार सन 1990 से सोनीपत के न्यू कोर्ट रोड़ सोनीपत में रह रहे हैं। मीत सिंघल की प्रारंभिक शिक्षा स्वर्ण प्रस्था स्कूल तथा छटी से बारहवीं कक्षा सोनीपत के प्रसिद्ध स्कूल लिटल एंजल स्कूल सोनीपत से पास कर दिली आई पी विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग पढ़ाई करके सर छोटूराम राम साइंस एवं तकनीकी विश्वविद्यालय सोनीपत मे इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री करते हुए कमीशन पास कर अपने पैतृक गांव हाट का पहला आर्मी कमीशन पास अधिकारी का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# आशीर्वाद वर्ल्ड सेंटर के रक्तदान शिविर में 97 युवाओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान



टीम एक्शन इंडिया
**राई। आशीर्वाद वर्ल्ड सेंटर** द्वारा अकबरपुर बारोटा गांव रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 97 युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। शिविर के आयोजक मोहित दहिया भटगांव व विक्रम जून ने शिविर में पहुंचे जठेडी गांव के सरपंच योगेश ,राकेश चौहान उर्फ मित्र,सरपंच संजय चौहान , सरपंच हेमचंद्र, सरपंच मांगेराम, सरपंच बिल्लू , रविंद्र जून बल्ली, जसविंदर पहलवान का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए सरपंच योगेश जठेडी ने कहा कि रक्तदान करके व्यक्ति न केवल किसी जरूरतमंद को जीवनदान देता है, बल्कि रक्तदाता सदैव रक्तदाता का आभारी रहता है। उन्होंने माना कि विज्ञान भले ही उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है, लेकिन अभी तक उसे मानव रक्त का विकल्प नहीं मिल पाया है। केवल मानव रक्त ही किसी अन्य मानव जीवन को बचा सकता है। सरपंच योगेश जठेडी ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है और यह एक महान सेवा है। रक्तदान जीवनदान है। उन्होंने युवाओं और समाज के सभी वर्गों से नियमित रक्तदान करने की अपील की, जिससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और जीवन बचाया जा सके। मोहित दहिया भटगांव ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान एक सुरक्षित प्रक्रिया है और इसे हर स्वस्थ व्यक्ति नियमित रूप से कर सकता है। इस प्रकार, रक्तदान से न केवल दूसरों की मदद होती है, यह दानकर्ता के स्वास्थ्य के लिए भी यह लाभकारी है। रक्तदान शिविर की व्यवस्था युवाओं ने संभाली ।

# सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा मनाया गया महिला सम्मान दिवस

सोनीपत सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा महिला सशक्तिकरण की ओर एक कदम बढ़ाते हुए आसमा इन्फोटेक में कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में आसमा इन्फोटेक के डायरेक्टर राकेश कुमार पांडे बताया की सेवा ट्रस्ट द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए सिलाई-कटाई सेंटर, कम्प्यूटर शिक्षा, स्वरोजगार सेंटर जैसे कार्यक्रम चलाये हुए हैं जो की महिला सशक्तिकरण के लिए एक नीव के पत्थर का काम कर रहे है इन कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं अपने परिवार का पालन-पोषण अच्छे से कर रही है सेवा ट्रस्ट सही मायने मे महिला




सशक्तिकरण अभियान को चला रही है इसके लिए सेवा ट्रस्ट बधाई की पात्र है। सेवा ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि यह दिन समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दर्शाता है। महिला दिवस का दिन महिलाओं की समानता, अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम के बारे में अवगत करवाते हुए संस्था से दिलबाग सिंह ने बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा विभिन्न स्थानों पर महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम किए जा रहे है। जिसमें महिलाओं, छात्राओं, नव जन्मी कन्याओं के परिवारों को सम्मानित किया जा रहा है।कार्यक्रम में सुनील ने बताया कि सेवा ट्रस्ट यूके इससे पहले भी सामाजिक कार्यों में सदा ही अग्रसर है और रक्तदान शिविर लगवाना, बच्चों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वयं रोजगार सहित अनेक कार्यक्रम सेवा ट्रस्ट यूके के द्वारा किए जा रहे हैं। आज के कार्यक्रम में अपनी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सभी महिलाओं को इम्युनिटी बूस्टर कीट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पूजा,प्रिया,वंदना, ज्योति आदि महिलाएं उपस्थित रही।

# असंध विधायक ने धन्यवाद दौरा व माता वाली गली का किया शिलान्यास

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )
**मूनक के खंड के गांव** पबाना हसनपुर में असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने विधायक बनने पर गांव का धन्यवाद दौरा किया और गांव में तालाब के अंदर माता मंदिर बना हुआ था। उसकी गली का भी शिलान्यास किया। यह गांव की समस्या कई वर्षों से थी जिसका आज विधायक ने उसकी गली की नींव रखी। सरपंच विजय पाल बताया कि गांव के शिव मंदिर व दूसरी तरफ गांव में बने गोगामेड़ी मंदिर दोनों तरफ से इस गली को बनाया जाएगा। गांव की तरफ से गांव की महिलाओं व पुरुषों ने विधायक जी का भव्य स्वागत किया और ढोल धमाके के साथ गांव वासियों ने स्वागत किया । राजपूत धर्मशाला विधायक ने लोगों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि मैं गांव का आभारी हूं। जिन्होंने मुझे असंध का ताज दिया है।

मैं सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों के दुख दर्द में हर समय आप लोगों का सहयोग पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा । हल्के की समस्याओं को दूर किया जाएगा । गांव वासियों ने पगड़ी, तलवार, बुका व शाल देकर विधायक का धन्यवाद किया।

# लड़की की आत्महत्या मामले में स्वजन ने जीआरपी से की दो और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग

टीम एक्शन इंडिया
**गन्नौर। नाबालिग लड़की** से दुष्कर्म व आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में स्वजन बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग के लिए जीआरपी चौकी पहुंचे। उन्होंने चौकी प्रभारी से मामले में संलिप्त दो और आरोपितों को भी गिरफ्तार करने की मांग की। इस मामले में अभी तक जीआरपी ने एक आरोपित तुषार को ही गिरफ्तार किया है। जबकि दो आरोपित मंजीत व कमल अभी गिरफ्त से बाहर हैं। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने उन्हें बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में संलिप्त सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। इसके बाद स्वजन विधायक देवेंद्र कादियान से मिलने उनके कार्यालय में भी पहुंचे। उन्होंने विधायक से भी मामले में त्वरित कार्रवाई करवाने की मांग की।

**यह था मामला**
गन्नौर और भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन के बीच 17 वर्षीय नाबालिग ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता ने जीआरपी चौकी में तीन आरोपितों के खिलाफ शिकायत दी थी। पीड़ित पिता के अनुसार 4 मार्च को तुषर व कमल उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ गांव के मंदिर में पुजारी मंजीत के पास ले गए।

# विधायक मदान के अथक प्रयासों से नगर निगम सोनीपत वासियों को मिली मिनी बाई पास की सौगात

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत (संजीव कौशिक) :** विधायक निखिल मदान रविवार को लहराडा गांव में पहुंचे, जहां उन्होंने निहाल स्कूल के साथ से ककरोई रोड तक जाने वाले मिनी बाई पास का निरीक्षण किया और ग्राम वासियों से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना और विकास कार्यों पर चर्चा की। इस मौके पर सभी ग्राम वासियों ने विधायक निखिल मदान का फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि उन्होंने बतौर मेयर रहते हुए इस मिनी बाई पास के कार्य को शुरू करवाया था , जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू हुई और अब कुछ दिनों बाद धरातल पर कार्य शुरू होगा। बीच में आचार संहिता लगाई जाने के कारण इस कार्य में विलंब हुआ था।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि लगभग 2.5 कि मी लंबे और 33 फुट चौड़े मिनी बाई पास को बीटुमिन (तारकोल) से बनाया जाएगा और दोनों तरफ के 7 फुट रास्ते पर इंटरलॉक टाइल्स से रास्ते को पक्का किया जाएगा।



इस मिनी बाई पास के बनने से सभी शहरवासियों को सुविधा मिलेगी और सूरी पेट्रोल पंप वाली मुख्य गली पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। इसके साथ ही सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में भी निर्माण कार्य और सीवरेज लाइन बिछाने संबंधी कार्य को शुरू किया जा सकेगा। मिनी बाई पास के निर्माण कार्य को 4 करोड़ ? की लागत से पूरा किया जाएगा। नगर निगम द्वारा मिनी बाई पास के निर्माण कार्य को लेकर मुख्य अभियंता को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। जिसके तुरंत बाद कार्य को शुरू कर दिया जाएगा।

विधायक निखिल मदान ने इसके बाद सेक्टर 15 की मेन मार्केट का दौरा किया और वहां 80 लाख रुपए की लागत से चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि सेक्टर 15 की मुख्य मार्केट में जल भराव को दूर किया जाएगा, दुकानों के आगे पानी निकासी के लिए मेन होल बनाकर नई पाइप बिछाई जाएगी। इसके साथ ही इंटरलॉकिंग टाइल्स को बदला जाएगा। फुटपाथों का रंगीन टाइल और सी सी से पक्का करके सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही फुटपाथ पर स्टील बेंच भी लगाए जाएंगे। इस मौके पर त्रिभुवन कौशिक ,शमशेर सरोहा, बबला, प्रदीप, मोंटी मंजीत, विकास, मोहित, बिशन सरोहा, महावीर, लवदीप, अनमोल, कुलदीप वत्स,विजय,भारत,कपिल आदि लोग मौजूद रहे।

# सारिका भाटिया महिलाओं के लिए बनी मिसालः रेखा आनंद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। कोई भी अपनी** दिवंगत पत्नी की यादों को किस तरह जीवित रखता है। वह अपने त्याग और समर्पण के माध्यम से किसी अभियान को किस तरह शुरू करता है, इसकी झलक गूंज कार्यक्रम में करनाल ही नहीं प्रदेशभर में दिखाई दी। सारिका भाटिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर देश की प्रदेश की जानी मानी महिलाओं को ट्विस्ट करने के लिए रंगारंग कार्यक्रम गूंज का आयोजन डा.मंगलसैन आडीटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला स्वयंसिद्धाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंजाबी गायिका रमन




रूमाना ने अपनी गायिकी के जलवे दिखाए। कार्यक्रम में फैशन शो के माध्यम से बुढ्ढा ग्रुप के विद्यार्थियों ने समय के साथ फैशन के बदलते दौर को दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजसेवी तथा विधायक जगमोहन आनंद की पत्नी रेखा आनंद ने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे रहना चाहिए। उन्होंने श्रीमती सारिका भाटिया के जीवन को महिलाओं के लिए मिसाल बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद मिसेज इंटरनैशनल शैली शर्मा, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, महिला उद्यमी पूनम गट्टानी और पूर्व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. वंदना भाटिया ने कहा कि महिलाओं को मिलकर तस्वीर बदलना चाहिए। कार्यक्रम में स्वर्गीय सारिका भाटिया के जीवन पर बनी फिल्म को प्रदर्शित किया गया। उन पर बनी फिल्म को देख लोगों की आंखे नम हो गई। कार्यक्रम में विनीत भाटिया तथा सोनिया चोपड़ा ने आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सारिका भाटिया चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरमैन डा. आकांक्षा भाटिया, डा.सार्थक भाटिया ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाटिया सेवा मंच के साथ अन्य संस्थानों ने सहयोग किया।

इस अवसर पर रघुनाथ मन्दिर स्कूल की 9वीं कक्षा की छात्रा सोनिया और चैतन्य एवं दसवीं के कर्तिक चांदनी को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सारिका भाटिया चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरमैन डा. आकांक्षा भाटिया एवं डा. सार्थक भाटिया ने बताया कि साहित्य के क्षेत्र मे अंजू शर्मा, स्वास्थ्य के क्षेत्र मे नपुर चराया, शिक्षा के क्षेत्र में पूनम भाटिया, पत्रकारिता के क्षेत्र में अनीता सिंह, संगीत क्षेत्र में रीतू भाटिया, फूड फॉर हंगर के क्षेत्र में सोनिया चोपड़ा, आईटी एवं डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में मंजू अरोडा, एस्ट्रोलोजी के क्षेत्र में आचार्या गौरी मां, एंजेल टैरो कार्ड रीडिंग कमिटमेंट टूवर्ड्स अनप्रिविलेज्ड एंड सीनियर सिटीजंस के क्षेत्र में डा. साध्वी तनेजा, पर्यावरण के क्षेत्र में डा. भारती भारद्वाज, पर्यावरण के क्षेत्र में रेणु भाटिया, उद्यमिता के क्षेत्र में दीपशिखा ग्रोवर, बाल कल्याण के क्षेत्र में पुष्पा भाटिया को अवार्ड दिया गया।

# संस्था शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
**राई। मुरथल स्थित** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रविवार को स्वर्गीय आनन्द सिंह लाकड़ा स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में आसपास के गांव के सैकड़ो छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल के निदेशक रोहित लाकड़ा, साहिल लाकड़ा व प्राचार्य मन्नू ने प्रतियोगित में भाग लेने वाले छात्रों का उत्साह बढ़ाया और बताया कि हमारी संस्था शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करती रहती है।



अच्छी शिक्षा हमारी संस्था का लक्ष्य रहा हो और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को स्कूल की तरफ से विशेष सम्मान किया जाएगा । स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ खेलों की तरफ भी विशेष ध्यान दिया जाता है इसी का परिणाम है कि स्कूल के छात्र शिक्षा के साथ-साथ खेलों में बीवी बिन पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं।

# विधायक जगमोहन आनंद ने आमजन के साथ की चाय पर चर्चा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। नगर निगम** चुनावों के बाद विधायक जगमोहन आनंद ने इस रविवार को फिर से आमजन के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने के लिए जुटे और अपनी समस्याओं को भी उनके समक्ष रखा। विधायक ने तत्काल उनकी समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि करनाल की जनता उनका परिवार है और उनसे जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाना उनका दायित्व है। चाय पर चर्चा कार्यक्रम की शुरूआत भजन के साथ हुई। इसके उपरांत विधायक जगमोहन आनंद ने आमजन की समस्याएं



सुनी और मौके पर ही उनका समाधान किया। उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें भारी बहुमत से जीत दिलाकर हरियाणा विधानसभा तक पहुंचाया है। मैं जनता का सेवक हूं और उनका प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज हरियाणा विधानसभा में उठाऊंगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आज भी करनाल की जनता से विशेष लगाव है। मैं उनके प्रतिनिधि के तौर पर कार्य कर रहा हूं। करनाल की जनता से जुड़ी जरूरी मांगों को तत्काल पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी अपने दौरे

**चाय पे चर्चा**

**इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने के लिए जुटे और अपनी समस्याओं को भी उनके समक्ष रखा**

के साथ निरंतर करनाल शहर को कोई न कोई योजना की सौगात देकर जाते हैं। शहर में तेज गति से विकास कार्य जारी हैं।

**कम मतदान प्रतिशत पर मुख्यमंत्री को सौंपेंगे रिपोर्ट**
जगमोहन आनंद ने कहा कि नगर निगम चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा। लोगों ने कम वोट डाले। ऐसे में मुख्यमंत्री ने उनसे मतदान प्रतिशत कम रहने के कारणों को पूछा है। जल्द इस संबंध में रिपोर्ट तैयार करके मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सौंपी जाएगी। 6 महीने तक विपक्ष का नेता नहीं चुन पाई कांग्रेस विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाप्ति की ओर है। इस पार्टी में कोई कार्यकर्ता रहने वाला नहीं है। हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया है, लेकिन अभी तक विपक्ष का नेता नहीं चुना गया है। उनके नेताओं की बॉडी लैंग्वेज हताशा वाली है। उनकी कोई लीडरशिप नहीं है। हाईकमान खत्म हो चुका है। उनके सभी नेताओं की अलग-अलग कांग्रेस है। कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर है।

## संपादकीय

# संघर्ष और मनोबल के सारथी बने

**ऋषि मुनियों ने** कहा है श्रम से ही जीवन सार्थक होता है श्रम मनोबल संयम और तब जीवन के तत्व गुण हैं और इन्हीं से मनुष्य को मनुष्य होने का गौरव प्राप्त होता है। सफलता रातों रात नहीं मिलती,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह जल्द खत्म भी हो सकती है इसिलए निरंतर मेहनत,श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होती है,और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है,जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ जाया नहीं होती है वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाऐ भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका है एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता हैअसफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा है एसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे-धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगो यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और उसे इन्हीं परेशानियों का निदान भी सूझता नहीं है,पर जिनका का सकारात्मक रवैया होता है,उन्हें हर कठिनाई, परेशानी में निदान के उपाय एवं तरीके अपने सूझ बुझ से निकालने का फामूर्ला मालूम होता है, ऐसे व्यक्तियों का काम कभी रुकता नहीं और वे निर्बाध गति से आगे बढ़ते जाते हैं। यह सर्वविदित सत्य है की आपका संव्यवहार आपके व्यक्तित्व का दर्पण होता है। हर कार्य के संचालन संपादन में आपके व्यक्तित्व की परछाई स्पष्ट परिलक्षित होती है, आपका व्यवहार आपके चरित्र तथा स्वभाव के बारे में सब कुछ बता देता है।

# मौत के मुंह से वापस, बड़ी कूटनीतिक जीत

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

> यूरोपीय संघ की नई ₹0 बिलियन की सहायता पहल का उद्देश्य संभावित अमेरिकी वापसी के प्रभावों को कम करना है। सत्ता का शून्य रूस को पूर्वी यूरोप में नाटो के संकल्प को चुनौती देने के लिए प्रेरित कर सकता है। मोल्दोवा और बाल्टिक में रूसी हाइब्रिड युद्ध की रणनीति दशार्ती है कि मॉस्को पश्चिमी कमजोरियों का परीक्षण कैसे करता है। रूसी गैस पर निर्भर यूरोपीय देशों को नए सिरे से ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ सकता है, जैसा कि 2022 नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन तोड़फोड़ की घटना से उजागर हुआ, जिसने ऊर्जा युद्ध के लिए यूरोप की संवेदनशीलता को उजागर किया। जवाब में, यूरोपीय देश अमेरिका पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए एक स्वतंत्र सुरक्षा ढांचा स्थापित करने की कोशिश कर सकते हैं

**यूक्रेन** के लिए अमेरिकी समर्थन का दृष्टिकोण वर्तमान में अस्पष्ट है, जो राजनीतिक कारकों, सैन्य आवश्यकताओं और वैश्विक सम्बंधों द्वारा आकार लेता है। यूक्रेन को अमेरिकी सहायता का स्तर राजनीतिक परिदृश्य, यूक्रेन में चल रही सैन्य स्थिति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों के साथ सहयोग पर निर्भर करेगा। जैसे-जैसे अमेरिका और दुनिया भर में परिस्थितियाँ बदलती हैं, यूक्रेन के लिए समर्थन का प्रकार और मात्रा भी बदलती रहेगी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिले हैं। हाल ही में, यूक्रेन के साथ सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करना रोक दिया गया है, क्योंकि अमेरिका कीव को रूस के साथ शांति वार्ता में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहता है। इस बदलाव ने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं के बारे में चिंताएँ पैदा कर दी हैं, विशेष रूप से यू.एस. निर्मित पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की उपलब्धता के बारे में, जो कीव जैसे शहरों को रूसी हमलों से बचाने के लिए महत्त्वपूर्ण रही हैं। यूरोपीय सहयोगियों के पास इन प्रणालियों का कोई प्रत्यक्ष विकल्प नहीं है, जिससे यूक्रेन जोखिम में पड़ सकता है। इस बीच, राष्ट्रपति ट्रम्प रूस पर नए प्रतिबंधों और टैरिफ पर विचार कर रहे हैं ताकि मास्को को शत्रुता समाप्त करने के लिए मजबूर किया जा सके। यह रणनीति प्रत्यक्ष सैन्य समर्थन से आर्थिक रणनीति में परिवर्तन को चिह्नित करती है। इन परिवर्तनों ने यू.एस.-यूक्रेन सम्बंधों पर दबाव डाला है और यूरोपीय सहयोगियों के साथ तनाव पैदा किया है, जो यूक्रेन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्होंने पर्याप्त सैन्य खर्च पहल की घोषणा की है। अलग-अलग दृष्टिकोणों ने यूक्रेन की स्थिति के बारे में यू.एस और यूरोप के बीच बढ़ते विभाजन को जन्म दिया है। कुल मिलाकर, यूक्रेन के लिए यू.एस. समर्थन का भविष्य प्रत्यक्ष सैन्य सहायता से हटकर आर्थिक और कूटनीतिक रणनीतियों की ओर बढ़ रहा है, जो वर्तमान में विदेश नीति के व्यापक पुनर्मूल्यांकन का संकेत देता है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने फरवरी 2022 में रूस द्वारा पूर्ण रूप से आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेन को सैन्य और वित्तीय सहायता के साथ महत्त्वपूर्ण रूप से



सहायता की है। विभिन्न सहायता पैकेजों के माध्यम से अधिकृत कुल निधि लगभग 175 बिलियन डॉलर तक पहुँच गई है, जिसमें सैन्य सहायता के लिए काफी राशि आवंटित की गई है। हालांकि, हाल के बदलावों से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तहत अमेरिकी नीति में संभावित बदलाव का संकेत मिलता है, जिन्होंने रूस के साथ शांति वार्ता को प्रोत्साहित करने के प्रयास में यूक्रेन के साथ सभी सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करना बंद कर दिया है। यूक्रेन की सैन्य स्थिति नाजुक बनी हुई है। चल रही सैन्य सहायता महत्त्वपूर्ण है; विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि इसके बिना, यूक्रेन को युद्ध के मैदान में बड़ा नुकसान हो सकता है। अमेरिका उन्नत हथियारों और खुफिया जानकारी का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत रहा है जिसने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है। यदि अमेरिकी सहायता कम हो जाती है या पूरी तरह से बंद हो जाती है, तो विशेषज्ञों का मानना है कि इससे रूस की बड़ी ताकतों के खिलाफ अपनी रक्षा बनाए रखने की यूक्रेन की क्षमता में गंभीर बाधा आएगी। दूसरी ओर, यदि सहायता वर्तमान या बढ़े हुए स्तरों पर जारी रहती है, तो यह समय के साथ यूक्रेन की क्षमताओं को महत्त्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकती है।

2022 में रूस के आक्रमण के बाद से भू-राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करने में अमेरिका और यूक्रेन के बीच सम्बंध महत्त्वपूर्ण रहे हैं। 2024 तक, अमेरिका ने यूक्रेन को 119 बिलियन डॉलर से अधिक की सहायता प्रदान की थी, लेकिन हाल के राजनीतिक परिवर्तनों और बजट सीमाओं ने इस सहायता के भविष्य पर संदेह पैदा कर दिया है। इस अनिश्चितता का यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं और समग्र क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिका और यूक्रेन के नेताओं के बीच हाल ही में हुए आदान-प्रदान के दौरान तनाव को उजागर किया गया, जिससे अमेरिकी सैन्य और राजनयिक समर्थन की निरंतरता के बारे में चिंताएँ बढ़ गईं।

नियोजित राजनयिक दोपहर के भोजन को अचानक रद्द करना सद्भावना की कमी का संकेत देता है, जिससे कीव और यूरोपीय नेताओं में चिंता पैदा हो गई है। इसके अतिरिक्त, कई रिपब्लिकन राजनेताओं ने अमेरिकी सरकार की वर्तमान स्थिति का समर्थन किया है। अमेरिकी सैन्य सहायता में कमी रूस को यूक्रेन में अपनी कार्रवाइयों को तेज करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है, जिसके परिणामस्वरूप सत्ता शून्यता का लाभ उठाया जा सकता है। 2014 में क्रीमिया पर कब्जा करने जैसे अमेरिकी निष्क्रियता के ऐतिहासिक उदाहरणों ने पुतिन को अपने विस्तारवादी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया है। अमेरिका के समर्थन के बिना, यूक्रेन को अपनी रक्षा बनाए रखना चुनौतीपूर्ण लग सकता है, जिससे क्षेत्रीय नुकसान का जोखिम हो सकता है। अमेरिकी ऋ16 लड़ाकू विमानों की अनुपस्थिति यूक्रेन की हवाई श्रेष्ठता को कम कर सकती है, जिससे युद्ध के मैदान पर गतिशीलता प्रभावित हो सकती है। अमेरिका की कम उपस्थिति मास्को को बीजिंग के करीब ला सकती है, जिससे वैश्विक शक्ति सम्बंधों को नया आकार मिल सकता है।

चीन के साथ रूस के बढ़ते आर्थिक सम्बंध, विशेष रूप से ऊर्जा निर्यात में, इस भू-राजनीतिक बदलाव को दशार्ते हैं। यूरोपीय देशों को अमेरिकी वापसी से छोड़े गए शून्य को भरने के लिए कदम उठाने की आवश्यकता हो सकती है, जिससे उनकी अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव पड़ सकता है। जर्मनी और यू.के. ने पहले ही अमेरिकी अनिश्चितताओं के मद्देनजर नए सैन्य समर्थन के लिए प्रतिबद्धता जताई है। एक विखंडित पश्चिमी गठबंधन संघर्ष में गतिरोध पैदा कर सकता है, जिससे लंबे समय तक अस्थिरता बनी रह सकती है। कोरियाई युद्ध (1950-1953) इस बात की याद दिलाता है कि कैसे अनसुलझे महाशक्ति तनाव लंबे समय तक चलने वाले जमे हुए संघर्षों को जन्म दे सकते हैं। यूक्रेन से अमेरिका की कथित वापसी नाटो की सामूहिक रक्षा रणनीति को कमजोर कर सकती है। रूस की आक्रामकता को रोकने में असमर्थता बाल्टिक राज्यों और पूर्वी यूरोप के खिलाफ भविष्य के खतरों को भड़का सकती है। इससे यूरोपीय देशों पर सैन्य बोझ बढ़ेगा, जिससे उन्हें रक्षा खर्च बढ़ाने और सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

यूरोपीय संघ की नई ₹0 बिलियन की सहायता पहल का उद्देश्य संभावित अमेरिकी वापसी के प्रभावों को कम करना है। सत्ता का शून्य रूस को पूर्वी यूरोप में नाटो के संकल्प को चुनौती देने के लिए प्रेरित कर सकता है। मोल्दोवा और बाल्टिक में रूसी हाइब्रिड युद्ध की रणनीति दशार्ती है कि मॉस्को पश्चिमी कमजोरियों का परीक्षण कैसे करता है। रूसी गैस पर निर्भर यूरोपीय देशों को नए सिरे से ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ सकता है, जैसा कि 2022 नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन तोड़फोड़ की घटना से उजागर हुआ, जिसने ऊर्जा युद्ध के लिए यूरोप की संवेदनशीलता को उजागर किया। जवाब में, यूरोपीय देश अमेरिका पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए एक स्वतंत्र सुरक्षा ढांचा स्थापित करने की कोशिश कर सकते हैं। यूक्रेन के लिए चल रहा अमेरिकी समर्थन यूरोपीय सुरक्षा और वैश्विक स्थिरता दोनों के लिए महत्त्वपूर्ण है।

## कविता

### याद आती है।

याद आती है जिनकी सुगंध
समा गई सांसों और नस नस में।

याद आती है वह रतिया जो बस गई आंखों
में सोई हुई मेरी पलकों में।

और याद आते हैं अधर सुमधुर
रस जिनका मधुर घुल गया मेरे प्राणों में।

याद आते हैं पद कमल कोमल
बोल रही जिनकी पदचाप मधुर।

चुपके चुपके सूने में याद करता
बाट जोहता पद चिन्हों की शांत सदा।

खिंचे चले जाते पग पग मेरे
उन फैली बेसुध बांहों की ओर।

पुकारते रहे पुकारते रहे मनुहार कर,
छिपे हो कहां धारा में गगन या अनंत में।

तुम्हारे दरस को तरसे नयन हमारे
सामने आ जाओ सफल जीवन हो हमारा।

संजीव

# बदजुबान नेताओं का करें बहिष्कार ?

**तनवीर जाफरी**

**भारत** को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है। लोकतंत्र एक ऐसी शासन प्रणाली है जिसमें लोग अपने चुने हुए प्रतिनिधियों को वोट देकर एक ऐसी सरकार चुनते हैं जिस में सभी को समान अधिकार होते हैं। लोकतंत्र समानता, भागीदारी, और मौलिक अधिकारों के सिद्धांतों पर आधारित होता है। संक्षेप में एक लोकतान्त्रिक सरकार जनता की सरकार होती है जो जनता द्वारा,जनता के लिये चुनी जाती है। परन्तु प्रायः यही देखा गया है कि जनता की सेवा के नाम पर चुनावी पोस्टर,बैनर्स व कटआउट में हाथ जोड़े हुये वोट मांगते दिखाई देता नेता चुनाव जीतने के बाद जनता का प्रतिनिधि नहीं बल्कि जनता का 'बॉस ' बना नजर लगता है। सरकारी सुरक्षा, स्वागत,फूल-माला,जयजयकार,भाषणबाजी,अपने परिजनों व चेलों को फायदा पहुँचाना,जमकर लूट खसोट करना,दबंगई व चौधर दिखाना मंत्री बनने की जुगत भिड़ाना,यदि मंत्री हैं तो मुख्यमंत्री पद के लिये लालायित रहना उज्जवल राजनैतिक भविष्य की खातिर दल बदल की संभावनाओं को तलाशना आदि इसी तरह की 'समाजसेवा' में माननीय के 5 वर्ष बीत जाते हैं। और जनता 5 वर्षों बाद जब स्वयं को ठगा महसूस करती है तो ज्यादा से ज्यादा उसकी जगह किसी दूसरे का चुनाव कर लेती है। और वह भी अपने पूर्ववर्ती के नक़्शे कदम पर चलने लगता है। माननीयों द्वारा जनता की जरूरतों से मुंह मोड़ने और सारा ध्यान 'अपनी जरूरतों ' को पूरा करने में लगाने का ही नतीजा है देश में बढ़ती बेरोजगारी,मंहगाई,विकास बाधित होना,बिजली पानी सड़क स्वास्थ व शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतें समुचित तौर से आम जनता तक न पहुँच पाना और अराजकता व कानून व्यवस्था जैसी समस्याओं का लगातार बढ़ते जाना। और जब यही स्थिति अनियंत्रित होने लगती है उस समय यही शातिर नेता जनता से वोट झटकने के लिये तरह तरह के हथकंडे अपनाते हैं। समाज को धर्म व जातियों के आधार पर विभाजित करते हैं। क्षेत्र व भाषा जैसे भावनात्मक मुद्दे उछाल कर सस्ती लोकप्रियता अर्जित करते हैं,मंदिर मस्जिद जैसे विवादों को पहले खड़ा करते हैं फिर इसे हवा देते हैं। वैज्ञानिक युग में अवैज्ञानिक तर्क देकर लोगों का ध्यान भटकते हैं। और इसी 'शातिर सियासत ' का ही एक पहलू यह भी है कि नेताओं द्वारा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये तरह तरह की मुफ़्त योजनायें लागू की जाती हैं। जो सरकारें या पार्टियां इन योजनाओं को स्वयं चलाती हैं वे इन योजनाओं को बेहद जरूरी व जनहितकारी बताती हैं जबकि अन्य दलों के नेताओं को ऐसी योजनायें 'मुफ़्त की रेवड़ी ' नजर आती हैं। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम आदमी पार्टी कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाई जा रही ऐसी योजनाओं को 'मुफ़्त रेवड़ी कल्चर ' बता चुके हैं और इससे बचने की सलाह भी दे चुके हैं।

## विचार

# डॉनल्ड ट्रंप का भारत के प्रति रवैया

**प्रेम शर्मा**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का रूख भारत के प्रति सकारात्मक नही दिख रहा है। पहले अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को अपमानित कर बेडियॉ डालकर वापस भेजना फिर टैरिफ का हमला करना उनकी व्यापारिक कूटनीति का प्रमाण है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप टैरिफ के सवाल पर जिस तरह का अड़ियल रुख दिखा रहे हैं, उसके मद्देनजर अब यह उम्मीद करने का खास मतलब नहीं दिखता कि वह आखिरकार अपनी राह बदलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रंप ने उनके सामने टैरिफ पर जैसे को तैसा की नीति अपनाने की बात कह कर सबको चौंका दिया था। अब अमेरिकी संसद में उन्होंने दोबारा भारत का नाम लेते हुए 2 अप्रैल से इस नीति पर अमल की घोषणा कर रहा-सहा संदेह भी समाप्त कर दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप न केवल पिछली सरकारों के दौरान किए गए समझौतों और दी गई प्रतिबद्धताओं से पीछे हटते रहे हैं बल्कि कनाडा और मेक्सिको पर ऊंचा टैरिफ लगाकर अपने पिछले कार्यकाल के दौरान 2019 में इन देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते का भी निरादर करते दिख रहे हैं। ऐसे में यह सवाल पूछा जा रहा है कि उनके साथ कोई समझौता हो भी जाता है तो उसके टिके रहने की क्या गारंटी होगी। ऐसे में टैरिफ बढ़ने के खतरे को वास्तविक मानकर इससे उपजी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करना ज्यादा जरूरी है। यह कोई आसान राह नहीं साबित होने वाली, लेकिन दो स्तरों एक साथ प्रयास करते हुए आगे बढ़ा जा सकता है।जहां भी संभव हो अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क में कटौती कर बदले में अमेरिकी सरकार से रियायत ली जाए। इसके साथ ही ट्रंप की पॉलिसी से प्रभावित हो रहे अन्य देशों के साथ समझौता करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। मसलन, अमेरिकी बाजार में मुश्किलें झेल रहा कनाडा अभी हमारे काम आ सकता है। पुराने मतभेदों को फिलहाल एक तरफ करके आपदा की इस स्थिति में बन रहे अवसरों का तत्काल और बेहिचक इस्तेमाल करने की जरूरत है।

विशेषज्ञों के अनुार तो अमरीका के अड़ियल रूख को देखकर भारत को अमेरिका के साथ सभी बातचीत से हट जाना चाहिए। ट्रंप प्रशासन के साथ चीन और कनाडा जैसे देशों की तरह पेश आना चाहिए। अमेरिका भारत पर उन व्यापारिक मांगों को मानने के लिए भारी दबाव डाल रहा है जो ज्यादातर अमेरिकी हितों के पक्ष में हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके अधिकारी ज्यादातर गलत आंकड़ों का इस्तेमाल करके सार्वजनिक रूप से भारत का अपमान कर रहे हैं। ऐसे हालात में कोई भी संतुलित नतीजा संभव नहीं है। एक व्यापक व्यापार समझौता न केवल टैरिफ में कटौती पर, बल्कि सरकारी खरीद, कृषि सब्सिडी, पेटेंट कानूनों और अप्रतिबंधित डेटा प्रवाह पर भी अमेरिकी मांगों के लिए दरवाजे खोल देगा। भारत इसका लगातार विरोध करता रहा है। भारत बदले के दृष्टिकोण के तहत 90 फीसदी से अधिक औद्योगिक वस्तुओं को कवर करने वाली एक व्यापक पारस्परिक टैरिफ व्यवस्था पर विचार करे। ऐसे में भारत तभी टैरिफ खत्म करेगा जब अमेरिका भी ऐसा ही करे। डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से अमरीका में गाड़ी महंगी होने के चलते कंपनी कभी भी भारत में अपना बिजनेस नहीं बढ़ा पाएगी। कम एक्सपोर्ट से व्यापार घटा बढ़ता है। इकोनॉमी धीमी रफ्तार से बढ़ेगी। लेकिन इसके ठीक विपरीत भारत में रेसिप्रोकल टैरिफ से फूड प्रोडक्ट, टेक्सटाइल्स, क्लोदिंग, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, जेम्स एंड ज्वेलरी, फार्मास्यूटिकल्स और ऑटोमोबाइल जैसे इंडियन एक्सपोर्ट अमेरिकी बाजार महंगे हो सकते हैं। इससे ये सामान वहां कंपीट नहीं कर पाएंगे। अभी भारत के सामान पर अमेरिका कम टैरिफ लगाता है। जिससे भारत को ट्रेड सरप्लस का फायदा मिलता है। टैरिफ बढ़ने से भारत को ट्रेड सरप्लस से मिलने वाला फायदा कम हो सकता है। अमेरिका के ज्यादा टैरिफ से बचने के लिए अगर भारत अमेरिकी सामानों पर टैरिफ घटाता है, तो अमेरिकी चीजें भारतीय बाजार में सस्ती हो जाएंगी। इससे इन सामानों का इंपोर्ट बढ़ सकता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## ब्यूटी टिप्स

# होली के जिद्दी रंग छुड़ाने के घरेलू उपायः शहनाज हुसैन

**रंगों से** खेलना किसे नहीं पसंद होता। फिर जब मौका होली का हो, तो कौन ही किसी को रंग लगाने से चूकता है। लेकिन दिक्कत तो होली खेलने के बाद शुरू होती है, जब रंग छुड़ाने में छक्के छूट जाते हैं /

रंगों के बिना होली की कल्पना बहुत ही नीरस हो जाती है/

होली के मौके पर शाम को नए कपड़े पहनने का भी रिवाज है और शाम को घर आए मेहमानों के साथ भी गुलाल से थोड़ी.बहुत होली खेली ही जाती है। इस चक्कर में कई बार नए कपड़े भी रंग जाते हैं/ अगर आपकी त्वचा या कपड़ों पर होली का पक्का रंग लग जाये तो इसे छुड़ाने के लिए ज्यादा परेशान न हों। कुछ आसान तरीके अपनाकर आप इन रंगों को छुड़ा सकते हैं।

**सरसों के तेल से पहले ही तैयारी कर लें**

जब भी रंग खेलने के लिए निकलें, तो अपने बालों, चेहरे, हाथों और बाकी शरीर पर सरसों का तेल अच्छे से लगा लें। यह आपको चिपचिपा लग सकता हैए लेकिन रंग खेलने के लिए जरूरी है। सरसों का तेल लगाने से रंग आपकी त्वचा से बहुत ज्यादा चिपकता नहीं है। फिर जब आप नहाते हैं तो सरसों के तेल की वजह से रंग अपेक्षाकृत जल्दी छूट जाता है ।

सबसे पहले ध्यान दीजिये की रंग निकालने में गर्म पानी का उपयोग मत कीजिए

बल्कि ठंडे पानी का इस्तेमाल बेहतर होगा क्योंकि होली के रंग चेमिकल्स से बने होते हैं और गर्म पानी से

चेमिकल्स में रिएशन हो सकता है।

होली के बाद अगर आप खुद को रंग छुड़ाने की मशकत से बचाना चाहते हैं तो आपको होली के पहले से तयारी करना होगी/

1 ---खीरा -------रंगों को छुड़ाने के लिए खीरे का प्रयोग भी लाभदायक साबित होता है / खीरे का रस निकालकर उसमें थोड़ा सा गुलाब जल और एक चम्मच सिरका मिलाकर पेस्ट तैयार करें/

इससे मुंह धोने से चेहरे के जिद्दी रंग छूट जाएंगे और त्वचा में निखार भी आ जाएगा /

2 ---मूली ------होली के रंग छुड़ाने में मूली काफी कारगर साबित हो सकती है / मूली का रश निकाल कर उसमे दूध , बेसन या मैदा मिलाकर पेस्ट बना कर चेहरे, हाथों या गर्दन आदि पर पर हल्के हाथ से स्क्रब करें । कुछ देर इसे ऐसे ही लगा रहने दें/

3 ---बेकिंग सोडा -----होली के रंग छुड़ाने में बेकिंग सोडा भी मददगार सावित हो सकता है / इसके लिए एक बाल्टी में गर्म पानी में थोड़ा बेकिंग सोडा डालें। फिर इसमें होली के रंग से खराब कपड़ों को डालकर एक या डेढ़ घंटे के लिए छोड़ दें। इसके बाद पानी से कपड़ों को निकालकर साबुन से मलमल कर साफ करें ।तो होली का रंग निकल जाएगा।

# बहुत कुछ गड़बड़ है

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**बेटे की नौ**करी लगते ही घर के आंगन में शादी की बातों की बयार बहने लगती है। अड़ोस-पड़ोस से लेकर रिश्तेदारों तक सबकी निगाहें अब इस पर टिकी रहती हैं कि 'अब तो लड़के की शादी तय हो ही जानी चाहिए'। घर के बड़े-बूढ़े इस कार्य में पूरी तत्परता दिखाते हैं, गोया कि किसी अंतरराष्ट्रीय मिशन का संचालन कर रहे हों। शादी तय करने की प्रक्रिया को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखें तो इसमें कई महत्वपूर्ण चरण होते हैं - लड़की ढूंढना, लड़की के घर का निरीक्षण करना, कुंडली मिलाना, लड़की का चाल-चलन जांचना और फिर शादी की तारीख पक्की करना। परंतु इन सबके बावजूद कई बार बारात बिना घोड़ी पर चढ़े ही लौट जाती है। बेटे के लिए रिश्ता देखना कोई आसान काम नहीं। यह किसी ओलंपिक स्पर्धा से कम नहीं होता, जिसमें कई बाधाएं पार करनी पड़ती हैं। बस खबर उड़ते ही कि 'फलां जगह से रिश्ता आया है', लड़के की माँ दादी के पुराने जेवर निकालकर चमकाने लगती हैं और पिता लड़के को बार-बार आईने में देखने की सलाह देने लगते हैं। उधर लड़का मन ही मन अपनी शक्ल-सूरत और बैंक बैलेंस की समीक्षा करने लगता है। लेकिन जब आप लड़की देखने जाएं, तो निम्नलिखित संकेतों पर ध्यान देना न भूलें:

(1) आप अपने परिवार के साथ लड़की देखने पहुंचे और वहां स्वागत सत्कार की जगह ऐसा महसूस हो कि आप रेलवे स्टेशन पर मुफ्त वाईफाई ढूंढ रहे हैं, तो समझो कुछ तो...

(2) लड़की को देखने के बजाय पहले उसकी मौसी, बुआ और चाची अपनी बहू बनने की योग्यता पर व्याख्यान देने लगें और लड़की खुद पर्दे के पीछे से झांकते हुए मोबाइल चला रही हो, तो समझो कुछ तो...

(3) जब लड़की के पिता बजाय लड़की के गुणों पर चर्चा करने के, आपके परिवार में कितनी कारें हैं, घर में कितना बड़ा हॉल है, और बैंक बैलेंस कितना है, इसका डेटा एकत्र करने में जुट जाएं, तो समझो कुछ तो...(4) जब लड़की पक्ष वाले यह जताने की कोशिश करें कि उनके घर की बेटियां तो देवी स्वरूप हैं, मगर विवाह के बाद उन्हें रोजमर्रा के कामों से दूर रखा जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### दरौगा अपनी बीट की करें गहन साफ-सफाई, शहर को बनाएं चकाचक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। स्वच्छ सर्वेक्षण के** परिणाम में हमारा शहर टॉप रैंक हासिल करें, इसके लिए नगर निगम कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने निगम कार्यालय के सभागार में जोन प्रभारी व सफाई दरौगाओं के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि मेरी बीट-मेरी पहचान प्रतियोगिता चल रही है। दरौगा अपनी बीट को शहर की सबसे सुंदर व स्वच्छ बीट बनाएं। उन्होंने चारों जोन प्रभारियों को निर्देश दिए कि वह सम्बंधित क्षेत्र में आने वाली बीट का फरवरी माह के सफाई कार्य का आंकलन कर सोमवार तक रिपोट प्रस्तुत करें, ताकि आगामी कार्यवाही कर बीट के परिणाम जारी किए जा सकें। उन्होंने कहा कि आंकलन के लिए 15 पैरामीटर्स का प्रफोर्मा जारी किया गया है, उसी अनुसार ही रिपोर्ट पेश की जाए। इन पैरामीटर्स पर होगा आंकलन-अतिरिक्त निगम आयुक्त ने बताया कि मेरी बीट-मेरी पहचान प्रतियोगिता के तहत सफाई कार्य का आंकलन करने के लिए 15 पैरामीटर्स रखे गए हैं। इनमें सफाई मित्रों की शत प्रतिशत हाजिरी, पूरी वर्दी में आना, जन व सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई एवं रख-रखाव सुनिश्चित करना, डोर टू डोर चैकिंग, कूड़ा पृथक्करण, खाली प्लॉट की सफाई, पॉलीथिन मुक्त सडक व फुटपाथ, सी. एंड डी. वेस्ट फ्री, फुटपाथ व डिवाईडर की सफाई, बागवानी अपशिष्टद्द मुक्त, नाले व नालियों की सफाई, जंगली घास की कटाई, बेसहारा पशु मुक्त, बीट के अंतर्गत उपरोक्त कार्यों को लेकर कार्यालय में शिकायत न आना तथा बीट को सर्वश्रेष्ठद्द बनाने के लिए नया प्रयास किया जाना शामिल है।

### दयाल सिंह कॉलेज में गूंजे काव्य के सुर, देशभर के कवियों ने बांधा समां

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। अंतरराष्ट्रीय महिला** दिवस के उपलक्ष्य में दयाल सिंह कॉलेज द्वारा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी (उर्दू प्रकोष्ठ) के सहयोग से एक भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर से पधारे ख्याति प्राप्त कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन ने कविता की शक्ति, उसकी सामाजिक प्रासंगिकता एवं साहित्य की प्रभावशीलता को नए आयाम दिए। कॉलेज प्राचार्या डॉ.आशिमा गक्खड़ एवं प्राध्यापकों ने मुख्य अतिथि वरिष्ठ रंगकर्मी एवं साहित्यकार रेशमा कल्याण मीरा सहित अन्य अतिथियों का पौधा भेंटकर स्वागत किया।

### अकाल तख्त पर हुआ घटनाक्रम से पंथ की गरिमा को पहुंचा भारी नुक्सान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शिरोमणि अकाली दल** हरियाणा के कद्दावर नेता सुरेंद्र पाल सिंह रामगडिया ने आज शिरोमणि अकाली दल को अलविदा कह दिया। उन्होंने कहा कि 1920 में जिस शिरोमणि अकालरी दल को सिख पंथ के लिए बनाया था। आज इस दल को एक परिवार की जागीर बना दिया। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल ने श्री अकाल तख्त और सिख मयार्दा को क्षति पहुंचाया हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से शिरामणि अकाली दल के एक परिवार को फायदा पहुंचाने के लिए एसजीपीसी ने अकाल तयत के दो साहिवान को हटाया गया हैं। उन्होंने बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अकाली दल की बी टीम बनकर रह गई हैं। उन्होंने कहा कि आज सिख पंथ के लिए दुखद पल हैं। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल एक पंजाबी पार्टी बन कर रह गई हैं। वह आज पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मीत प्रधान रघुजीत सिंह विर्क के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अकाल तख्त के जिन जिन दो सिंह साहेवानों को हटाया हैं। उनके द्वारा लगाए आरोपों की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल की वदहाली और कौम के विभाजन के लिए एसजीपीसी के मीत प्रधान जत्थेदार रघुजीत सिंह विर्क जिम्मेदार हैं।

# लिंगानुपात सुधार में करनाल जिला बना प्रदेश का सिरमौर

## मुख्यमंत्री ने एडीसी यश जालुका को ढाई लाख की राशि का चेक व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बेटी** बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान प्रदेश में जन आंदोलन का रूप ले चुका है। जिसके चलते लिंगानुपात सुधार में करनाल जिला में 1 हजार लडको की तुलना में 926 का आंकड़ा पार कर गया है और करनाल जिला प्रदेश का सिरमौर बन गया है। इस उपलब्धि के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका और महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद



को लिंगानुपात सुधार में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 2 लाख 50 हजार रुपए की राशि का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, जो कि करनाल जिलावासियों के लिए गर्व की बात है ।बता दें कि वर्ष 2014 में जिला में लिंगानुपात 886 थाए वर्ष 2018 में यह अनुपात बढकर 934 हुआ। वर्ष 2023 में लिंगानुपात 908 हो गया, जो कि वर्ष 2022 के लिंगानुपात से 5 पाइंट ज्यादा था। गत वर्ष 2024 में लिंगानुपात सुधार होकर 926 का आंकड़ा पार कर गया, जो कि वर्ष 2014 की तुलना में 40 पाइंट ज्यादा है। कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को रोकने तथा लिंगानुपात की स्थिति में सुधार लाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आपकी बेटी-हमारी बेटी जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं और इन योजनाओं का महिलाओं को लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि भ्रूण हत्या को रोकने के लिए पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत निगरानी रखी जाती है। इसके साथ ही बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ के तहत बेटियों और बेटों में भेदभाव न हो, इसको लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उपायुक्त उत्तम सिंह के कुशल मार्गदर्शन और महिला एवं बाल विकास विभाग के टीमवर्क के चलते करनाल जिला इस उपलब्धि को हासिल करने में सफल हुआ है।

## गांव कांवला में सात दिवसीय एनएएस कैम्प आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** डीएवी कॉलेज (लाहौर)अंबाला शहर द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गांव कांवला में आयोजित सात दिवसीय एन.एस.एस कैंप के पांचवें दिन विद्यार्थियों ने योग से दिन की शुरूआत की। डॉक्टर प्रियंका चौधरी ने कई तरह के योगासन सिखाएं। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को जिला में रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा क्रियान्वित एवं कार्यक्रम जैसे सामाजिक गतिविधियां जैसे रक्तदान, कृत्रिम अंग निर्माण, सहायक उपकरण वितरण, वृद्ध आश्रम, बेघर आश्रम, जागरूकता कार्यक्रम बारे अवगत करवाया और बताया कि आप रैडक्रॉस के साथ जुडकर मानव कल्याण के कार्य कर सकते हैं। प्राथमिक सहायता से लेकर दुर्घटना के समय सावधानी पूर्वक मौके पर प्राथमिक सहायता प्रदान कर आप किसी व्यक्ति की अस्पताल जाने से बहुमूल्य जीवन बचा सकते हैं। राकेश मक्कड़ ने दूसरे चरण में क्लिपिंग थैरेपी से हेल्थ बैनिफिट बताएं। विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस से संबंधित जानकारी दी।

### अवैध खनन में लिप्त दो ट्राली, ट्रैक्टर व ट्रक जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला के** खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार अवैध खनन-परिवहन में लिप्त तीन वाहनों को जब्त किया गया है। खनन अधिकारी के अनुसार खनन व भू विज्ञान विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के निदेर्शानुसार जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुहिम जारी है। उन्होंने बताया कि गत दिवस सदरपुर क्षेत्र में अवैध रेत से भरी दो ट्राली व एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। एक ट्रैक्टर चालक ट्राली छोडकर भाग निकला।

## जिंदल के जन्मदिन पर छात्रों को दी गई सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः सांसद नवीन जिंदल** के जन्मदिन के अवसर पर नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के तहत पात्रों में योजना का लाभ वितरित किया गया। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि दर्जनों बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए इस योजना के तहत प्रमाण पत्र दिए गए। सांसद नवीन जिंदल के जन्मदिन पर छात्रों को छात्रवृत्ति की सौगात दी गई है। बाऊजी स्व.ओपी जिंदल जी की सोच थी कि संसाधनों के अभाव में कोई बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। उनके इसी स्वप्न को साकार करते हुए सांसद नवीन जिंदल ने यशस्वी



छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत की है। फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल के मार्गदर्शन में यह योजना खूब फलीभूत हो रही है। इस अवसर पर सीए अश्विनी जैन ने कहा कि बिजनेसमैन लाखों की संख्या में हैं लेकिन समाज को साथ लेकर उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास करने की दिशा में जिंदल समूह का योगदान अग्रणी है। उन्होंने कहा कि देश की आबादी के हिसाब से प्रत्येक नागरिक को सरकारी नौकरी संभव नहीं है। ऐसे में केवल उद्यमिता के जरिए ही रोजगार स्थापित किया जा सकता है। 60 प्रतिशत रोजगार उद्यमियों की बदौलत ही युवाओं को मिल रहा है। इसलिए युवा नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाते हुए अपने अंदर उद्यमी बनने के गुण विकसित करें। उन्होंने कहा कि जो युवा छात्रवृत्ति योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्हें अपनी सोच बनानी चाहिए कि लक्ष्य प्राप्ति के बाद वे भी जरूरतमंद लोगों की इसी तरह से मदद करेंगे।

सांसद कार्यालय के डॉ. राज कुमार ने बताया कि योजना के तहत आए सैकड़ों आवेदनों में से पैरामीटर पर खरा उतरने वाले छात्र छात्राओं का चयन करते हुए आज उन्हें इस योजना के प्रमाण पत्र दिए गए हैं। इस अवसर पर सांसद जिंदल के समर्थकों ने उनके जन्मदिन की खुशी मनाते हुए पौधारोपण किया और मिठाइयां वितरित की।

### मांगों को लेकर सडकों पर उतरी मिड-डे मील वर्कर्स

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आज एक तरफ** जहां देशभर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा था, वहीं दूसरी तरफ मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की महिलाएं अपनी मांगों को लेकर सडकों पर उतरी। महिलाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और जिला सचिवालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करने और न्यूनतम वेतन तय करने की मांग उठाई। यूनियन की जिला सचिव संतोष और अन्य महिला प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर सरकार महिलाओं को मजबूत और सशक्त बनाने की बातें करती है, वहीं दूसरी ओर आशा वर्कर, मिड.डे मील वर्कर और आंगनवाड़ी वर्करों का शोषण किया जा रहा है। महिला दिवस पर भी वे अपनी आवाज बुलंद करने के लिए सडकों पर उतरने को मजबूर हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि न तो समय पर वेतन दिया जाता है और न ही कोई भत्ता मिलता है। काम का बोझ लगातार बढ़ाया जाता है, लेकिन पैसों में कटौती कर दी जाती है। सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा जरूर देती हैं, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। महिलाओं के हक और सम्मान की बात करने वाली सरकार अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से नहीं निभा रही है।

## आज के विद्यार्थी को भारतीय संस्कृति की तरफ लौटना होगा: डा. राधेश्याम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गुरूनानक खालसा कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार में देश-विदेश से विभिन्न विद्वानों ने भाग लिया और अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। आईसीएसएसआर तथा उच्चत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार सौजन्य से आयोजित अर्तराष्ट्रीय सेमीनार के समापन समारोह में इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलपति डॉ. जेपी यादव ने ऑन लाइन



बोलते हुए कहा कि हमें सोशल मीडिया का प्रयोग अति सावधानी के साथ करना चाहिए और इसके दुष्प्रभाव से बचना चाहिए। उन्होंने सफल आयोजन के लिए प्राचार्या प्रो. शशि मदान तथा संयोजक डॉ. देवी भूषण को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे चौ. देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा एवं गुरु जम्भेशवर विश्वविद्यालय सिरसा के पूर्व कुलपति डॉ. राधेश्याम शर्मा ने कहा कि आज के विद्यार्थी को भारतीय संस्कृति की तरफ लौटना होगा। उनमें चरित्र और नैतिकता को होना चाहिए। सोशल मीडिया पर भाषा में अश्लीलता से बचना चाहिए। आरजी नेशनल विश्वविद्यालय पटियाला से आए डॉ.नरेश शर्मा वत्स ने कहा कि सोशल मीडिया ने मानव को अपने नियंत्रण में ले लिया है। हम इसके आदी हो चुके हैं, हालांकि इससे हमारे ज्ञान में भी अभिवृद्धि हुई है। भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर से आए डॉ. प्रमोद मलिक ने कहा कि इंडिया के लोगों की पेटेंट का पता ही नहीं। मेहनत और रचना हम करते हैं और उसका अधिकांश फायदा विदेशी कम्पनिया ले जाती हैं। हमे अपने गुणों को पहचानना होगा। मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहबाद के प्राचार्य डा.अशोक चौधरी कहा कि सोशल मीडिया से भाषा मे विकार आ गया है।

## राजकीय महाविद्यालय जखोली में किया गया महिला दिवस का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः नेहरु युवा केन्द्र सोनीपत** (युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन राजकीय महाविद्यालय जखोली में किया गया। महिला दिवस पर 100 मीटर की दौड़ आयोजित की गईं जिसमे महाविद्यालय की लड़कियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया जिसमे प्रथम जोगिता,द्वितीय,आरती,तृतीय, राखी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसीपल तराना नेगी ने की उन्होंने लड़कियों को अंतरराष्ट्रीय महिला



दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यअतिथि जयवीर जी ने लड़कियों को उनके मूलभूत मानवाधिकार के बारे में बताया।साथ ही कहा कि हमे अपने अधिकारो के लिए दूसरे के अधिकारों का हनन नही करना चाहिए।कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को मेडल, सार्टिफिकेट,और गिफ्ट्स देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में प्रिंसीपल तराना नेगी, इंचार्ज किरण चौहान, व पूनम मैडम को महिला सशक्तिकरण पर प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

### हर क्षेत्र में महिलाएं लहरा रही हैं सफलता का परचम: सतविंदर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला फुटबाल** संघ के सहयोग से यंग स्टार फुटबॉल क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला खिलाडियों को सम्मानित किया गया और उनका हौसला बढ़ाया गया।
कार्यक्रम में महिला थाना इंचार्ज सतविंदर कौर ने शिरकत की। कर्ण स्टेडियम करनाल में महिला फुटबॉल मैच खेला गया। महिला खिलाडियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सतविंदर कौर ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

## महिला कर्मचारियों के हित में एक ऐतिहासिक कदम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : अंतर्राष्ट्रीय महिला** दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा महिला कर्मचारियों के लिए 25 आकस्मिक अवकाश घोषित किए जाने पर हसला जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह कदम मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का परिचायक है। यह घोषणा महिला कर्मचारियों के हित में एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे उन्हें अपने कार्य और निजी जीवन में संतुलन बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं को अधिक सशक्त बनाएगी और कार्यस्थल पर उनकी



उपस्थिति और योगदान को और मजबूत करेगी। डॉ तरसेम कौशिक ने सभी महिला कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार का यह निर्णय न केवल महिलाओं के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, बल्कि इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाएगा। डॉ. कौशिक ने मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी और हरियाणा सरकार का विशेष आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए इसी तरह के महत्वपूर्ण फैसले लिए जाते रहेंगे। डॉ तरसेम कौशिक ने कहा कि हरियाणा सरकार कर्मचारियों की हित में फैसले ले रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के अनुरूप हरियाणा में भी हाउस रेंट अलाउंस (ल्फ्अ) 10% करें ताकि सभी कर्मचारियों को लाभ मिल सके। जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने कहा कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को 10% ल्फ्अ दिया जा रहा है, लेकिन हरियाणा सरकार अभी भी पुरानी दरों पर ही भुगतान कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई के इस दौर में शिक्षकों को आर्थिक राहत देने के लिए ल्फ्अ में बढ़ोतरी जरूरी है। इसके साथ ही हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन की लेक्चरर पदनाम करने की वर्षों पुरानी मांग पर भी मुख्यमंत्री को संज्ञान लेते हुए सभी प्राध्यापकों का लेक्चरर पदनाम भी शीघ्र बहाल करने की घोषणा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही हसला का प्रतिनिधिमंडल राज्य प्रधान सतपाल सिन्धु के नेतृत्व में हसला की चिरपरिचित मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री तथा शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों से मिलेगा।

## औषधीय उत्पादों की देशभर में डिमांड बहुत अधिक : प्रो. सुरेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। स्वास्थ्य लाभ** और आर्थिक समुद्धि के लिए अश्वगंधा की खेती के प्रति विशेष तौर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति की जागरूकता के लिए महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में अश्वगंधा के औषधीय गुणों तथा इसकी खेती के फायदों के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला रविवार को संपन्न हो गई। राष्ट्रीय कार्यशाला के अंतिम दिन एमएचयू के माननीय कुलपति प्रो.सुरेश मल्होत्रा ने विशेष तौर पर शिरकत की। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.सुरेश ने कार्यशाला में आए



प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला करने का मुख्य उदेश्य औषधीय पौधों के उत्पादन एवं प्रयोग के बारे में जागरूक करना है, जिससे सीधे तौर पर किसानों को फायदा पहुंचे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में औषधीय पौधों का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है, साथ ही खपत भी ज्यादा हो रही है। लेकिन किसान खपत के अनुरूप औषधीय पौधों का उत्पादन नहीं कर पा रहे है। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधों से बहुत सारे आयुर्वेदिक उत्पाद बन रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत कारगर हैं। औषधीय पौधों के बारे में पूरी जानकारी किसानों को हो, इसके लिए इस प्रकार की कार्यशाला आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधों की खेती बढ़ेगी, तभी तो औषधीय उत्पाद बनाने वाली दवा कंपनियों व फैक्ट्रियों के पास कच्चा माल पहुंच सकेगा। आज औषधीय खेती करके किसान परपंरागत फसलों के मुकाबले बहुत अधिक लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने कार्यशाला में आए किसानों को बधाई देते हुए कहा कि ये कार्यशाला उनके लिए काफी लाभदायक साबित होगी। आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से आए आयुर्वेद विशेषज्ञ डा. नेहा कौशल ने अश्वगंधा के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आयुर्वेदिक उत्पादों का प्रयोग सही प्रकार से करना चाहिए।
क्डॉ.महा सिंह ने किसानों को बताया कि समय पर अश्वगंधा की खेती की करनी चाहिए, इसके लिए क्या-क्या जरुरी होता है।

**एमएचयू की भूमिका और तकनीक विस्तार में योगदान के विजन से किसानों का उत्साह बढ़ाया**

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ.विमला सिंह ने अश्वगंधा की खेती के लिए उन्नत किस्मों और बीज तथा पौध की आपूर्ति के लिए महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा मिलकर तकनीक विस्तार पर अपने व्याख्यान में चर्चा की तथा बीज की शुद्धता पर संभावित शोध से अवगत कराया। मिशन 2047 के लिए अश्वगंधा की खेती के नए आयामों पर सत्र में चर्चा में उन्होंने बीज और पौध पर बड़े स्तर पर एमएचयू की भूमिका और तकनीक विस्तार में योगदान के विजन से किसानों का उत्साह बड़ाया।

## एनडीपीएस एक्ट के दो मामलों मे तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी नारकोटिक सेल** की टीम ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज दो मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से 30.900 किलो गांजा व 116 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर छापामारी करके नगला चौक से आरोपी मुस्तकीम पुत्र अब्दुल मजीद निवासी अंसरायण मोहला थाना कैराना शामली उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से मौके पर 116 ग्राम अफीम बरामद की गई। आरोपी के



खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरे मामले मे एंटी नारकोटिक सेल टीम की दूसरी टीम द्वारा नाकाबंदी करके गांव टपराना करनाल से आरोपी सोनू सैनी पुत्र लख्मीचद निवासी गांव टपराना थाना सदर करनाल और विशाल पुत्र मौसमी निवासी डेहा बस्ती थाना इंद्री करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मौके पर 30 किलो 900 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई।

## न्यूज फ्लैश

### बैंक में आए दिल्ली पुलिस के जवान की गुंडागर्दी, सिक्योरिटी गार्ड की आंख पर मारी चोट

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित बैंक में नकदी लेने आए दिल्ली पुलिस के जवान की गुंडागर्दी देखने को मिली। आरोप है कि जवान ने सिक्योरिटी गार्ड पर हमला कर घायल कर दिया। गार्ड को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। घायल का दिल्ली के अस्पताल में आंख का ऑपरेशन हुआ है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मयूर विहार निवासी महताब ने बताया कि वह मॉडल टाउन स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में बतौर सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात है। गत 27 फरवरी को वह बैंक में अपनी ड्यूटी पर तैनात था। उसी दौरान बैंक में एक युवक अपनी मां संतोष के साथ रुपये निकलवाने के लिए बैंक में आए हुए थे। उन्होंने बैंक से करीब पांच लाख रुपये की राशि निकालने की बात कही। खजांची ने पर्याप्त रुपये न होने की बात कही। जिस पर युवक भड़क गया। बीच-बचाव करने के लिए वह आया। अपनी मां के साथ आए रवि नाम के युवक पर उस पर हमला कर दिया। उसकी आंख पर चोट लगी। दोनों मां-बेटा उसे धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां से उसे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती करवाया। उसकी आंख का ऑप्रेशन होने की बात कही। उसकी आंख का दिल्ली के अस्पताल में उपचार करवाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई दिनेश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया है।

### शादी में मारपीट कर हमला करने की वारदात में शामिल छह आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** मुरथल थाना पुलिस ने शादी समारोह में मारपीट करने व हत्या प्रयास की वारदात में शामिल छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मनीष उर्फ बाबा, सुमित उर्फ भास्कर, प्रशांत उर्फ कुकु, अमित उर्फ तोती, श्यामा व पवन निवासी टिकौला है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बरोदा मोर निवासी रोहित ने गत 27 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि 25 नवंबर को उसके चाचा रमेश के लड़के की शादी थी। वह शादी में अपने साथी सोनू, आकाश, साहिल, मनीष, सन्नी, विशाल की गाड़ी स्कॉर्पियो में सवार होकर गांव गढ़ी टिकोला जिला सोनीपत आया हुआ था। जब वह डीजे पर नाच रहे थे। उसी समय घोड़ी वाला घोड़ी लेकर आगे आ रहा था। रुपये फेंकने के बाबत घोड़ी वाले से उसकी व उसके दोस्तों की कहासुनी हो गई। गाली-गलौज के बाद उनका राजीनामा भी हो गया। उसके बाद खाना-खाकर वापस अपनी गाड़ी में बैठ गए। उसी दौरान घोड़ी वाला श्याम अपने साथ पवन निवासी टिकौला व अन्य साथियों को लेकर पहुंचा। जहां उनका रास्ता रोककर मारपीट की। उसके बाद धमकी देकर फरार हो गए। उपचार के लिए वह नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने आकाश को पीजीआई रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक संदीप की टीम ने वारदात में शामिल छह आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# लिटिल मिलेनियम स्कूल ने पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का किया आयोजन

### कार्यक्रम का सफल संचालन मेघा मैम ने किया, जिन्होंने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से पूरे आयोजन को रोचक बनाए

**प्रशिक्षण**

**अभिभावकों को स्कूल की शिक्षण पद्धति और बच्चों के समग्र विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** लिटिल मिलेनियम स्कूल द्वारा पर्ल एमएआरसी में पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों को स्कूल की शिक्षण पद्धति और बच्चों के समग्र विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ लिटिल मिलेनियम टीम और मुख्य अतिथि दुष्यंत बख्शी एवं राजेंद्र सैनी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात शिक्षकों द्वारा मंगल प्रार्थना प्रस्तुत की गई कार्यक्रम का सफल संचालन मेघा मैम ने किया, जिन्होंने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से पूरे आयोजन को रोचक बनाए रखा। इस अवसर पर लिटिल मिलेनियम की शैक्षणिक प्रमुख (अकैडमिक हेड) रेनू पुनिया मैम और अमृता मैम ने अभिभावकों के लिए एक विशेष सेमिनार प्रस्तुत किया। उन्होंने लिटिल मिलेनियम स्कूल की शिक्षण पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जो बच्चों के संपूर्ण विकास पर जोर देती है। उन्होंने समझाया कि इस पाठ्यक्रम के माध्यम से बच्चों के मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा दिया जाता है इसके अलावा, उन्होंने स्कूल की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लिटिल मिलेनियम में अनुभवी शिक्षक बच्चों की रुचि और क्षमताओं के अनुसार उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। साथ ही बच्चों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाता है, जहां खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से रोचक और प्रभावी ढंग से शिक्षा दी जाती है। स्कूल प्रबंधक श्री परमिंदर सिंह बाठ ने लिटिल मिलेनियम की भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अब स्कूल सेक्टर-3 और 7ए में भी उपलब्ध होगा, जिससे अधिक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सकेगा कार्यक्रम में लिटिल मिलेनियम की टीम के सदस्य कंवर सर (नॉर्थ जोन हेड), रेनू पुनिया मैम, अमृता मैम (अकैडमिक हेड), तथा करण सर (मार्केटिंग मैनेजर) विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा, उछड ज्योति मैम, ढफ्ह पूजा मैम और प्रिंसिपल सुनीता अरोड़ा जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बनाया।

## भागवत पुराण वैष्णववाद का केंद्रीय ग्रंथ है: राजीव जैन



**आत्मज्ञान**

**यह ग्रंथ धर्म का एक ऐसा रूप प्रस्तुत करता है जो वेदों से प्रतिस्पर्धा करता है: राजीव जैन**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** भागवत पुराण वैष्णववाद का केंद्रीय ग्रंथ है, यह ग्रंथ धर्म का एक ऐसा रूप प्रस्तुत करता है जो वेदों से प्रतिस्पर्धा करता है जिसमें अंततः आत्मज्ञान, मोक्ष और आनंद की तरफ ले जाती है, श्रीमद् भागवत का पाठ करने से पुण्य मिलता है और पापों का नाश होता है। उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने मुरथल रोड़ पर व्यास गद्दी पर विराजमान संजय शास्त्री के मुखारविंद से कथा श्रवण करने के बाद श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। कथा के बाद 108 कुंडीय यज्ञ भी किया गया, कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी एडीवर शर्मा तथा व्हडर अधिकारी नरेंद्र शर्मा भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। कथा व्यास संजय शर्मा ने कहा कि भागवत कथा का मूल मंत्र सदाचार है जो इसे अपना लेता है समाज उसे सम्मान की दृष्टि से देखता है, ऐसे व्यक्ति भगवान से भी प्रेम करते हैं। भागवत कथा में भक्ति, ज्ञान ,वैराग्य, ज्ञानयोग, कर्मयोग, समाज कार्य, स्त्री धर्म तथा राजनीति का ज्ञान भरा है।

## फर्जी कागजात बनवाकर दोस्त की गाड़ी बेचने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने फर्जी कागजात बनवाकर दोस्त की गाड़ी बेचने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अफसर अली निवासी गाजियाबाद यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव कबीरपुर निवासी राजेश ने गत 20 सितंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह कार मोटर्स के नाम से सेल-परचेज का काम करते है। उनकी दोस्ती राई इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्री चलाने वाले हन्नी से हो गई थी। हन्नी के पास उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद गरिमा गार्डन के पास रहने वाले अफसर अली आता था। उनकी दोस्ती थी। जिसके चलते उनकी जान पहचान भी अफसर अली से हो गई। अफसर अली सोनीपत में रहता है। अफसर अली मुरथल स्थित होटल के बाहर से रिश्तेदारी में जाने के लिए उनकी एक्सयूवी-700 मांगकर ले गया था। बाद में गाड़ी नहीं दी। बाद में अफसर अली ने जाली कागजात बनवा कर गाड़ी अपने नाम करा ली।

## ह्यूमन क्रेडिट सोसायटी के मालिकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर की नारेबाजी

**प्रदर्शन**

**कंपनी मालिकों की गिरफ्तारी और लूटा गया धन पब्लिक को वापिस दिलवाने तक आंदोलन जारी रहेगा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: निवेशकों** और एजेंटों के हजारों करोड़ ले कर भागने वाली ह्युमन वेल्फेयर क्रेडिट सोसाइटी की ठगी के शिकार पीड़ितों ने कम्पनी मालिकों की गिरफ्तारी व लूटे गये रुपये वापिस दिलाने की मांग को लेकर स्थानीय गोल्डन पार्क में नारेबाजी की और आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने पीड़ितों की मांगों का समर्थन करते हुए बताया कि कम्पनी मालिकों की गिरफ्तारी और लूटा गया धन पब्लिक को वापिस दिलवाने तक आंदोलन जारी रहेगा। कपूर ने आरोप लगाया कि समालखा सहित पूरे प्रदेश में हजारों करोड़ की ठगी करने वाले कम्पनी मालिकों को सरकार व राजनेताओं का खुला संरक्षण है। गत 5, मार्च को प्रदेश भर के हजारों पीड़ित निवेशक व एजेंट कुरुक्षेत्र में प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी दे चुके हैं। लेकिन सरकार कोई ठोस कारवाई नहीं कर रही कपूर ने बताया कि स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रशासन के उच्च अधिकारी इस फ्रॉड कम्पनी के कार्यक्रमों में शामिल होते रहे हैं। इसीलिए बड़े मगरमच्छों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रह। जबकि कम्पनी के 2,3 छोटे कर्मचारियों को अरेस्ट करके घोटाले को दबाया जा रहा है। कपूर ने बताया कि पिछले दस वर्षों से कृषि मंत्रालय से मान्यता प्राप्त होने का दावा करके पूरे प्रदेश में कम्पनी मालिक छोटे छोटे एजेंट्स और निवेशकों से हजारों करोड़ लेकर फुर्र हो गये हैं। लाखों निवेशक अब छोटे छोटे एजेंटों को परेशान व टॉर्चर कर रहे हैं, झगड़ रहे हैं। इन पीड़ितों में अधिकतर महिलाएं हैं। इस टॉर्चर से तंग हो कर कई जगह तो एजेंट आत्म हत्या तक कर चुके हैं। पुलिस कम्पनी मालिकों को अरेस्ट करने के बजाए लुटे पिटे निवेशकों और एजेंटों को धमका डरा रही है। इसे सहन नहीं किया जायेगा पीड़ितों को इंसाफ दिलाने के लिये आंदोलन तेज किया जायेगा।

## शहजादपुर खंड के गांव माजरा में विश्व महिला दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**सशक्त**

**महिलाओं को जल संरक्षण की जानकारी देते हुए महिलाओं को सशक्त करना और उनका सम्मान करना अति आवश्यक**

**अम्बाला:** शहजादपुर खंड के गांव माजरा में विश्व महिला दिवस मनाया गया जिसमें महिलाओं को जल संरक्षण की जानकारी देते हुए महिलाओं को सशक्त करना और उनका सम्मान करना अति आवश्यक है। इसी कड़ी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अंबाला द्वारा खंड शहजादपुर के गांव माजरा में महिला दिवस का आयोजन किया। गयाइस कार्यक्रम में खंड संयोजक इकबाल मोहम्मद ने विश्व महिला दिवस मनाए जाने के इतिहास पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत सरकार द्वारा कमेटी के गठन में 50% महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया यही समाज की आधी आबादी को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया कार्य में कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को महिला अधिकारों के लिए मजबूती से लड़ने का आह्वान किया उन्होंने समाज सेवक वह होम मैनेजर के तौर पर महिलाओं को पुरुष की तुलना में कहीं ज्यादा सफल बताया इस अवसर पर गांव माजरा की सरपंच नेहा शर्मा ने कार्यक्रम में पहुंचे विशेष अतिथि गण का भव्य स्वागत व उपहार दिए और इस प्रकार गांव माजरा में बड़ी धूमधाम से विश्व महिला दिवस मनाया गया।

## गर्भवती महिलाओं व बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए चलेगा स्पेशल टीकाकरण अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** जिला स्वास्थ्य विभाग जिले में गर्भवती महिलाओं व बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए स्पेशल टीकाकरण अभियान चलायेगा। अभियान की शुरूआत विभाग की तरफ से 17 मार्च को की जायेगी। विभाग की तरफ से अभियान को लेकर सर्वे करके प्लान को तैयार किया गया है। विभाग के उच्च अधिकारियों के नेतृत्व में सीएचसी व पीएचसी से चिकित्सा अधिकारियों की बैठक बुलाई है। ताकि कार्यक्रम को ठीक से अमली जामा पहनाया जा सके। बता दें कि गर्भवती व बच्चों को कई जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण अभियान चलाया जाता है। जागरूकता के अभाव में काफी गर्भवती व बच्चों को जरूरी टीके नहीं लग पाते। इससे वह खसरा, हेपेटाइटिस, रोटा वायरस, रूबेला, काली खांसी जैसी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। तमाम गर्भवती व शिशुओं की मृत्यु तक हो जाती है। इसे रोकने के लिए माइक्रो प्लान बनाकर टीकाकरण सर्वे कराया जाएगा।

**जिले में 20 हजार बच्चों के टीकाकरण कर रखा अभियान-** मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत जिले में लगभग 20 हजार बच्चों का टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। 100 फीसदी लक्ष्य पूरा करने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मंथन किया जाएगा। 17 मार्च से शुरू होने वाले अभियान के लिए टीकाकरण सभी स्वास्थ्य अधिकारी अलग-अलग बूथों का निरीक्षण करेंगे। इसके लिए निजी अस्पतालों और समाज सेवी संस्थाओं से भी सहयोग मांगा जाएगा। जिससे कोई भी बच्चा बिना टीकाकरण के न रहे। नियमित टीकाकरण सरकार का बहुत ही अहम कार्यक्रम है। कोरोना काल में यह कार्यक्रम प्रभावित हुआ।

## युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप

**सोनीपत:** मुरथल थाना क्षेत्र में किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अजय निवासी सरस्वती खेड़ा गढ़ माजरा कुरुक्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं लड़की को नारी निकेतन में भेज दिया। जानकारी मिली है कि लड़की आरोपित के साथ रहना चाहती थी। एक व्यक्ति ने गत 18 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी 17 जनवरी को अपने भाई को खाना देकर घर से कूड़ा डालने की बात कहकर बाहर गई थी। लेकिन वह वापस नहीं लौटी।

## होली पर्व को लेकर ट्रेन व बसों में प्रवासियों की बढ़ी भीड़

**घर का रुख**

**रंगों के इस त्यौहार को अपनों के साथ मनाने के लिए प्रवासी लोग अपने घरों की तरफ रुख करने लगे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: होली** त्यौहार को आने में कुछ ही दिन बाकी है। रंगों के इस त्यौहार को अपनों के साथ मनाने के लिए प्रवासी लोग अपने घरों की तरफ रुख करने लगे है। रंों से लेकर बसों में यात्रियों की भीड़ देखने स्टेशन व बस परिसर में देखने को मिल रही है। बस स्टैंड के दिल्ली रूट पर भीड़ देखने को मिल रही है। यात्रियों को बसों के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। हालांकि रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा देने के लिए बेहतर प्रबंध किए जा रहे है। किसी भी रूट पर यात्रियों की संख्या बढ़ते ही बस को रवाना कर दिया जाता है। बता दें कि जिले में औद्योगिक क्षेत्रों की संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं बड़ी संख्या में दूसरे प्रदेश के लोग कार्य करते है। आगामी दिनों में होली का रंगों का त्यौहार है। जिसे अपनों के बीच मनाने के लिए प्रवासी अब घरों को लौटने लगे हैं। ट्रेनों में वेटिंग लंबी होने से प्रवासियों को कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहे। ऐसे में प्रवासी अब रोडवेज बसों का रुख करने लगे हैं। यही कारण है कि कई दिनों से बस अड्डे पर दिल्ली रूट पर जाने वाले प्रवासियों की संख्या बढ़ी है। दिल्ली रूट पर दिन भर भीड़ लगने लगी है। हालात यह हैं कि टिकट लेने के लिए बूथ पर लंबी लाइन लग रही है। यात्रियों का कहना है कि उन्हें बसों के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली रूट पर हर घंटे बस रवाना की जा रही है। सोनीपत बस अड्डे से दिल्ली के लिए रोजाना 22 बसें जाती हैं। वहीं जयपुर, चंडीगढ़, आगरा जाने वाली बसें भी दिल्ली होकर ही जाती हैं। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की संख्या के हिसाब से बसों की संख्या भी बढ़ाई जाती है।

रंगों के त्यौहार को अपनों के बीच मनाने के लिए लोग अपने घरों की तरफ रुख करने लगे है। जिसके चलते दिल्ली रूट पर यात्रियों की संख्या बढ़ी है। दिल्ली के लिए हर घंटे बस रवाना की जा रही है। अन्य रूटों पर भी यात्री संख्या बढ़ते ही बस को रवाना कर दिया जाता है। बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा देने का हर संभव प्रयास किया जाता है। ताकि यात्रा में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

**-कर्मबीर गहलावत, डीआई, रोडवेज डिपो, सोनीपत।**

## श्रीश्याम कृपा सेवा मंडल ने धूमधाम से निकाली 9वीं निशान यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**



**ध्वज यात्रा**

**इस बार समिति द्वारा 35 मैट्रो रिक्शा लगाई गई है जो पार्किंग स्थल से श्याम मंदिर तक श्रद्धालुओं को लाने ले जाने का काम करेंगी**

चुलकाना धाम स्थित प्राचीन श्रीश्याम मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिक फाल्गुनोत्सव रविवार से शुरू हो रहा है। उत्सव को लेकर श्रीश्याम मंदिर को रंग बिरंगी लाइटो से जगमग किया गया है। हालांकि उत्सव कल से शुरू है,लेकिन श्याम बाबा के दर्शन करने को श्याम भक्तो का आवागमन पिछले एक सप्ताह से लगातार जारी है। शनिवार को समालखा की नई अनाज मंडी से चुलकाना धाम तक श्रीश्याम कृपा सेवा मंडल ने भी सैकड़ो भक्तो के साथ भव्य श्रीश्याम निशान यात्रा धूमधाम से निकाली। श्याम भक्त महिलाए व पुरुष एक दूसरे को गुलाल लगा कर जय श्रीश्याम के जयकारे लगाते हुए, डीजे पर मस्ती से झूमते नाचते चुलकाना धाम पहुंचे। ओर लाइन में लगकर बाबा के दर्शन किए। श्रीश्याम कृपा सेवा मंडल के प्रधान सुभाष गोयल व विजय जैन ने बताया कि यह उनकी 9 वीं निशान यात्रा है जो नई अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर से शुरू हुई ओर जीटी रोड,रेलवे रोड व चुलकाना रोड से पैदल मार्च करते हुए बाबा के धाम पर पहुंची। श्रीश्याम निशान यात्रा मे मंडल अध्यक्ष सुभाष गोयल,विजय जैन,रवि जैन,मनीष मित्तल व बीजेपी नेता राधेश्याम जिंदल के अलावा सैकड़ो महिलाओ ने हर्षोल्लास से भाग लिया। इसके अलावा भी कई गावों से श्रीश्याम भक्त नाचते झूमते ध्वज यात्राएं लेकर धाम पर पहुंचे। श्रीश्याम मंदिर सेवा समिति के प्रधान रोशन लाल छोक्कर ने बताया कि वैसे तो श्याम बाबा का मेला कल से शुरू हो जाएगा,लेकिन बाबा का मुख्य उत्सव एकादशी ओर द्वादशी को होगा। श्याम बाबा की मान्यता के अनुसार जिन परिवारो मे बाबा श्याम को कुल देवता के रूप मे कुल परम्परा है वे द्वादशी को ही बाबा की पूजा अर्चना करते है। उन्होंने बताया कि चुलकाना धाम मे श्रीश्याम बाबा का प्रचीन मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र है। वैसे तो हर माह की एकादशी व द्वादशी को हजारो श्रद्धालु यहा दर्शन करने आते है,लेकिन फाल्गुन मास मे यहा संख्या लाखो मे पहुंच जाती है। दूसरे प्रदेश से आने वाले श्याम भक्तो की सुविधा के लिए गांव की तरफ आने वाले सभी रास्तो पर बाहर ही वाहनो की पार्किंग बनाई गई है। लेकिन दिव्यांग व बुजुर्ग श्रद्धालुओ के लिए इस बार समिति द्वारा 35 मैट्रो रिक्शा लगाई गई है जो पार्किंग स्थल से श्याम मंदिर तक श्रद्धालुओ को लाने ले जाने का काम करेंगी।

## हिस्ट्रीशीटर की हत्याकांड मामले में एंटी स्पेशल गैंगस्टर यूनिट करेगी जांच

**जांच**

**मामले में अब जांच बहालगढ़ थाना से स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट (एसएयूजी) को सौंप दी गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर मुरथल थाना क्षेत्र में ढाबे बाहर हिस्ट्रीशीटर दीपक गुहणा हत्या व उसके दोस्त मंदीप पर जानलेवा हमला करने के मामले में अब जांच बहालगढ़ थाना से स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट (एसएयूजी) को सौंप दी गई है। दीपक व मंदीप पर कुमासपुर स्थित ढाबे के बाहर गोलियां चलाई गई थी। एसएयूजी की तीन टीम इस मामले में सुराग जुटा रही है। हालांकि अब तक पुलिस की टीमें कोई सुराग नहीं लगा पाई है। गांव दकोहा जालंधर पंजाब निवासी प्रीत कमल सिंह ने गत 27 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह एयर इंडिया में पायलेट के तौर पर कार्यरत है। गांव मुरथल निवासी कपिल आंतिल उनके दोस्त है। कपिल ने उनको एक मोबाइल नंबर भेजा था। जब वह दिल्ली के महिपालपुर में थे तो उन्होंने उस नंबर पर कॉल की थी। जिसके बाद बातचीत करने वाले युवक ने उन्हें दिल्ली में ही पीतमपुरा के पास बुलाया था। जब वह उनके पास पहुंचे तो कार में गांव गुहणा निवासी दीपक उर्फ भांजा व कपिल का चचेरा भाई मंदीप मिले थे। दिल्ली से चलकर वह कुमासपुर के पास वीर ढाबा के बाहर रुके थे। वहां पर 3-4 युवक कार में आए थे और दीपक पर गोलियां बरसा दी थी। मंदीप को भी गर्दन में गोली लगी थी। एक आरोपित बोल रहा था कि राहुल भूरी अपना काम पूरा करता है। पुलिस ने उनके बयान पर राहुल भूरी समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में अभी तक हमलावरों का सुराग नहीं लग सका है।

# डियन सिन्थेटिक रबड़ प्राइवेट लिमिटेड ने कौशल विकास शिविर में प्रशिक्षण उपरांत बांटे प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**इंडियन सिन्थैटिक रबड़** प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से अपने सामाजिक उत्तरदायित्त्व कार्यक्रम के तहत विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में गांव सौदापुर एवं आस-पास के 300 दिव्यांजनों व एससी, एसटी और बीपीएल महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत के तहत विभिन्न विषयों मे कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एम.एल. डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं और दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र वितरित किए।



डहरिया ने उपस्थित महिलाओं और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उदेश्य कमजोर वर्ग के दिव्यांगजनों व महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर समाज की मुख्यधारा में लाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि आइएसआरपीएल द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए यह एक अच्छी पहल है। जिससे दिव्यांगों और महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। जो समाज को उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं के सुखद भविष्य की कामना की। आइएसआरपीएल के प्रबंध निदेशक के.जयपाल ने बताया कि इन सभी कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर में 100-100 दिव्यांगों और महिलाओं को डाटा एंट्री ऑपरेटर का प्रशिक्षण 58 दिनों का, हेंडरोल अगरबत्ती व सुगंधित इसेन्स निर्माण का प्रशिक्षण 36 दिनों का और कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव का प्रशिक्षण 29 दिनों का दिया गया। इस अवसर पर 8 परीक्षार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट किया गया। मुख्य महाप्रबंधक मुकेश शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में कई बैंकों के प्रतिनिधि, स्टार्टअप के अधिकारी एवं कॉरपोरेट के अधिकारियों ने भी शिरकत की। और आवश्यक जानकारी जैसे बैंकों से ऋण कैसे प्राप्त करें। स्वंय सहायता समूह कैसे बनायें। अपने उत्पाद एवं व्यवसाय का प्रबंधन कैसे करें के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर आइएसआरपीएल के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सैम येन, सुमेश रजक, बीरबल सिंधू, पवन कुमार, सतनाम सिंह सरपंच सिठाना, सौदापुर सरपंच अजय कुमार, विशाल कुमार, रविन्द्र खारी, प्रमोद नागर आदि सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जरूरतमंद की सेवा के लिए हमेशा आगे रहते हैं सांसद नवीन जिंदल: कंवलजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः जिला परिषद** की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। लोगों के अंदर सेवा भाव और विश्वास की अलग जगाने में सांसद नवीन जिंदल का भरपूर योगदान रहा। चेयरपर्सन कंवलजीत कौर एलएनजेपी अस्पताल में सांसद नवीन जिंदल के 55 वें जन्मदिन के अवसर पर फल वितरण करने पहुंची थी। उन्होंने मरीजों में फल वितरित करते हुए कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सांसद नवीन जिंदल लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र में तीन मेडिकल वैन चलाई हुई हैं। जिनमें



एमबीबीएस चिकित्सक सहित सहयोगी स्टाफ और लैब टेस्ट की सुविधा भी दी गई है। सांसद नवीन जिंदल का प्रयास है कि इलाज के अभाव में कोई व्यक्ति बीमार नहीं रहना चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने निशुल्क दवाइयां व चेकअप की सेवा यहां चलाई हुई है। इसके अलावा वे समय-समय पर विशाल मेगा कैंप लगाकर भी लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहे हैं। उन्होंने जिक्र करते हुए कहा कि सांसद जब भी कार्यक्रमों के दौरान लोगों से रूबरू होते हैं तो उनका पहला प्रयास स्वच्छता एवं लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए उत्तम खानपान और एक्सरसाइज के प्रति सचेत करने का रहता है। अस्पताल के मरीजों ने भी सांसद नवीन जिंदल के जन्मदिन पर उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

## न्यूज फ्लैश

### निकाय चुनाव की कड़ी में रविवार को पानीपत शहर में 26 वाड़ों व मेयर पद के लिए चुनाब हुआ

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) सुबह आठ** बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया में वोट डालने के लिए सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लोग उमड़ने लगे। ज्यों ज्यों दिन निकलता गया, मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ बढ़ने लगी। दोपहर 12 बजे तक 20 प्रतिशत मतदान हुआ। चार बजे तक 43.5 प्रतिशत मतदान हुआ वहीं शाम पांच बजे तक 47 प्रतिशत मतदान हुआ। पानीपत नगर निगम चुनाव को लेकर 26 वार्डों के पार्षदों व मेयर के लिए 365 पोलिंग बूथ बनाए गए।निगम के चुनाव के लिए 40 बूथ सेंसिटिव है व 14 हाइपर सेंसेटिव है। हर बूथ पर कानून व्यवस्था की मजबूती को लेकर पुलिस बल तैनात की गई।निगम व पार्षद के चुनाव मे 4 लाख 11038 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 92164 महिला मतदाता व 2 लाख 18861 पुरुष मतदाता व 13 ट्रांसजेंडर मतदाता भी है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर किए पुष्प अर्पित

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर** पर सावित्री बाई फुले सेवा समिति सदस्यों ने माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान महिलाओं के उत्थान व शिक्षा में उनके योगदान को भी याद किया गया। वहीं समाज में महिला शिक्षा व सशक्तिकरण में उनकी भूमिका पर विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान प्रसाद वितरण किया गया और उपस्थित लोगों को सावित्रीबाई फुले के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। आयोजन में शिक्षकों, छात्राओं और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले का संघर्ष महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, और हमें उनके आदर्शों पर चलकर समाज में बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान मदन सैनी, राजेंद्र सैनी, धर्मबीर, हरिओम, मुकेश, श्याम पटवारी, गोपाल सैनी व विनोद सैनी मौजूद रहे। इसके साथ ही बलिदानी दलबीर सिंह राजकीय कालेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ द्वारा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रकोष्ठ प्रभारी डा. संगीता मान ने बताया कि प्रतियोगिता में कविता ने पहला, प्रीति ने दूसरा और साधना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गीता शर्मा, डा. मनदीप कुमारी और डा योगेंद्र रांगी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। डा. संगीता मान ने कहा कि महिलाओं की सहभागिता हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। दिनेश कुमार, डा. कीर्ति खत्री, डा. रजनीश कुमारी, विक्रम व नीरा आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 23,112 मुकदमों का आपसी सहमति से किया गया निपटारा

माननीय न्यायमूर्ति श्रीमती लिसा गिल , न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निदेर्शानुसार ० प्रमोद गोयल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत के नेतृत्व में ० प्रचेता सिंह , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ० सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत की देखरेख में आज सोनीपत, गोहाना, गन्नौर, ० खरखौदा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना क्लेम मामलों के 33 केसों का निपटारा किया गया, जिसमें वादियों का ? 2,65,00,500/- की समझौता राशि का निपटारा किया गया। इसके अलावा 11837 चालानों का निपटारा किया गया ० ?13318500 रुपये की राशि वसूली गई। इसके अलावा फौजदारी के 224 केसों का निपटान किया गया। 282 सिविल केस, 25 वैवाहिक विवाद संबंधी, 113 चेक बाउंस संबंधित केस का निपटान किया गया व ?1867500 /- की राशि का निस्तारण किया गया` डिस्ट्रिक्ट ए.डी.आर सेंटर, सोनीपत में स्थाई लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न बैंकों के बैंक रिकवरी से संबंधित 112 केसों का निपटान किया गया प्रचेता सिंह , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ० सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत ने बताया की आज सुभाष चंद्र सरोए, अतिरिक्त जिला ० सत्र न्यायधीश, सोनीपत, कुलदीप सिंह, प्रिंसिपल जज (फॅमिली कोर्ट), सोनीपत, अशोक कुमार मांन, अतिरिक्त जिला ० सत्र न्यायधीश, सोनीपत, मिस नेहा गोयल, सिविल जज (सीनियर डिवीजन), सोनीपत, आजाद सिंह, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सोनीपत, मिस आकांशा सैनी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सोनीपत ० मिस साक्षी गुप्ता, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सोनीपत ० उपमंडल स्तर पर मिस ज्योति, एस. डी. जे .एम, गोहाना, मिस वर्षा शर्मा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, गनौर, सोनीपत, विक्रांत , न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, खरखौदा, सोनीपत की बेंचो के द्वारा केसों का निपटारा किया गया।

# ये आन तिरंगा है,मेरी जान तिरंगा है...

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : सोशल ऑर्गेनाइजेशन** गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा शनिवार सांय रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित एक निजी होटल में सांसद नवीन जिंदल के सम्मान में "तिरंगा नवीन दिवस" कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए सचिव सुनील अंगीरस ने बताया कि समूह के म्यूजिकल ग्रुप "गाता रहे मेरा दिल" के 10 गायकों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति से देश प्रेम का जज्बा पैदा किया। समूह अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला,भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के



जिलाध्यक्ष संजीव सीकरी,दिनेश गोयल,राकेश कंसल,ललित चावला व श्याम जुनेजा ने दीप प्रज्ज्वलित किया।
इस दौरान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षाविद राज विज एवं मंजू सिंगला द्वारा समाज को दी गई उत्कृष्ट सेवाओं के मद्देनजर समूह द्वारा दौशाला,स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सरस्वती वन्दना एवं वंदे मातरम के उदघोष के साथ कार्यक्रम विधिवत शुरू हुआ जिसमें ग्रुप इंचार्ज सुनील भटनागर ने "ये आन तिरंगा है,मेरी जान तिरंगा है"...,पंकज शर्मा ने "झंडा ऊंचा रहे हमारा"....,संजीव सीकरी ने "हर घर तिरंगा"...,स्टार सिंगर जितेंद्र सेठी ने "गर्व है इस तिरंगे पर"...,सहदेव शर्मा ने "घर घर तिरंगा लहराएंगे"....,अभिषेक मिश्रा ने "हर करम अपना करेंगे ऐ वतन तेरे लिए"..., पवन शर्मा ने "ऐसा देश है मेरा.....,निशा गुप्ता ने "आई लव माई इंडिया...,कुसुम शर्मा ने "वंदे मातरम"...और कुश भुक्कल ने "झंडा तिरंगा इब लहरा दे पाकिस्तान मैं...इत्यादि गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम अधिकारी राजेश सिंगला ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का आम नागरिक को अधिकार दिलाने में कुरुक्षेत्र के सांसद एवं देश के विख्यात उद्योगपति सांसद नवीन जिंदल का अहम योगदान है।

# ह्युमन क्रेडिट सोसायटी के मालिकों की गिरफ्तारी की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**निवेशकों और एजेंटों के** हजारों करोड़ ले कर भागने वाली ह्युमन वेल्फेयर क्रेडिट सोसाइटी की ठगी के शिकार पीड़ितों ने कम्पनी मालिकों की गिरफ्तारी व लूटे गये रुपये वापिस
दिलाने की मांग को लेकर स्थानीय गोल्ड़न पार्क में नारेबाजी की और आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी । समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने पीड़ितों की मांगों का समर्थन करते हुए बताया कि कम्पनी मालिकों की गिरफ्तारी और लूटा गया धन पब्लिक को वापिस दिलवाने तक आंदोलन जारी रहेगा । कपूर ने आरोप लगाया कि समालखा सहित पूरे प्रदेश से हजारों करोड़ की ठगी करने वाले कम्पनी मालिकों को सरकार व राजनेताओं का खुला संरक्षण है । गत 5, मार्च को प्रदेश भर के हजारों पीड़ित निवेशक व एजेंट कुरुक्षेत्र में प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी दे चुके हैं। लेकिन सरकार कोई ठोस कारवाई नहीं कर रही ।कपूर ने बताया कि स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रशासन के उच्च अधिकारी इस फ्रॉड कम्पनी के कार्यकर्मों में शामिल होते रहे हैं। इसीलिए बड़े मगरमछों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही।

# यमुना नदी में अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई जारी: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। उपायुक्त** डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिला में होने वाले किसी भी प्रकार के अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध दिन-रात कार्यवाही की जा रही है। रात के अंधेरे में रेत का अवैध रूप से खनन करने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस थाना मुरथल में सीज करके खड़ा किया गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्रॉली मालिक/चालक के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि यमुना नदी से सटे गांव मेहन्दीपुर, गढ़ मीरकपुर व झुण्डपुर आदि गांव के कुछ शरारती व्यक्तियों द्वारा रात के अंधेरे में मौका पाकर यमुना नदी से रेत चोरी की प्राप्त शिकायतों को लेकर खनन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा यमुना नदी के घाटों का निरंतर मुआयना किया जा रहा है। यमुना नदी से रेत चोरी करने वाले व्यक्तियों पर प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा अवैध खनन से जुड़े ट्रक्टर ट्रॉली व अन्य वाहनों को समय-समय पर पकड़ कर जुमार्ना लगाया जा रहा है तथा मुकदमें भी दर्ज किए जा रहे हैं। नदी से अवैध रेत चोरी करने वाले के खिलाफ कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर अग्रसर हैं नवीन जिन्दल: राम कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** सांसद नवीन जिंदल के 55वें जन्मदिन के अवसर पर ब्रह्म सरोवर के तट पर स्थित प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हवन यज्ञ करवाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि इंद्री के विधायक एवं चीफ विहिप रामकुमार कश्यप ने भाग लेकर यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल अपने पिता स्व. ओपी जिंदल के दिखाए रास्ते पर चलते हुए समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर अग्रसर हैं। ऐसे बहुत कम लोग होते



हैं। जो दूसरों की जीवन शैली को सुधारने के लिए भी काम करते हैं। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल किस्मत के धनी व्यक्ति हैं। जिनके लोकसभा क्षेत्र में इतने समर्थक और प्रशंसक हैं कि वे उनके जन्मदिन पर जगह-जगह हवन यज्ञ, पौधारोपण, रक्तदान शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।
इससे उनके नेतृत्व के लोकप्रियता जग जाहिर होती है।

# नेता प्रतिपक्ष नहीं चुन सकी कांग्रेस पार्टी: दुष्यंत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पूर्व डिप्टी** सीएम दुष्यंत चौटाला शनिवार दोपहर बाद करनाल के रंबा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने जननायक जनता पार्टी के जिला प्रधान गुरुदेव रंबा के पिता सोहिंद्र सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। सोहिंद्र सिंह 75 वर्ष के थे, जिनकी 28 फरवरी को हार्टअटैक की वजह से मौत हो गई थी। इस दौरान चौटाला ने परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा के बजट सत्र को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि जो बजट हम छोडकर गए थे।

# नशामुक्त अभियान के तहत जनसंपर्क अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला पुलिस का नशामुक्त अभि**यान को लेकर सैल्फ हैल्प ग्रुप के साथ मिलकर जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के दिशा-निर्देश पर शोरगिर बस्ती में जनसंपर्क अभियान चलाकर महिलाओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाया । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र वरुण सिंगला के दिशा-निदेर्शों की पालना करते हुए पुलिस सुभाष मंडी चौंकी प्रभारी उप निरीक्षक मलकीत सिंह की



टीम ने जिला प्रोग्राम मैनेजर (नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन) की टीम के साथ शोरगिर बस्ती पहुंची। सैल्फ हेल्पिंग ग्रुप के मैनेजर ने बस्ती की महिलाओं को जिला प्रोग्राम अधिकारी द्वारा सरकार द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता के बारे में महिलाओं के ग्रुप को अवगत करवाया व उन्हें रोजगार करने बारे समझाया गया। शोरगिर बस्ती की सभी महिलाओं द्वारा सभी स्कीमों को समझकर उन्हें अपनाने का वादा किया व नशे के कारोबार को पूर्ण रूप से छोड़ने का संकल्प लिया। उन महिलाओं द्वारा पुलिस के इस कार्य की प्रशंसा की गई ।
इस मौका पर सुभाष मंडी चौंकी प्रभारी पीएसआई मलकीत ने कहा कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा नशे में संलिप्त लोगों को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा। पुलिस के इस प्रयास के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। बस्ती की महिलाओं ने इससै बाहर निकलने का संकल्प लिया है। पीएसआई मलकीत सिहं द्वारा अपील की गई की नशा बेचने तथा नशा करने वालों की सूचना पुलिस को दें । सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा।

# देश व माँ-बाप का नाम रोशन करें खिलाड़ी: कशोक कुमार ध्यानचंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) गीता यूनिवर्सिटी में** आयोजित तीसरी वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यतिथि पहुंचे मेजर ध्यान चंद के पुत्र अर्जुन अवार्डी अशोक कुमार ध्यान चंद ने कहा की अगर दिल में देश के प्रति कुछ करने का जज्बा हो तो इंसान कुछ भी कर सकता है। देश में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हरियाणा के खिलाड़ियों ने देश ही नहीं विदेश की धरती पर देश का नाम रोशन किया है। वर्तमान समय में खिलाड़ियों को अनेक सुविधाएं मिल रही है। खेल के माध्यम से देश व तिरंगे का मान बढ़ाए। उन्होंने युवाओं व खिलाड़ियों को मेहनत और लग्न से देश व माँ-बाप का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।आयोजित दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता में कंप्यूटर साइंस विभाग के खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा मैडल हासिल कर ओवर ऑल ट्राफी पर कब्जा जमाया। मुख्यतिथि अशोक कुमार ध्यानचंद व प्रो चांसलर अंकुश बंसल ने प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी, मैडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। जीयू में आयोजित दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार छात्रा अदिति व गौरव देशवाल ने बेस्ट एथलीट का खिताब अपने नाम किया।

# रायपुर गाँव में 121 ग्रामीणों ने करवाई स्वास्थ्य जाँच

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। माँ भारती रक्तवाहिनी** न सिर्फ रक्तदान बल्कि स्वास्थ्य जाँच शिविरों का भी लगातार आयोजन करवा रही है । सँस्था ने वार्ड 7 के गाँव रायपुर में स्वास्थ्य व आँखों की जाँच शिविर लगवाया जिसमे कुल 121 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई । जिसमे 90 ने आखों की जांच करवाई जिनमे से 30 बुजुर्गों को मोतियाबिंद पाया गया जिनका इलाज सरोफ चैरिटी ऑय होस्पिटल दिल्ली के द्वारा दृष्टि सेवा समिति सोनीपत के सहयोग से करवाया जाएगा । सँस्था के संस्थापक सदस्य रायपुर निवासी



देवेंद्र गौतम ने कहा कि हम युवाओं से रक्तदान करवाकर उनके व मरीजों के स्वास्थ्य हेतु कार्य कर रहे है वही दूसरी तरफ बुजुर्ग गाँवो के बुजुर्गों के लिए आँखों की जांच व उनके स्वास्थ्य सबंधित जाँच शिविरों का भी आयोजन करवा कर समाज को रोग मुक्त करने का प्रयास कर रहे है । शिविर का आयोजन सुरेश कालरा एम डी सिग्नस अस्पताल सोनीपत व सरोफ अस्पताल दरियागंज दिल्ली के डॉक्टर पहुँचे । शिविर में जनरल फिजिशियन , हड्डियों के डॉक्टर ,महिलाओं के डॉक्टर , आँखों के डॉक्टर धीरेंद्र सिंह , रितिका ने सभी बुजुर्गों को उनकी आँखों से सबंधित सभी जानकारियां अच्छे से समझाई ताकि वे समय पर गीता भवन सरोफ अस्पताल के सेंटर पहुच कर अपनी आँखों का इलाज निःशुल्क करवा सके । सँस्था सचिव प्रेम गौतम ने समाज को जागरूक करते हुए कहा मरनोउपरांत नेत्रदान करवाना चाहिए जिससे आप के मरने के बाद 2 व्यक्तियों आखों की रोशनी मिलती है और दुनिया से जाने के बाद भी उसकी आँखें इस दुनिया को देख रही होती है । एक्यूप्रेशर चिकित्सक सुशील कुमार ने बुजुर्गों व युवाओं को अनेको थरेपी देकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिया । इन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है हमे हर रोज सुबह जल्दी उठकर व्यायाम करना चाहिए जिससे हमारी नशे सक्रिय हो और हम पूर्ण रूप से स्वस्थ रह सकें । घरेलू उपचार विधि के वैध गोविंद शरण प्रसाद ने भाई राजीव दीक्षित जी के विचारों को ग्रामीणों तक पहुचाया और कहा कि हमें रोगों को ठीक करना हो या उनसे बचना हो हमें आयुर्वेद की तरफ ही लौटना होगा तभी हम स्वस्थ रह सकते है । इस अवसर पर सँस्था सदस्य सुमेर सरोहा , सुधीर बैरागी ,तरुण भारद्वाज , राहुल राणा सहित सँस्था के सदस्य मौजूद रहे ।

# साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल सूचना देने के लिए डायल करें 1930: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा सिंह** ने सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते केज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर



डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके। उपायुक्त ने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। जिला के युवाओं से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें।

# नॉर्थ दिल्ली लॉयर्स एसोसिएशन के मनाया होली मिलन समारोह






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नॉर्थ दिल्ली लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में हास्य कविताओं, सौहार्द्र और रंगों की अनुपम छटा देखने को मिली। अग्रवाल भवन, आदर्श नगर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, गणमान्य अतिथियों और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रियांक कानूनगो, सदस्य, केंद्रीय मानव अधिकार आयोग रहे। जिन्होंने अपने संबोधन में अधिवक्ता समुदाय की एकता और सामाजिक जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। स्वागत समारोह के अंतर्गत राज कुमार भाटिया नवनिर्वाचित विधायक आदर्श नगर और अनिल सोनी वरिष्ठ अधिवक्ता बनने पर उनका सम्मान किया गया। इसके अलावा, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित गुप्ता और विवेक शौकिन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हास्य कविताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समांः कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता हास्य कविताओं की प्रस्तुतियाँ रहीं, जिनमें वकीलों और कवियों ने मिलकर रंग जमाया। हास्य और व्यंग्य से भरी कविताओं ने उपस्थित लोगों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद रात्रिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए सभी ने आपसी सौहार्द्र और भाईचारे का परिचय दिया। नॉर्थ दिल्ली लॉयर्स एसोसिएशन के महासचिव विनीत जिंदल अधिवक्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल होली का उत्सव नहीं, बल्कि अधिवक्ताओं के आपसी सहयोग, भाईचारे और सौहार्द्र को बढ़ाने का एक प्रयास है। हम भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन करते रहेंगे। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण यह रहा कि इसमें फूलों और चंदन की होली खेली गई, जिससे पारंपरिक उल्लास तो बना रहा, लेकिन पर्यावरण और स्वच्छता का भी पूरा ध्यान रखा गया। इस आयोजन में अधिवक्ता समुदाय की एकजुटता और सामाजिक समरसता का जो संदेश दिया गया, वह न केवल कानूनी जगत बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक रहा।

## राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद अध्यक्ष को मजदूर कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष किया गया मनोनीतः कंडेरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली नगर निगम** के कर्मचारियों की यूनियन के जाने-माने नेता और राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद दिल्ली के अध्यक्ष दलीप कुमार बरवाला को दिल्ली नगर निगम मजदूर कांग्रेस पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त का दिल्ली प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस मजदूर कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष समुंदर सिंह कंडेरा के अनुसार दलीप कुमार बरवाला की सेवाओं और उनके आदर्शों तथा सिद्धांतों को देखते हुए दिल्ली की इस सबसे



जबरदस्त यूनियन का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किए जाने से दिल्ली के लाखों सफाई कर्मचारी ने खुशी जाहिर की है। दिल्ली नगर निगम मजदूर कांग्रेस के अध्यक्ष समुंदर सिंह कंडेरा का यह भी कहना है कि दिलीप बरवाला आजकल प्रत्येक हाजिरी पर जाकर स्वच्छता सैनिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों तथा मांगों और समस्याओं के प्रति जागृत कर रहे हैं क्योंकि उन्हीं के नेतृत्व में 19 मार्च को नरेला जोन के उपायुक्त कार्यालय पर जबरदस्त धरना किया जाएगा। इस नोटिस से केवल कार्यालय में ही नहीं बल्कि स्वच्छता सैनिकों में खलबली पैदा हो गई है।

## दिल्ली पंचायत संघ ने एमसीडी के आगामी बजट में गांवों के विकास और उत्थान की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली पंचायत** संघ ने एमसीडी के आगामी बजट में गांवों के विकास और उत्थान के लिए सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बजट में पर्याप्त धनराशि सुनिश्चित करवाएं। पंचायत संघ का कहना है कि पिछले वर्ष निगम बजट में ग्रामीण विकास से जुड़े मदों में कटौती की गई थी, जिससे गांवों के विकास कार्य प्रभावित हुए। दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने मांग की कि निगम बजट घोषित करने



से पहले गांवों में होने वाले विकास कार्यों के लिए आवंटित धनराशि बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि "आप" पार्टी की मेयर ने पिछले बजट में गांवों के मदों में कटौती कर दी थी, जो की गांवों व ग्रामीणों के साथ कुठाराघात था। जबकि वर्षों से इन मदों के तहत गांवों में विकास कार्य किए जा रहे थे। इसलिए, ग्रामीण क्षेत्रों के हक की रक्षा के लिए बजट में इन मदों को फिर से प्राथमिकता दी जानी चाहिए।
दिल्ली देहात व गांवों के लिए नए विकास मद बनाने की सख्त जरूरतः पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने आग्रह किया कि शहरीकृत गांवों के विकास कार्यों, ग्रामीण सड़कों, ग्रामीण वार्डों में बुनियादी सुविधाओं और ग्रामीण समिति से जुड़े मदों में बजट बढ़ाया जाए। इसके अलावा, गांवों और किसानों के उत्थान के लिए नए विकास मद बनाए जाने की भी जरूरत है। पंचायत संघ प्रमुख ने कहा कि दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति स्लम बस्तियों से भी बदतर हो चुकी है। गांवों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, लेकिन उनके समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। इसलिए, निगम को गांवों की उपेक्षा बंद कर, उनके समुचित विकास के लिए ठोस बजट प्रावधान करना चाहिए।

## लोकहिताय मानव सेवा ट्रस्ट ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: रानी बाग** में लोकहिताय मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पुनीत शर्मा, संतोष ठाकुर और संस्था की टीम के द्वारा होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा दिल्ली की सहप्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर, शकूर बस्ती विधानसभा क्षेत्र से विधायक करनैल सिंह और त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक तिलकराम गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल ने कहा कि हमारे जीवन में त्योहारों का विशेष महत्व है और होली रंगों का त्योहार है। मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि प्रभु सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये। इस मौके पर रमेश जोनवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सरना भाइयों ने पंथिक मयार्दा का किया उल्लंघनः काहलो



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पंथ में चल रहे गंभीर संकट के दौरान सरना भाइयों द्वारा हमेशा की तरह इस बार भी श्री अकाल तख़्त साहिब के साथ टक्कर लेकर पंथ का नुकसान करने की निंदा की है। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह काहलो, कार्यकारी अध्यक्ष हरविंदर सिंह के.पी., मीत प्रधान आत्मा सिंह लुबाना और धर्म प्रचार विंग के चेयरमैन जसप्रीत सिंह कर्मसर ने कहा कि पंथ इस गंभीर संकट का सामना कर रहा है, जब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पहले ज्ञानी हरप्रीत सिंह और अब ज्ञानी रघबीर सिंह तथा ज्ञानी सुलतान सिंह की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। उन्होंने कहा कि इस फैसले का अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया सहित समुचा पंथ विरोध कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय निष्ठा सम्मान से सम्मानित किए गए डॉ विकास गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलसचिव, वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ विकास गुप्ता को शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों को देखते हुए उन्हें एक अच्छे प्रशासक के रूप में राष्ट्रीय निष्ठा सम्मान से विभूषित किया गया।
डॉ विकास गुप्ता शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों और छात्रों के कल्याण के लिए हमेशा दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ मिलकर दिल्ली विश्वविद्यालय को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। उनकी इस उपलब्धि पर दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों ने उनको बधाई दी। डॉ विकास गुप्ता के पास प्रशासन का एक व्यापक अनुभव एवं एक दृष्टि है।
एक लोकप्रिय कुलसचिव के साथ ही साथ वे एक कुशल प्रशासक एवं इंसान के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उनके कार्यों की हमेशा प्रशंसा करते है। डॉ विकास गुप्ता एक सुयोग्य प्रशासक के साथ एक बहुत ही नेकदिल इंसान हैं और सदैव दिल्ली विश्वविद्यालय की किसी भी तरह की समस्याओं को सुलझाने के लिए तत्पर रहते हैं।

## वजीरपुरः क्षेत्र के विकास पर दे रही हूं ध्यानः चित्रा विद्यार्थी




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर वार्ड** की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने जे-3 पार्क वजीरपुर जे जे कॉलोनी में पार्क की दिवार का नवीनीकरण के कार्य का उद्घाटन किया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दे रही हूं। उन्होंने आगे बताया कि पार्कों के सौन्दर्यकरण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र साफ और स्वच्छ नजर आये। इस मौके पर प्रेम कुमार विद्यार्थी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## जहांगीरपुरी आई व जे ब्लॉक आरडब्ल्यूए ने मनाया होली मंगल मिलन समारोह






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** जहांगीरपुरी इलाके में आई और जे ब्लॉक जहांगीरपुरी आरड़ब्ल्यूए के द्वारा होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एम. एल भास्कर ने की। इस मौके पर श्री भास्कर ने कहा कि होली रंगो का त्यौहार है, हम सभी को इसे प्रेम के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष संजय बागड़ी, महासचिव राम महेश, कोषाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, अशोक यादव, सुमन खान, दिनेश मिश्रा, पंडित प्रमोद भारद्वाज, अमित कुमार, आजम खान, सुमित, अच्छेलाल गौतम, बॉबी, भोले शंकर, भारत कुमार, संजीव यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अध्यक्ष श्री भास्कर ने आगे बताया कि इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मिक्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल विजेता दुष्यंत सिंह का सम्मान भी किया गया और सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

# प्रयागराज में ठेकेदार की हत्या मामले में दामाद समेत दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज।** करेली थाना, एसओजी नगर एवं सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने ठेकेदार की हत्या का खुलासा करते हुए रविवार को मृतक के दामाद समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। हत्या में प्रयुक्त औजार एवं कुछ नगदी बरामद किया है। जबकि हत्या में शामिल एक अभियुक्त की तलाश जारी है। यह जानकारी रविवार को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुष्कर वर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि हत्या मामले में मृतक सलाउद्दीन उर्फ जल्लू का दामाद एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के लखनपुर ग्राम निवासी सद्दाम पुत्र स्वर्गीय सीराज अहमद और



मीरजापुर निवासी संजय पुत्र राजकुमार मजदूर को गिरफ्तार किया है। जबकि हत्या में शामिल एक मजदूर की तलाश जारी है। पुलिस टीम ने हत्या में प्रयुक्त औजार एक चाकू, एक हथौड़ा और 570 रुपए बरामद किया है।

उल्लेखनीय है कि 6 मार्च को करेली के ऐनुद्दीन पुर मोहल्ले में निमार्णाधीन मकान में एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के लखनपुर ग्राम निवासी सलाउद्दीन 52 वर्ष की हत्या कर दी गई थी। सूचना पर पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी और परिवार की तहरीर पर करेली थाने में धारा 103(1) बी.एन.एस. व 4 एवं 5 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया और संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी । पुलिस टीम को मृतक के पुराने सिम कार्ड से सुराग मिल गया और हत्यारों तक पहुंच गई।

**हत्या की वजह जीवन भर की कमाई एवं बच्चों से न मिल पाना**

पूछताछ में अभियुक्त सद्दाम ने बताया कि मृतक सलाउद्दीन उर्फ जल्लू पुत्र नैईमुद्दीन निवासी लखनपुर थाना एयरपोर्ट प्रयागराज उम्र करीब 52 वर्ष की बेटी निशा बानो से हुई थी। जिससे दो बच्चे थे कुछ दिनों के बाद टीबी की बीमारी के कारण अभियुक्त की पत्नी निशा बानो की मृत्यु हो गयी थी। मृत्यु के दो माह बाद सास जमीला के कहने पर ससुर सलाउद्दीन ने अपने छोटी बेटी तूबा बानो से अभियुक्त की शादी करा दी। शादी के बाद से अभियुक्त सद्दाम उपरोक्त सउदी अरब कमाने चला गया। जहां सद्दाम की तबीयत खराब हो गयी। जिससे वह वापस आ गया। गम्भीर रुप से बीमार होने के कारण ससुर सलाउद्दीन ने अभियुक्त को अपने बीवी बच्चों से मिलने नहीं और तलाक करा दिया था। जिससे अभियुक्त सद्दाम उपरोक्त मानसिक रुप से काफी परेशान रहने लगा और अभियुक्त ने जो भी पैसा कमाया था।

# एक राष्ट्र एक चुनाव का विजन देश की आवश्यकता : डॉ रीता जोशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक राष्ट्र एक चुनाव का विजन आज देश की आवश्यकता बन चुकी है। देश की आजादी के बाद 1965 तक देश भर में सभी चुनाव एक साथ होते रहे। लेकिन 1969 के बाद मध्यावधि चुनाव का दौर शुरू हो गया, जो अब देश और जनता के लिए एक बोझ बनता जा रहा है। इसलिए भविष्य को देखते हुए अब एक राष्ट्र एक चुनाव की आवश्यकता है। यह बातें इलाहाबाद की पूर्व सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने रविवार को एक राष्ट्र एक चुनाव का जिला संयोजक नियुक्त किए जाने के बाद प्रयागराज आने पर कही।उन्होंने कहा कि हर साल देश के अंदर चुनाव होने से विकास के कार्य में



रुकावट आती है। चुनावी व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक खर्च का बोझ पड़ता है। जनता भी परेशान होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संगठन ने एक राष्ट्र एक चुनाव की जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी तरह से निभाते हुए पार्टी के कार्यकताओं के साथ मिलकर कार्य करेंगे और अभियान को सफल बनाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है यह अभियान जन-जन का अभियान बनेगा और सफल होगा। इस अवसर पर डॉ मुरली मनोहर जोशी सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल भट्ट एवं प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने डॉ जोशी को अंगवस्त्र पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### वीबीएसपीयू के छात्रों को कोड इटरनिटी, नोएडा में मिला प्लेसमेंट

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में रविवार को कोड इटरनिटी, नोएडा द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया, जिसमें इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट छात्रों को सुनहरा अवसर मिला। भर्ती प्रक्रिया वेब डेवलपर, ग्राफिक्स डिजाइनर, सेल्स एग्जीक्यूटिव और एचआर मैनेजर पदों के लिए हुई।चयन प्रक्रिया दो चरणों में पूरी हुई—पहला समूह चर्चा (ळक्ष्) और दूसरा व्यक्तिगत साक्षात्कार (ढक)। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल में हुआ। कोड इटरनिटी के सीईओ आदर्श श्रीवास्तव, सीटीओ राहुल मिश्रा और एचआर टीम ने छात्रों की तकनीकी दक्षता और आत्मविश्वास की सराहना की।कुल 17 छात्र चयनित हुए, जिनमें 10 सीएस/आईटी, 4 एमसीए/बीसीए और 3 एचआरडी/सेल्स के छात्र शामिल हैं। चयनित छात्रों की घोषणा करते हुए आदर्श श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रों की प्रतिभा और सीखने की ललक देखकर खुशी हुई। भविष्य में भी हम ऐसे प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करेंगे।केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर ने इस आयोजन के लिए कंपनी की भर्ती टीम को धन्यवाद दिया और छात्रों को आश्वस्त किया कि आगे भी ऐसे अवसर मिलते रहेंगे। इस प्लेसमेंट ड्राइव से विश्वविद्यालय के छात्रों को इंडस्ट्री में कदम रखने का शानदार मौका मिला।

### शराब के नशे में किराएदार ने मकान मालिक कर दी हत्या

**जालौन।** जालौन कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाने में किरायेदार ने मकान मालिक की ईंट से कुचलकर हत्या कर दी। घटना शनिवार देर रात की है। मृतक की पहचान प्रदीप कुमार दोहरे (40) पुत्र रघुनाथ प्रसाद दोहरे निवासी मोहल्ला तोपखाना के रूप में हुई है। बता दें कि आरोपी रोहित निवासी जलोखरा थाना भिटोली जिला इटावा पिछले डेढ़ वर्ष से उनके मकान में किराए पर रह रहा था। शनिवार की देर रात को दोनों ने एक साथ शराब का सेवन किया। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि रोहित ने पास पड़ी ईंट उठाकर प्रदीप के सिर पर दे मारी, जिससे प्रदीप नीचे गिर पड़ा।इस हमले में प्रदीप की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वारदात के बाद आरोपी रोहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

### अयोध्या में बस पलटने से एक यात्री की मौत, 32 घायल

**अयोध्या।** जिले के राष्ट्रीय राज्यमार्ग 27 पर शनिवार की देर रात को एक डबल डेकर बस पिलर से टकराने के बाद पलट गई। इस हादसे में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 32 लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची रुदौली थाना पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुवेर्दी ने रविवार को बताया कि एक डबल डेकर बस सवारियों को लेकर गोरखपुर से दिल्ली जा रही थी। आशंका है कि चालक को नींद की झपकी आने पर बस बेकाबू होकर सड़क किनारे फुटब्रिज पर लगे पोल से टकराकर हाईवे पर पलट गई। हादसे में बस सवार एक यात्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोरखपुर निवासी अमित शर्मा (28) के रूप में हुई है। वहीं, 32 घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जिनमें 19 यात्रियों की हालत गंभीर होने पर दर्शन नगर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। घायलों में अधिकांश यात्री नेपाल, गोरखपुर, कुशीनगर व देवरिया के रहने वाले हैं।

### घर से भागी लड़कियों को दूसरे राज्यों में बेचने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**बलिया।** घर से भागी लड़कियों को लालच देकर दूसरे राज्यों में बेचने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पुलिस ने रविवार को भांडाफोड़ किया है। एक नाबालिग लड़की समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। दो नाबालिग बच्चियों को बरामद किया गया । पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने रविवार को बताया कि मनियर थाना में दो नाबालिग लड़कियों के लापता होने की रिपोर्ट लिखी गई थी। पहली लड़की 24 दिसंबर 2024 को गायब हुई थी तो वहीं दूसरी लड़की 13 जनवरी को। मामले की जांच कर रही पुलिस ने राजस्थान के पाली जिले में अशोक कुमार कुमावत, किशन भाटी और मनियर थाना के गौरा बगही गांव के मोहन यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक नाबालिग लड़की भी हिरासत में ली गई है। उनकी निशानदेही पर दोनों लापता लड़कियों को मुक्त कराया है।

# कारों की भिड़ंत में दो लोगों की मौत

**फिरोजाबाद।** टूंडला थाना क्षेत्र में रविवार को दो कारों में भिड़ंत में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में 13 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार ने बताया कि उसायनी के पास रविवार को तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर सामने से आ रही दूसरी कार से जा टकरायी। हादसे में कानपुर के किदवई नगर निवासी कार चालक देवेंद्र मिश्रा और महिला बीना अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में दोनों कारों में सवार कुल 13 से लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

# रोटरी क्लब ने होली समारोह के साथ महिला दिवस पर किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर।** रोटरी क्लब गोरखपुर ने होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया और इसी अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया। इस रंगारंग कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने सपरिवार भाग लिया और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ होली के पारंपरिक रंगों में सराबोर हुए। कार्यक्रम में बरसाना और नंदगांव की फूलों की होली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही, रोटेरियन्स ने नृत्य-नाटिकाओं और फाग गीतों के माध्यम से उत्सव को जीवंत बना दिया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष महावीर प्रसाद कंडोई ने कहा कि होली का पर्व हमें



आपसी प्रेम और सौहार्द बढ़ाने का संदेश देता है। यह रंगों का त्योहार हमारे जीवन में खुशियां भरता है। क्लब के सचिव संचित श्रीवास्तव ने कहा कि होली हमें सामाजिक भेदभाव मिटाकर एकजुट होने और गिले-शिकवे भुलाने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने होली के पारंपरिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित सदस्यों ने खूब सराहा। पारंपरिक साड़ी और लहंगे में सजी रोटेरियन महिलाएं एवं भारतीय परिधान में पहुंचे रोटेरियन पुरुषों ने कार्यक्रम में उत्साह का रंग भर दिया। बच्चों के लिए विशेष उपहार भी वितरित किए गए। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में पूर्वी नारायण पांडेय, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, आलोक अग्रवाल, मनीष जायसवाल, प्रवीण्र आर्या और डॉ. बबिता शुक्ला का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष सर्वेश दूबे, अनूप अग्रवाल, डॉ. आर.पी. शुक्ल, पुष्प दंत जैन, सतीश राय, मंकेश्वर नाथ पांडेय, संजीव अग्रवाल, डॉ. अश्विनी अग्रवाल, शुभेंदु श्रीवास्तव, सुधांशु चंद्र वर्मा, प्रशांत त्रिपाठी, हरिनंदन श्रीवास्तव, आशुतोष मिश्र, अचिंत लहरी, डॉ. प्रीति मल्ल, शालिनी दास, रचना दास, माला श्रीवास्तव, विशाखा गुप्ता, अशोक गुप्ता, डॉ. मोहन झा, दिनेश सिंह सारथी, अरशद जमाल समानी, डॉ. सोहन, विकल्प त्रिपाठी, सज्जन माथुर, सुनील केशरवानी, महेश गर्ग, वी.के. श्रीवास्तव, मुकुल गुप्ता समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। रोटरी क्लब के इस आयोजन ने होली के उल्लास और महिला सशक्तीकरण का एक अनूठा संगम प्रस्तुत किया। उत्सव में पारंपरिक होली गीतों के साथ-साथ आधुनिक संगीत पर भी कई प्रस्तुतियां हुईं, जिससे पूरा वातावरण संगीतमय हो उठा। उपस्थित जनसमूह ने फूलों की होली खेलते हुए इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं और खेलों ने इस उत्सव को और भी रोमांचक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। इस भव्य आयोजन ने न केवल रंगों का उत्सव मनाया।

# संभल हिंसा भड़काने वाला शख्स 100 दिन बाद भी पुलिस पकड़ से दूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**संभल।** जिले में भीड़ को उकसाकर हिंसा फैलाने के मामले में लंबी दाढ़ी वाले शख्स को 100 दिन बाद भी पुलिस नहीं पकड़ सकी है। इस हिंसा से जुड़े 75 उपद्रवियों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। इनमें चार आरोपित महिलाएं भी शामिल हैं। विवादित जामा मस्जिद व हरिहरनाथ मंदिर में सर्वे के दौरान 24 नवंबर 2024 को तीन स्थानों पर हिंसा भड़की थी। पहला बवाल विवादित जामा मस्जिद के नजदीक हुआ था, जहां पांच लोगों की जान चली गई थी। दूसरा



बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था, जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी। तीसरी हिंसा हिंदूपुरा खेड़ा में हुई थी, जहां पुलिस के अधिकारियों पर उपद्रवियों ने जानलेवा हमला किया था। हिंसा की इस घटना के बाद एक लंबी दाढ़ी वाले एक शख्स का वीडियो सामने आया था, जिसमें वह नारेबाजी करते हुए और अपने लोगों को उकसाकर आगे बुलाते हुए देखा जा रहा था। दाढ़ी वाला शख्स ही भीड़ में सबसे पहले उग्र हुआ था।

# श्रद्धालुओं ने निकाली श्री श्याम सतरंगी फाल्गुन निशान पदयात्रा

**लखनऊ।** लखनऊ में श्रीश्याम परिवार की ओर से चारबाग के आर्य नगर से गोमती नदी के किनारे श्रीखाटू श्याम मंदिर तक श्री श्याम सतरंगी फाल्गुन निशान पदयात्रा रविवार को निकाली गयी। पदयात्रा में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने झंडा निशान को मंदिर प्रांगण में पहुंचकर भेंट किया। विधायक डॉ नीरज बोरा और उनकी पत्नी बिन्दू बोरा ने कहा कि श्याम परिवार से जुड़े पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं की निशान पदयात्रा में शामिल होने पर बेहद खुशी हो रही है।

पदयात्रा में श्रद्धालुओं ने श्रीखाटू श्याम का उद्घोष लगाकर पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया।

# शातिर लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहपुर।** जिले में रविवार को पुलिस मुठभेड़ के दौरान हुई फायरिंग में एक शातिर लुटेरा घायल हो गया, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अवैध हथियार, चोरी के उपकरण व बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। औंग थाना पुलिस व इंटेलिजेंस विंग की संयुक्त टीम बड़ाहार तिराहे के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने तेजी से गाड़ी घुमाकर भागने की कोशिश की।

पुलिस ने पीछा किया, जिससे घबराकर आरोपी ग्राम शगुनापुर के पास फिसलकर गिर गया। स्वयं को घिरता देख उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जो उसके दाहिने पैर में लगी। घायल आरोपी को पुलिस ने तुरंत हिरासत में लेकर सीएचसी गोपालगंज में भर्ती कराया।

गिरफ्तार अभियुक्त लल्लू सोनकर पुत्र राचरन उर्फ चन्ना सोनकर निवासी ओखरा कुंवरपुर, थाना मलवां, फतेहपुर का शातिर किस्म का लुटेरा है। उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, गिरोहबंदी कानून व विस्फोटक अधिनियम समेत 18 से ज्यादा मुकदमें दर्ज हैं। उस पर फतेहपुर, कानपुर, कौशांबी, उन्नाव व रायबरेली जिलों में विभिन्न धाराओं के तहत गंभीर मुकदमे लंबित हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना औंग में मामला दर्ज किया है। उस पर धारा 109/317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने इस सफलता के लिए पुलिस टीम की सराहना की है। यह गैंगेस्टर व हिस्ट्रीशीटर शातिर अपराधी है। अन्तर्जनपदीय चोर व लुटेरा थाना औंग क्षेत्रांर्तगत ग्राम शगुनापुर के पास पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है।

# त्यौहार हमें आपसी तालमेल एवं सौहार्द की शिक्षा प्रदान करते हैं: अजय

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादाबाद।** भारत विकास परिषद लक्ष्य शाखा मुरादाबाद द्वारा रविवार को रंग बरसे होली महोत्सव का आयोजन किया गया। रंग, आस्था, उमंग, स्नेह एवं उन्नति के प्रतीक पर्व होली के उत्साह में सभी ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाखा संस्थापक अजय कट्टा ने कहा कि भारतीय त्यौहार हमें आपसी तालमेल एवं सौहार्द की शिक्षा प्रदान करते हैं। स्वयंवर बैंकेट हाल में आयोजित होली महोत्सव के कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ



भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिल्पी अग्रवाल और हिमानी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में तंबोला गेम, सरप्राइज गेम्स, कपल गेम्स और अंत में फूलों की होली कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बनी। सभी ने होली के गीतों की धुनों पर फूलों की होली खेली। इस अवसर पर लक्ष्य शाखा के अध्यक्ष डा. रोहित

**शुभकामनाएं**

**पर्व होली के उत्साह में सभी ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं**

अग्रवाल ने सभी अतिथि एवं कार्यक्रम के आयोजकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में परिषद कोषाध्यक्ष रितिक सिंघल, सहसचिव अश्विनी रस्तोगी सहित अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, रजत गोयल, आस्तिक गोयल, अंकित जैन, वंशिका अग्रवाल, प्रिया जैन, दिपाली अग्रवाल, रतिका अग्रवाल, प्रांजल सिंघल आदि उपस्थित रहे।

# अहमदाबाद के पार्षदों के दल ने वाराणसी स्मार्ट सिटी की कार्यप्र णाली को समझा

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य गुजरात के अहमदाबाद के नगर निगम के स्टैंडिंग काउंसिल के अध्यक्ष देवांग जितेन्द्रभाई दानी के नेतृत्व में 12 सदस्यीय पार्षदों के दल ने वाराणसी नगर निगम की सफाई व्यवस्था और स्मार्ट सिटी की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया। दो दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन रविवार को दल ने नगर में घर-घर से कूड़ा उठान और सफाई व्यवस्था को देख कर समझा। पहले दिन पार्षदों को नमो घाट से अस्सी घाट तक गंगा में क्रूज से यात्रा कराई गई। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के जवाहर नगर गुरुधाम स्थित संसदीय कार्यालय में नियमित कार्यकलापों का निरीक्षण किया।



साथ ही दल ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए। दूसरे दिन प्रातः पार्षदों ने गांधी नगर और सिगरा क्षेत्र में सफाई और घर-घर से कूड़ा उठान की व्यवस्था देखी। उन्होंने यूजर चार्जेज की निगरानी के लिए लगाए गए क्यूआर कोड की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त दल ने पैदल भ्रमण कर सिगरा स्थित त्रिनेत्र भवन का निरीक्षण किया। स्मार्ट सिटी परियोजना के आईटी अधिकारी राहुल तिवारी ने आधुनिक तकनीकी सेवाओं के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया। स्मार्ट सिटी के सभागार में महापौर अशोक कुमार तिवारी ने अतिथियों का अंगवस्त्रम् और श्री काशी विश्वनाथ दरबार का मोमेंटो देकर स्वागत किया और नगर निगम की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। महापौर ने प्रयागराज में हुए महाकुंभ 2025 के लिए की तैयारियों की जानकारी दी, जिसमें मंदिर क्षेत्रों की सफाई, गंगा घाटों की व्यवस्था, शेल्टर होम, लाकर रूम, निःशुल्क भोजन वितरण, अतिरिक्त वाहन स्टैंड, मार्ग प्रकाश और अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती शामिल है। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने डोमरी क्षेत्र में 600 बीघा सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया है। अहमदाबाद नगर निगम के दल में पंकज बच्चूभाई भट्ट, मनीष नरसिंह सोलंकी, मेहुलभाई चीनूभाई शाह, आरती गिरीश पंचाल, ओमप्रकाश मुक्ताजी बागदी, विजय पंचाल, विपुल चिनूभाई पटेल, बाकुला इंजीनियर, जिगिशाबेन सोलंकी, भाविक कुमार कानुभाई पटेल और भाविक पटेल शामिल थे। वाराणसी नगर निगम की ओर से स्थानीय पार्षद सुरेश कुमार चौरसिया, अमरदेव यादव, श्याम आसरे मौर्य, प्रमोद राय, सिन्धु सोनकर, अपर नगर आयुक्त सविता यादव, संगम लाल, विनोद कुमार गुप्ता, संयुक्त अभियंता मोईनुद्दीन, महाप्रबंधक जलकल मौजूदर रहे।

# टैटू बनवाने के कारण 13 बंदी पाए गए एचआईवी पॉजिटिव

**टीम एक्शन इंडिया**
**मऊ।** जिला जेल में असुरक्षित तरीके से टैटू बनवाने व बार बार नशे के इंजेक्शन लेने से 13 बंदी एचआईवी संक्रमित पाए गए। इसमें से 10 बलिया जिला के हैं तीन मऊ जिले के बंदी शामिल है। कैदियों की नियमित जांच के दौरान चौंकाने वाला जांच रिपोर्ट सामने आई। वर्तमान समय में मऊ जिला जेल में 1086 बंदी हैं जिसमें से 650 बंदी बलिया जिले के हैं। सभी बंदियों की नियमित जांच होती है। जिसके तहत 13 बंदी एड्स से पीड़ित पाए गए ,इसमें एक महिला बंदी भी है। जेल मैनुअल के अनुसार जेल में हर बंदी आने के पहले उसका मेडिकल चेकअप होता है। इसी चेकअप के दौरान रिपोर्ट में 13 बंदी की एचआईवी पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई। जुलाई 2024 से बलिया जिला जेल क्रियाशील न होने के कारण वहां के कैदी मऊ जिला जेल में रखे जाते हैं। वर्तमान में मऊ जिला जेल में 1086 बंदी मौजूद है जिसमें 650 बंदी बलिया जिला जेल से हैं। उसमें से 10 बंदी एड्स से पीड़ित है। जांच के दौरान पता चला है कि ददरी मेला में असुरक्षित तरीके से टैटू गोदवाने से एचआईवी संक्रमित हुए हैं, तथा मऊ के तीन बंदी एक ही नशे के इंजेक्शन को बार-बार लेने से संक्रमित हुए हैं। एचआईवी की जांच जिला अस्पताल में एआरटी सेंटर से होती है। पॉजिटिव पाए गए मरीजों को गोपनीय तरीके से एआरटी सेंटर से कार्ड बनता है और दवाएं वहीं से शुरू हो जाती है। जेल अधीक्षक आनंद शुक्ला ने बताया कि इस बात को लेकर जेल में कोई घबराहट और पैनिक होने की बात नहीं है यह पूरी तरीके से नियमित प्रक्रिया है। जेल की और सारे जेल अधिकारियों को शासन और कारागार मुख्यालय का निर्देश है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 10 मार्च 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## संभल हिंसा भड़काने वाला शख्स 100 दिन बाद भी पुलिस पकड़ से दूर

टीम एक्शन इंडिया

**संभल।** जिले में भीड़ को उकसाकर हिंसा फैलाने के मामले में लंबी दाढ़ी वाले शख्स को 100 दिन बाद भी पुलिस नहीं पकड़ सकी है। इस हिंसा से जुड़े 75 उपद्रवियों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। इनमें चार आरोपित महिलाएं भी शामिल हैं। विवादित जामा मस्जिद व हरिहरनाथ मंदिर में सर्वे के दौरान 24 नवंबर 2024 को तीन स्थानों पर हिंसा भड़की थी। पहला बवाल विवादित जामा मस्जिद के नजदीक हुआ था, जहां पांच लोगों की जान चली गई थी। दूसरा बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था, जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी। तीसरी हिंसा हिंदूपुरा खेड़ा में हुई थी, जहां पुलिस के अधिकारियों पर उपद्रवियों ने जानलेवा हमला किया था। हिंसा की इस घटना के बाद एक लंबी दाढ़ी वाले एक शख्स का वीडियो सामने आया था, जिसमें वह नारेबाजी करते हुए और अपने लोगों को उकसाकर आगे बुलाते हुए देखा जा रहा था। दाढ़ी वाला शख्स ही भीड़ में सबसे पहले उग्र हुआ था। इससे यह भी स्पष्ट हुआ था कि आरोपित अकेला नहीं था, इसके साथ अन्य लोग भी थे, जिनके भड़काने पर भीड़ उग्र हो गई थी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि संभल हिंसा के जो भी आरोपित फरार है, उनकी गिरफ्तारी को लेकर आसपास के जिलों में तलाश जारी है। वहीं पुलिस की टीमें दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान आदि प्रदेशों में भी दबिश दे रही हैं। फरार आरोपितों के सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर चस्पा कराए गए हैं।

## कांग्रेस नेत्री हिमानी के घर पहुंचे पूर्व सीएम हुड्डा

**रोहतक: कांग्रेस** नेत्री हिमानी नरवाल हत्याकांड को लेकर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा हिमानी के घर पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान पूर्व सीएम ने परिजनों को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी और कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है। साथ ही परिजनों ने मामले को विधानसभा सत्र के दौरान उठाने की भी मांग की। हिमानी की मां ने मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर निष्पक्ष जांच की मांग की थी, परिजनों को आरोप है कि पुलिस ने मामले की सही प्रकार से जांच नहीं की और इस मामले में पुलिस किसी को बचा रही है। रविवार शाम को पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा विजय नगर स्थित मृतका हिमानी नरवाल के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की।

# प्रगति के रास्ते का हर बैरियर हटाएगी सरकार : योगी

## हरिद्वार और प्रयागराज को जोड़ने वाला गंगा एक्सप्रेस जल्द होगा शुरू : योगी आदित्यनाथ

ऋण वितरण

**मेरठ में युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 1070 युवाओं को 48 करोड़ के ऋण वितरण**




टीम एक्शन इंडिया

**मेरठः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेरठ एवं सहारनपुर मंडल के 1070 युवाओं को ?48 करोड़ के ऋण वितरण कार्यक्रम में शिरकत किया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं के उत्साह और सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रगति में आने वाली हर बाधा को दूर करने के लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि 24 जनवरी को शुरू की गई 'सीएम युवा उद्यमी स्कीम' को लेकर प्रदेश के युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। योजना के तहत 1 लाख आवेदनों के लक्ष्य के सापेक्ष 2 लाख 67 हजार से अधिक युवाओं ने आवेदन किया है। इनमें से 1 लाख से अधिक आवेदनों को स्क्रीनिंग के बाद बैंकों को भेजा गया, जिनमें से 25 हजार से अधिक को मंजूरी मिल चुकी है और ऋण वितरण शुरू हो गया है। आज मेरठ में 1070 युवाओं को इस योजना का लाभ मिला।

**अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं के लिए योजना में विशेष प्रावधान**

सीएम ने कहा कि पहले चरण में 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका पूरा ब्याज सरकार वहन करेगी। अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं के लिए योजना में विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पीएम मोदी के 'स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया' के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सीएम ने मेरठ को क्रांतिधरा और पावन स्थल बताते हुए कहा कि इसे शिक्षा का हब बनाना जरूरी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पश्चिमी यूपी को विकास से नहीं पिछड़ने दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि सरकार उनके लिए हर अवसर के बैरियर को हटाएगी।

**15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारा गया**

मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार के 8 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने बताया कि 15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारा गया, जिससे 7 लाख युवाओं को रोजगार मिला। इसके अलावा साढ़े 7 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई। एमएसएमई सेक्टर को पुनर्जीवन देकर 96 लाख यूनिट्स के साथ यूपी देश में नंबर एक बन गया है। सवा दो लाख करोड़ के उत्पादों का निर्यात हो रहा है। नतीजतन, बेरोजगारी दर घटी और 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर और कानून व्यवस्था में हुआ है सुधार**

सीएम ने हाल ही संपन्न महाकुम्भ का जिक्र करते हुए कहा कि 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालुओं ने इसे सुरक्षित और श्रद्धापूर्वक अनुभव किया।

**मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का किया निरीक्षण**

मुख्यमंत्री ने इससे पहले मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और कहा कि इसे अक्टूबर-नवंबर तक राष्ट्र को समर्पित कर दिया जाएगा। यह विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय मानकों पर तैयार हो रहा है और ओलंपिक व कॉमनवेल्थ खेलों के लिए बेहतरीन खिलाड़ी देगा। मेरठ को ओडीओपी का महत्वपूर्ण केंद्र बताते हुए उन्होंने कहा कि खेलों में मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी जा रही है।

## रेल राज्य मंत्री ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण




टीम एक्शन इंडिया

**गुवाहाटी।** रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने असम और पूर्वोत्तर के अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन आज गुवाहाटी रेलवे स्टेशन का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने स्टेशन पर चल रही विकास परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। उनके साथ पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव और मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ रेल अधिकारी भी थे। अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत 181.09 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से आधुनिक सुविधाओं के साथ गुवाहाटी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने आज बताया कि मंत्री ने स्टेशन की बुनियादी संरचना का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतीक्षालय, क्यूआर कोड टिकटिंग काउंटर और सुरक्षा उपायों सहित प्रमुख सुविधाओं का भी मूल्यांकन किया। उन्होंने एग्जीक्यूटिव लाउंज का दौरा किया और स्टेशन को साफ-सुथरा रखने में रेल अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। इसके अतिरिक्त, मंत्री ने स्टेशन के और अधिक सुधार पर रेल अधिकारियों के साथ चर्चा भी की। मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री ने बताया कि केंद्रीय बजट 2025-26 में इस क्षेत्र में रेलवे के लिए 10,440 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है। 2014 तक असम में रेलवे का कोई विद्युतीकरण नहीं हुआ था, लेकिन अब 2025 के अंत तक 100 प्रतिशत रेलवे विद्युतीकरण पूरा होने जा रहा है। उन्होंने रेलवे के बुनियादी संरचना के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति पर भी प्रकाश डालते हुए उल्लेख किया कि क्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए दोहरीकरण कार्य त्वरित गति से किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कनेक्टिविटी में सुधार और क्षेत्र की बढ़ती परिवहन मांगों को पूरा करने के लिए नई रेलवे लाइनें बिछाई जा रही हैं।

समीक्षा की

**अपने दौरे के दौरान उन्होंने स्टेशन पर चल रही विकास परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की**

मंत्री ने यात्री आराम और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों में रेलवे के बुनियादी संरचना और कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

## टैटू बनवाने के कार13 बंदी पाए गए एचआईवी पॉजिटिव

टीम एक्शन इंडिया

**मऊ। जिला** जेल में असुरक्षित तरीके से टैटू बनवाने व बार बार नशे के इंजेक्शन लेने से 13 बंदी एचआईवी संक्रमित पाए गए। इसमें से 10 बलिया जिला के हैं तीन मऊ जिले के बंदी शामिल है। कैदियों की नियमित जांच के दौरान चौंकाने वाला जांच रिपोर्ट सामने आई। वर्तमान समय में मऊ जिला जेल में 1086 बंदी हैं जिसमें से 650 बंदी बलिया जिले के हैं। सभी बंदियों की नियमित जांच होती है।

## बिहार बजट में भागलपुर पर बरसी सौगात: शाहनवाज

टीम एक्शन इंडिया

**भागलपुर।** बिहार की तरक्की के साथ साथ भागलपुर की भी तरक्की तय हो गई है। दोनों बजट को मिलाकर भागलपुर और आसपास के इलाकों को सबसे ज्यादा मिला है। भागलपुर और आसपास के लोगों को दो दो एयरपोर्ट की सौगात मिली है। एक सुल्तानगंज में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट और दूसरा भागलपुर में छोटे विमानों की उड़ान के लिए एयरपोर्ट। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने रविवार को भागलपुर में एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार बजट 2025-26 बिहार को तेजी से तरक्की के रास्ते पर ले जाने का रोडमैप है और इसके साथ ही ये भागलपुर के लिए भी वरदान है। बिहार बजट 2025-26 में बिहार के हर कोने के लोगों के लिए हवाई यातायात को सुगम बनाने के प्रावधान कर राज्य की औद्योगिक उड़ान को सुनिश्चित किया गया है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि इन एयरपोर्ट्स के तैयार होने से बिहार में आर्थिक निवेश बढ़ेंगे और राज्य की औद्योगिक तरक्की तेज रफ्तार पकड़ेगी। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार बजट 2025-26 ही नहीं बल्कि केंद्रीय बजट में भी भागलपुर को बड़ी सौगातें मिली। विक्रमशिला केंद्रीय विश्वविद्यालय बनना तय होने के साथ बिहार में स्थापित होने वाले कृषि के क्षेत्र में तीन नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक की स्थापना भागलपुर में होगी।



ग्रीनफील्ड

**दोनों बजट को मिलाकर भागलपुर और आसपास के इलाकों को सबसे ज्यादा मिला है**

## शिमला में पुलिस भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा स्थगित

टीम एक्शन इंडिया

**शिमला। विधानसभा** के बजट सत्र के चलते शिमला जिले में होने वाली पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की ओर से शिमला के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को इस संबंध में पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि 10 मार्च से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र के चलते शिमला जिला में निर्धारित तिथियों पर शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित कर पाना संभव नहीं होगा। ऐसे में इस परीक्षा को अगली सूचना तक स्थगित किया जाता है। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा कांस्टेबल के 1088 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए प्रदेशभर में अलग-अलग जिलों में शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में यह परीक्षा पहले ही संपन्न हो चुकी है, जबकि शिमला जिले के लिए यह परीक्षा 11 मार्च से 22 मार्च के बीच भराड़ी ग्राउंड में आयोजित की जानी थी। लेकिन अब विधानसभा सत्र के चलते इसे टाल दिया गया है।

पत्र जारी

**डीजीपी की ओर से शिमला के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को इस संबंध में पत्र जारी किया गया**




## देहरादून में भव्य फागुन महोत्सव

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून। कैबिनेट** मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को ओम सिटी स्थित आदि शक्ति दुर्गा मंदिर में आयोजित तृतीय फागुन महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल से भर दिया।शोभायात्रा तिलक रोड होते हुए हनुमान चौक और सहारनपुर चौक से गुजरकर ओम सिटी मंदिर में संपन्न हुई। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं तथा समाज में सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने उत्तराखंड की देवभूमि के रूप में विशेष पहचान को रेखांकित करते हुए कहा कि यहां की धार्मिक आस्था पूरे देश को प्रेरित करती है। मंत्री ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और सभी श्रद्धालुओं के सुख-समृद्धि की कामना की।



धार्मिक आस्था

**देवभूमि के रूप में पहचान को रेखांकित करते हुए कहा कि यहां की धार्मिक आस्था पूरे देश को प्रेरित करती है**

## दो माह में अवैध खनन के 602 चालान

टीम एक्शन इंडिया

**शिमला। हिमाचल** प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उद्योग विभाग लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। विभाग के निदेशक डॉ. यूनुस ने रविवार को बताया कि जनवरी और फरवरी माह के दौरान प्रदेशभर में अवैध खनन के कुल 602 मामलों के चालान किए गए हैं, जिनमें से 233 मामलों में 17,09,020 रुपये का कम्पाउंडिंग शुल्क वसूला गया है। इसके अलावा, विभाग ने 22 फरवरी 2025 से विशेष अभियान शुरू किया है।

नवीनतम

**प्रशिक्षण के लिए आईडीटीआर रायबरेली को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में किया जा रहा विकसित**

## कर्मचारियों का प्रशिक्षण करा तकनीक से लैस करेगी योगी सरकार

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने पर विशेष जोर है। इस संदर्भ में समय-समय पर बैठक कर वे परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी देते हैं। विभागीय अधिकारी व कर्मचारी नवीनतम तकनीक से लैंस हों, इस पर भी उनका विशेष फोकस है। इसी क्रम में अब परिवहन विभाग के शीर्षस्थ अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का प्रशिक्षण कराकर उन्हें तकनीक से लैस भी किया जाएगा। इसके लिए इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर), रायबरेली को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। परिवहन आयुक्त ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) की अध्यक्षता में ट्रेनिंग सेल का गठन भी किया है। वहीं बस्ती के संभागीय परिवहन अधिकारी फरीउद्दीन को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का नोडल अधिकारी बनाया गया है।



**आरआई, पीटीओ, एआरटीओ, आरटीओ, डीटीसी, एटीसी समेत उच्च अधिकारियों का भी होगा प्रशिक्षण**

परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च (आईडीटीआर) रायबरेली को "सेंटर आफ एक्सीलेंस" के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रयास है कि प्रदेश के परिवहन अधिकारियों के लिये स्थायी एवं आधुनिक प्रशिक्षण प्रणाली स्थापित की जा सके। यहां विभागीय अधिकारियों को नवीनतम प्रौद्यौगिकी, डेटा आधारित नीति निर्माण, प्रवर्तन रणनीतियों और ई-गवर्नेंस आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां सभी स्तर के अधिकारियों (आरआई, पीटीओ, एआरटीओ, आरटीओ, डीटीसी, एटीसी) आदि के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित होंगे।